किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 3 अंकः 203 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 07 मई 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

हामिद करजई के एक बयान ने पाकिस्तान की अब्दाली, गजनवी और गौरी जैसी मिसाइलों की बत्ती बुझा दी!

नई दिल्लीः पाकिस्तान की 'मिसाइल डिप्लोमेसी' पर अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई के एक बयान ने तीखी चोट की है.

करजई ने न केवल पाकिस्तान की सैन्य मानसिकता पर सवाल उठाए, बल्कि यह भी बताया कि कैसे इस्लामाबाद इतिहास की गलत व्याख्या करके अपने पड़ोसियों के जख्मों पर नमक छिड़कता है. पाकिस्तान ने हाल ही में अपनी बैलिस्टिक मिसाइल 'अब्दाली' का परीक्षण किया है. पाकिस्तान के पास 'गजनवी' और 'गौरी' नाम की मिसाइलें भी हैं. इन तीनों नामों का संबंध उन ऐतिहासिक मुस्लिम आक्रांताओं से है, जिन्होंने मध्यकाल में अफगान क्षेत्र से भारत पर हमले किए थे. भले ही ये हमलावर अफगान इतिहास का हिस्सा हैं, लेकिन अफगानिस्तान इन्हें आक्रांता और आततायी के रूप में ही देखता है, न कि किसी महान सांस्कृतिक विरासत के प्रतिनिधि के तौर पर.

'अफगानों का उत्पीड़न कर रहा पाकिस्तान'

करजई ने इस बात पर नाराजगी जताई कि पाकिस्तान इन नामों का इस्तेमाल तो करता है, लेकिन वहां रहने वाले अफगानों के साथ उसका व्यवहार अपमानजनक और उत्पीड़न भरा है. उन्होंने ट्विटर पर कहा, 'पाकिस्तान को अपने वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संस्थानों का नाम महान अफगान हस्तियों के नाम पर रखना चाहिए, न कि उन हमलावरों के नाम पर जिन्होंने क्षेत्र में खून-खराबा फैलाया. अफगान पाकिस्तान से एक सभ्य और सम्मानजनक संबंध चाहता है, न कि ऐसे प्रतीकों के सहारे रिश्तों को बिगाड़ने की कोशिश.'
इस बयान के बाद पर प्रतिक्रियाओं का तांता लग गया. कई यूजर्स ने करजई की बात का समर्थन किया. एक यूजर ने कहा, 'बिल्कुल, अफगानिस्तान के गौरव और सम्मान का इस्तेमाल करने वाले को इसके लोगों का सम्मान और आदर भी करना चाहिए.' दूसरे ने कहा, 'पाकिस्तान अपने नीच और मानवता विरोधी कृत्यों को पाक अफगान हस्तियों से जोड़ता है और इस तरह अफगान नायकों को बदनाम और नकारात्मक रूप से पेश करना चाहता है.' करजई ने सीधे-सीधे पाकिस्तान की सरकार, वहां की सेना और क्रक(खुफिया एजेंसी) पर सवाल उठा दिया. करजई के बयान ने और पाकिस्तान के बीच तनाव को भी उजागर कर दिया.

'भारत का पानी भारत में ही बहेगा, 'भारत के ही काम आएगा'; पीएम मोदी की पाकिस्तान को दो टूक

पीएम नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना दो टूक कहा, 'पहले भारत के हक का पानी बाहर बहता था, अब भारत के हक का पानी भारत में बहेगा.'

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 'भारत का पानी भारत में ही बहेगा, भारत में ही काम आएगा'. एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में पीएम मोदी ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना भारत के सिंधु जल समझौते ठंडे बस्ते में डालने का जिक्र किया. उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, 'आजकल मीडिया में पानी की बड़ी चर्चा है...' इसपर वहां तालियां बजने लगीं तो पीएम ने कहा- सब समझ गए! इसके बाद मोदी ने खुले मंच से ऐलान किया, 'पहले भारत के हक का पानी भी बाहर जा रहा था. अब भारत का पानी भारत के हक में बहेगा. भारत के हक में रुकेगा और भारत के ही काम आएगा.'

'डेमोक्रेसी कैन डिलीवर', भारत को देख बोल रही दुनिया

पीएम ने कहा, 'पहले दस करोड़ ऐसे फर्जी लाभार्थी थे जिनका कभी जन्म नहीं हुआ और उन्हें पूरे ठाठ से सारी सुविधाएं मिल रहीं थीं. हमारी सरकार ने इन दस करोड़ फर्जी नामों को सिस्टम से हटाया. साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये से ज्यादा पैसा गलत हाथों में जाने से बचाया.'
पीएम मोदी ने कहा, 'मुझे ये बताते हुए खुशी है कि इंडिया-UK फ्री ट्रेड एग्रीमेंट अब फाइनल हो चुका है. विश्व की दो बड़ी और ओपन मार्केट इकोनॉमी के बीच ये समझौता दोनों देशों के विकास में एक नया अध्याय जोड़ेगा. इससे भारत में आर्थिक



गतिविधियों में तेजी आएगी. भारतीय व्यवसायों और MSMEs के लिए नए अवसरों के रास्ते खुलेंगे.'
मोदी ने कहा, 'हमारी सरकार ऐसी परिस्थिति में बनी थी जब सरकारों पर देशवासियों का विश्वास लगभग टूट चुका था. लोग सवाल उठाने लगे थे क्या लोकतंत्र और विकास साथ चल सकते हैं? आज जब कोई भारत को देखता है तो गर्व से कह सकता है Democracy Can Deliver' पीएम मोदी ने कहा, 'हम GDP सेंट्रिक अप्रोच के बजाय GEP केंद्रित प्रोग्रेस की तरफ बढ़ रहे हैं और जब मैं GEP कहता हूं तो इसका अर्थ है Gross Empowerment of People.. मतलब सबका सशक्तिकरण!'
पीएम ने बैंकिंग सेक्टर में आए बदलाव पर भी बात की. उन्होंने कहा, 'बैंकिंग सेक्टर इकॉनमी की रीढ़ है. पहले ऐसी कोई समिट नहीं होती थी जो बैंकों के घाटे की बात के बिना पूरी हो. बैंक 2014 से पहले बर्बाद होने की कगार पर थे, लेकिन आज भारत का बैंकिंग सेक्टर दुनिया के सबसे मजबूत सेक्टर में से एक है.'

'वोट बैंक की टेंशन नहीं, हमारे लिए नेशन फर्स्ट'

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार देशहित में फैसला लेने से नहीं डरती. उन्होंने कहा कि एक समय था जब कोई बड़ा कदम उठाने से पहले यह सोचा जाता था कि दुनिया क्या सोचेगी. पीएम ने कहा, '...वोट मिलेगा या नहीं मिलेगा, कुर्सी बचेगी या नहीं, कई स्वार्थों के कारण बड़े फैसले टलते जा रहे थे. कोई भी देश ऐसे आगे नहीं बढ़ सकता है.' मोदी ने कहा कि उनकी सरकार 'नेशन फर्स्ट' की भावना से फैसले करती है. पीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने कई ऐसे फैसले लिए हैं जो दशकों से लटके हुए थे. वे राजनीति इच्छाशक्ति की वजह से डिब्बों में बंद हो गए थे.'

बिहार के पांच शहरों में होगी युद्ध की मॉक ड्रिल

समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ भारत सरकार देश की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार सतर्कता बरत रही है। इसी कड़ी में 7 मई 2025 को देशभर के चिन्हित सिविल डिफेंस जिलों में एक व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इस अभ्यास को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 2 मई को एडवाइजरी जारी कर दी है। यह मॉक ड्रिल सिविल डिफेंस रूल्स, 1968 के तहत किया जाएगा, जिसका मकसद युद्ध जैसे हालात में नागरिकों और आपात सेवाओं की तत्परता को परखना है। इस अभ्यास में बिहार के पांच प्रमुख शहरों को शामिल किया गया है, जिनमें पटना, बरौनी, कटिहार, पूर्णिया और बेगूसराय शामिल हैं। इनमें से बेगूसराय को श्रेणी 3 में रखा गया है जबकि शेष चार शहर श्रेणी 2 में शामिल किए गए हैं। श्रेणियों के अनुसार, शहरों में मॉक ड्रिल की तीव्रता और व्यापकता निर्धारित की जाएगी। इन शहरों में युद्ध जैसी परिस्थितियों का सजीव प्रदर्शन किया जाएगा ताकि लोगों में जागरूकता और प्रतिक्रिया क्षमता विकसित हो सके। 7 मई को होने वाले इस मॉक ड्रिल में वास्तविक युद्ध जैसे हालात उत्पन्न किए जाएंगे। इसमें हवाई हमले के सायरन बजाए जाएंगे, शहरों की बिजली कुछ समय के लिए काट दी जाएगी और नागरिकों को नजदीकी शरण स्थलों की ओर ले जाया जाएगा। इस दौरान आम लोगों को गिरकर छिपने की तकनीक, प्राथमिक उपचार और मानसिक स्थिति को संभालने की जानकारी भी दी जाएगी। इसके अलावा सामरिक महत्त्व

की इमारतों को ढकने और सैटेलाइट से छुपाने जैसी गतिविधियाँ भी अभ्यास का हिस्सा होंगी। इस राष्ट्रीय मॉक ड्रिल में सिविल डिफेंस वार्डन, होम गाड्र्स, एनसीसी (नेशनल कैडेट कोर), एनएसएस (नेशनल सर्विस स्कीम), नेहरू युवा केंद्र संगठन और स्कूल-कॉलेजों के छात्र शामिल होंगे। आपातकालीन सेवाओं की तत्परता को जांचने के लिए उन्हें सक्रिय रखा जाएगा। साथ ही, स्थानीय प्रशासन की भूमिका भी इस ड्रिल में बेहद अहम होगी। ड्रिल के दौरान यह देखा जाएगा कि आपात स्थिति में प्रशासन कितनी जल्दी और प्रभावी तरीके से प्रतिक्रिया देता है।
इस अभियान का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि लोगों को आत्मरक्षा और त्वरित प्रतिक्रिया के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए स्कूलों, कार्यालयों और समुदाय केंद्रों में विशेष वर्कशॉप्स आयोजित की जाएंगी। इन वर्कशॉप्स में नागरिकों को यह सिखाया जाएगा कि हवाई हमले के दौरान कैसे सतर्क रहें, कहां छिपें, और घायलों की मदद कैसे करें। इस मॉक ड्रिल में एक विशेष अभ्यास होगा, जिसमें रात के समय बिजली बंद कर दी जाएगी। यह तकनीक आखिरी बार 1971 के बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान इस्तेमाल की गई थी, ताकि हवाई हमले से शहरों को सुरक्षित रखा जा सके। इसके अलावा, सामरिक इमारतों जैसे मिलिट्री बेस, संचार टावर और पावर प्लांट को ढंकने की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। गृह मंत्रालय द्वारा निर्देशित यह मॉक ड्रिल न केवल नागरिक सुरक्षा प्रणाली की तैयारियों को परखेगा, बल्कि आम लोगों में जागरूकता और आत्मनिर्भरता की भावना को भी मजबूत करेगा। बिहार के शहरों में इस अभ्यास को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं और प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपील की है ताकि अभ्यास सफल और प्रभावी हो सके।

डीपीएस द्वारका के खिलाफ कैम्ब्रिज पाठ्यक्रम में शिक्षा मानकों एवं भूमि आवंटन शर्तों के उल्लंघन के मामले की शिकायत दर्ज

दैनिक समाज जागरण

नई दिल्ली, 6 मई 2025 आज दिल्ली पब्लिक स्कूल, द्वारका (स्कूल आईडीः 1821185) के खिलाफ शिक्षा निदेशालय , एनसीटी दिल्ली सरकार, सीबीएसई, डीडीए और एनसीपी सीआर को एक औपचारिक शिकायत सौंपी गई है। शिकायत में स्कूल पर दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम एवं नियमावली, 1973 (DSEAR) के प्रावधानों के उल्लंघन और सरकारी भूमि आवंटन से जुड़ी प्रमुख शर्तों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है।
यह शिकायत श्री महेश मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय युवा चेतना मंच, भारत और सचिव, फेडरेशन ऑफ साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर फोरम, नई दिल्ली द्वारा की गई है, जिसमें दो गंभीर आरोप लगाए गए हैं कि स्कूल द्वारा सीबीएसई के साथ-साथ अलग कक्षाओं में कैम्ब्रिज (IGCSE) पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है।
1. बिना अनुमति फीस वृद्धिः ऐसा आरोप है कि स्कूल ने कैम्ब्रिज पाठ्यक्रम की अलग कक्षाओं में अंतरराष्ट्रीय पाठ्यक्रम के नाम पर बिना शिक्षा निदेशालय की पूर्व स्वीकृति के फीस बढ़ा दी है। यह सरकारी भूमि पर स्थापित स्कूलों के लिए लागू फीस विनियमन मानदंडों का स्पष्ट उल्लंघन है।
2. भूमि आवंटन शर्तों का पालन न करनाः शिकायत में यह भी कहा गया है कि कैम्ब्रिज पाठ्यक्रम की अलग कक्षाओं में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को मुफ्त या रियायती शिक्षा देने की अनिवार्य शर्तों का पालन नहीं किया गया है, जो कि जनहित के प्रावधानों की अवहेलना है।
श्री मिश्रा ने निदेशालय से अनुरोध किया है कि वह इस शिकायत पर तुरंत संज्ञान लें, स्कूल की कार्यप्रणाली की जांच शुरू करें और पारदर्शिता एवं निगरानी हेतु एक शिकायत डायरी नंबर जारी करें।
अपने बयान में श्री मिश्रा ने कहाः
"DSEAR रूपरेखा जनहित की रक्षा करने और सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है। यदि कोई संस्था सार्वजनिक भूमि का लाभ उठाकर उसका दुरुपयोग कर रही है, तो उसे अवश्य जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।"

युवाओं के लिए अपना स्वरोजगार स्थापित करना हुआ और भी आसान

उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना के तहत दे रही है 5 लाख रुपए का ऋण

गौतम बुद्ध नगर, 06 मई 2025ः उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 21 से 40 वर्ष तक के युवक-युवतियों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना संचालित की जा रही है, जिसके तहत युवाओं को 5 लाख रुपए तक का लोन बिना किसी गारंटी एवं बिना ब्याज के दिया जा रहा है। उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत कल दिनांक 07 मई 2025 को सुबह 11:00 से केनरा बैंक चिटहैरा गांव में अधिक से अधिक युवाओं को योजना में आवेदन करने हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक पात्र व्यक्ति आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, बैंक की पासबुक तथा पासपोर्ट साइज फोटो के साथ आयोजित होने वाले शिविर में उपस्थित होकर योजना में अपना आवेदन करा सकते हैं।

चौधरी अजीत सिंह की चौथी पुण्य स्मृति पर शोक सभा का हुआ आयोजन।

कानपुर विशेष संवाददाता। राष्ट्रीय लोकदल कानपुर देहात के जिला अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने अपने स्वास्थ्य ठीक ना होने के कारण

किसान नेता चौधरी अजीत सिंह की चौथी पुण्य स्मृति पर शोक सभा का आयोजन अपने निज निवास पर श्रद्धा सुमन अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि चौधरी अजीत सिंह अपना संपूर्ण जीवन किसानों के हितो में समर्पित करते हुए जिया वह चार बार केंद्र सरकार में मंत्री रहे तथा बेदाग जीवन जिया आज वह हमारे बीच नहीं है परंतु उनके द्वारा बनाई गई नीतियां हमारा मार्ग प्रशस्त कर रही है और हमें आगे बढ़ा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में यदि कोई योग्य नेता की जरूरत पड़ती थी तो सबसे पहले चौधरी अजीत सिंह का ही नाम आता था। उनकी सरलता सौम्यता एवं बेदाग छवि हमेशा हमें प्रेरित करती है, पार्टी हमेशा उनकी पुण्य स्मृति को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला प्रमुख महासचिव अरुण कुमार अवस्थी (एडवोकेट), शिवाकांत तिवारी,संतोष यादव, विक्रांत पाठक, संदीप शुक्ला, रामनिवास यादव, आनंद सिंह राजावत, रिंकू सिंह भदौरिया आदि लोग उपस्थित रहे।

अन्य राज्यों के फरियादियों को भी योगी पर यकीन

नजीर बना सीएम योगी का 'जनता दर्शन', पहुंचे अन्य राज्यों के भी फरियादी

समाज जागरण

लखनऊ, 6 मईः हैलो, मैं माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के कार्यालय से बोल रहा हूं। आपके प्रदेश के एक नागरिक अपनी समस्या लेकर यहां आए हैं। यह आपसे मिलेंगे। कृपया इनकी समस्या का समाधान कराने का कष्ट करें। उत्तर प्रदेश के बाहर के राज्यों के अधिकारियों के पास प्रायः ऐसे फोन यहां से किए जाते हैं, क्योंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'जनता दर्शन' में न सिर्फ उत्तर प्रदेश, बल्कि अन्य राज्यों के पीड़ित भी निरंतर पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 'जनता दर्शन' में हर पीड़ित के पास स्वयं पहुंचते हैं। उनकी समस्या सुनते हैं और निराकरण के लिए संबंधित राज्य से संपर्क स्थापित करने का आदेश अपने कार्यालय को देते हैं।

अक्टूबर 2024 से अप्रैल 2025 के बीच यूपी के बाहर के 65 फरियादी 'जनता दर्शन' व प्रवास के दौरान योगी आदित्यनाथ से मिले। इन सभी की शिकायत उनके गृहराज्य के आलाधिकारियों तक पहुंचाई गई। ऐसी कार्रवाई की बदौलत ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'जनता दर्शन' नजीर बन गया है। अन्य राज्यों के नागरिक भी मानते हैं योगी हैं तो यकीन है। समाधान पाकर खिले चेहरे सीएम योगी का धन्यवाद करने भी आते हैं।

सात महीने में आए 65 फरियादी

सर्वविदित है कि उत्तर प्रदेश के पीड़ितों की समस्याओं को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समय-समय पर जनता दर्शन करते हैं। वे पीड़ितों की समस्या को सुनते हैं और निराकरण कराते हैं। प्रार्थना पत्रों पर सीएम योगी की कार्रवाई नजीर बनती है। योगी आदित्यनाथ लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर समय-समय पर स्वयं जनता दर्शन करते हैं। साथ ही गोरखपुर प्रवास के दौरान प्रतिदिन जनता से मुखातिब होते हैं। उनकी दिनचर्या ही जनता से मिलने से प्रारंभ होती है। पिछले साढ़े छह महीने में बिहार, तेलंगाना, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, असम समेत कई राज्यों के 65 फरियादी जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुखातिब हुए। मुख्यमंत्री ने इनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए संबंधित राज्यों तक इसे प्रेषित कराया।

उत्तराखंड दौरे पर भी सीएम योगी के पास आए कई प्रार्थना पत्र

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फरवरी के प्रथम सप्ताह में उत्तराखंड दौरे पर गए थे। वहां पौड़ी गढ़वाल के विथ्याणी गांव के पूर्व सैनिक महेंद्र सिंह नेगी ने सीएम को प्रार्थना पत्र सौंपा। ठांगर ग्राम पंचायत में एएनएम सेंटर के उच्चीकरण संबंधी पत्र भी सीएम को सौंपा गया। उत्तराखंड की ही रुचि ने चिकित्सा संबंधी आर्थिक सहायता की गुहार लगाते हुए सीएम योगी को पत्र सौंपा। यमकेश्वर विकास खंड के एक मंदिर समिति के अध्यक्ष रूपचंद्र लखेड़ा ने सीएम योगी को सड़क निर्माण कराने के लिए प्रार्थना पत्र सौंपा। सीएम ने सभी प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए उत्तराखंड प्रशासन को पत्र प्रेषित कर पीड़ितों को न्याय दिलाने का आग्रह किया।

फीस माफी, चिकित्सा, पुलिस, पढ़ाई में मदद, मंदिर निर्माण, पैतृक विवाद संबंधी कई फरियाद पहुंची सीएम के पास

सीएम योगी के पास फीस माफी, चिकित्सा, पुलिस, पढ़ाई में मदद, मंदिर निर्माण, पैतृक विवाद संबंधी कई फरियाद पहुंची। मध्य प्रदेश के सीधी के राजगढ़ कोठार की प्रीतू साहू ने गंभीर बीमारी के इलाज के लिए गुहार लगाई। बिहार के पश्चिमी चंपारण के माधोपुर प्रखंड की प्रियम प्रीति ने राहत कोष से सहायता राशि दिलाने का अनुरोध किया। इसके अलावा ओडिशा, बिहार से मंदिर जीर्णोद्धार, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा आदि राज्यों से भी आए लोगों की शिकायतों को सीएम योगी ने सुना। छात्रा निष्ठा साहनी ने राजस्थान में फीस माफी के लिए भी गुहार लगाई।

माकटेल से माकड्रिल तक की नौबत

आज की पीढी के लिए 'माकटेल' तो जाना पहचाना शब्द है किन्तु माकड्रिल और नौबत के बारे में शायद ही उसे पता हो. हम उस पीढी के लोग हैं जिन्होने माकड्रिल भी देखी है. हमने नौबत बजते भी देखी है और नौबत को आते जाते भी देखा है. 7मयी को माकड्रिल की नौबत पूरे 54 साल बाद आई है.

माकड्रिल का मतलब होता है छद्म अभ्यास. युद्ध के समय हवाई हमलों की पूर्व सूचना देने के लिए तेज आवाज में सायरन बजाकर जनता से सुरक्षित स्थानों में छिपने, ब्लैक आउट करने का अभ्यास कराया जाता है. पुराने जमाने में जब कल कारखाने बहुत थे तब हर शहर में कर्मचारियों को उनकी पाली शिफ्ट)की सूचना देने के लिए सायरन बजाए जाते थे. श्रमिक क्षेत्रों के अलावा मुख्य शहर के केंद्र में ऐसे सायरन बजाए जाते थे. युद्ध के सय भी इनका इस्तेमाल खतरे की सूचना देने के लिए किया जाता था.

हमने युद्ध के समय आखरी बार सायरन54साल पहले 1974में सुना था, लेकिन हमारे शहर में श्रमिकों के लिए सायरन 1992तक बजता रहा. ग्वालियर के हृदय स्थल महाराज बाडा पर वर्षों तक 10.30 बजे सायरन बजता था. इस सायरन का इस्तेमाल 30जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर 11बजे दो मिनिट का मौन धारण करने के लिए बजाया जाता था.

अब अगर 7 मई 2025 को आपके शहर में अचानक कोई तेज और डरावनी सायरन की आवाज सुनाई दे तो घबराएं नहीं, यह कोई आपात स्थिति नहीं, बल्कि एक मॉक ड्रिल यानी युद्ध जैसी स्थिति की तैयारी का अभ्यास है. इस दौरान एक जंग वाला सायरन बजेगा, ताकि लोगों को

बताया जा सके कि युद्ध या हवाई हमले जैसी स्थिति में क्या करना होता है?

जैसा कि मैने पहले ही बताया कि 1971 की जंग के बाद यह पहली बार है कि भारत सरकार ने ऐसा मॉक ड्रिल करने का आदेश दिया है.22अप्रैल को पहलगाम में 26लोगों की नृशंस हत्या के बाद एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की आहटें सुनाई दे रहीं हैं.ऐसे में आपके लिए यह जानना जरूरी है कि ये सायरन आखिर होता क्या है? कहां लगाए जाते हैं? इनकी आवाज कैसी होती है? कितनी दूरी तक सुनाई देती है? और जब ये बजता है तो लोगों को क्या करना चाहिए?

जंग वाला सायरन आमतौर पर प्रशासनिक भवनों, पुलिस मुख्यालय, फायर स्टेशन, सैन्य ठिकानों और शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में ऊंचाई पर लगाए जाते हैं. इनका मकसद कि सायरन की आवाज ज्यादा से ज्यादा दूर तक पहुचाना है

जंग वाला सायरन दरअसल एक तेज आवाज वाला वॉर्निंग सिस्टम होता है. यह युद्ध, एयर स्ट्राइक या आपदा जैसी आपात स्थिति की सूचना देता है. इसकी आवाज में एक लगातार ऊंचा-नीचा होता हुआ कंपन होता है, जिससे यह आम हॉर्न या एंबुलेंस की आवाज से बिल्कुल अलग पहचाना जा सके.

देश में 1971के बाद पैदा हुई पीढी के लिए माकड्रिल और सायरन की आवाज एक अनूठा अनुभव होगा. ऐसे अनुभव यूक्रेन, फिलिस्तीन, रुस और इजराइल के लोगों को बहुत हैंक्योंकि ये देश युद्धरत देश हैं किंतु शांतिप्रिय देशों की जनता के लिए ये अनुभव भयावह और चौंकाने वाले भी हो सकते हैं.

भारत ने 2019 में पुलवामा के बाद जम्मू-कश्मीर में हुए सबसे भीषण हमले को लेकर भारत किसी को बख्शने वाला नहीं है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से मुलाकात की. अटकलें लगाई जा रही हैं कि नई दिल्लीअब पाकिस्तान को पहलगाम हत्याकांड का जबाब देने की तैयारी कर चुकी है इसीलिए नौबत माकड्रिल तक आई है.

अब आप नौबत के बारे में जान ही लीजिये. नौबत का एक अर्थ पारी, समय, बेला होता है तो एक अर्थ मंगल ध्वनि भी होता है. एक जमाने में राजा महाराजाओं के आवास महल, किले की ड्योढी यानि दरवाजे के बाहर सुबह सुब ढोल, नगाडे और शहनाई बजती थी, इसे भी नौबत बजाना कहा जाता था.

@राकेश अचल

मिलेंगे खयालात...!

ये मत सोचा करो कि मिलेंगे खयालात,
उन्हें पास आने दो हम पूछेंगे सवालात।
बस एक बार दोस्ती का हाथ ही बढ़ाना,
कोई नहीं चाहेगा तुम्हें सूली पर चढ़ाना।
यूँ हमने कभी-भी ना सीखा लड़खड़ाना,
तेरी शोखी ने किया है मेरा दिल दीवाना।

ये मत सोचा करो कि मिलेंगे खयालात,
उन्हें पास आने दो हम पूछेंगे सवालात।
इतना भी तो जालिम नहीं हैं ये जमाना,
उन घूरती नजरों का कोई नहीं ठिकाना।
तुम हो इतनी हँसी कैसे हो नजरें चुराना,
वे ढूँढा करते हैं तुमसे मिलने का बहाना।

ये मत सोचा करो कि मिलेंगे खयालात,
उन्हें पास आने दो हम पूछेंगे सवालात।
अब पता नहीं कब नजरें होंगी इनायत,
मैं राह तकता हूँ तेरी करता हूँ जियारत।
इतना तड़पा के भी क्या मजा आता हैं,
दिल मेरा तेरी रुसवाई से बैठा जाता हैं।

संजय एम तराणेकर

डरना मत जब 7 मई को बजे युद्ध वाला सायरन

7 मई को तेज सायरन सुनें तो घबराएं नहीं, यह मॉक ड्रिल है.

7 मई को मॉक ड्रिल के तहत युद्ध का सायरन बज सकता है. यह सायरन प्रशासनिक भवनों, पुलिस मुख्यालय, फायर स्टेशन पर लगाए जाते हैं. सायरन की आवाज 2-5 किलोमीटर तक सुनाई दे सकती है.

अगर 7 मई को अचानक कोई तेज और डरावनी सायरन की आवाज सुनें तो घबराएं नहीं. यह कोई आपात स्थिति नहीं, बल्कि एक मॉक ड्रिल यानी युद्ध जैसी स्थिति की तैयारी का अभ्यास है. इस दौरान एक ह्यजंग वाला सायरनह्ल बजेगा, ताकि लोगों को बताया जा सके कि युद्ध या हवाई हमले जैसी स्थिति में क्या करना होता है?

1971 की जंग के बाद यह पहली बार है कि भारत सरकार ने ऐसा मॉक ड्रिल करने का आदेश दिया है.

ऐसे में आपके लिए यह जानना जरूरी है कि ये सायरन आखिर होता क्या है? कहां लगाए जाते हैं? इनकी आवाज कैसी होती है? कितनी दूरी तक सुनाई देती है? और जब ये बजता है तो लोगों को क्या करना चाहिए?
यहां आपको इन सभी सवालों के जवाब मिल जाएंगे.

जंग वाला सायरन कहां लगाया जाता है?

ये सायरन आमतौर पर प्रशासनिक भवनों, पुलिस मुख्यालय, फायर स्टेशन, सैन्य ठिकानों और शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में ऊंचाई पर लगाए जाते हैं. इनका मकसद कि सायरन की आवाज ज्यादा से ज्यादा दूर तक पहुचाना होता है. दिल्ली-नोएडा जैसे बड़े शहरों में इन्हें खासतौर पर संवेदनशील इलाकों में लगाया जा सकता है. देश के हर शहर में इसे लगाया जा सकता है.

युद्ध वाला सायरन होता कैसा है?
ह्लजंग वाला सायरनह्ल दरअसल एक तेज आवाज वाला वॉर्निंग सिस्टम होता है. यह युद्ध, एयर स्ट्राइक या आपदा जैसी आपात स्थिति की सूचना देता है. इसकी आवाज में एक लगातार ऊंचा-नीचा होता हुआ कंपन होता है, जिससे यह आम हॉर्न या एंबुलेंस की आवाज से बिल्कुल अलग पहचाना जा सके ।

इसकी आवाज कैसी होती है, और कितनी दूर तक जाती है?
जंग वाले सायरन की आवाज बेहद तेज होती है. आमतौर पर यह 2-5 किलोमीटर की रेंज तक सुनाई दे सकती है. आवाज में एक साइक्लीक पैटर्न होता है. यानी यह धीरे-धीरे तेज होती है, फिर घटती है और ये क्रम कुछ मिनटों तक चलता है. एंबुलेंस का सायरन जहां 110-120 डेसिबल की आवाज करता है, वहीं जंग वाला सायरन 120-140 डेसिबल की आवाज करता है.

भारत में पहले कब बजा था जंग वाला सायरन?
भारत में जंग वाले सायरन का उपयोग 1962 के चीन युद्ध, 1965 और 1971 के भारत-पाकिस्तान जंग के दौरान किया गया था. उस समय ये सायरन विशेष रूप से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और अमृतसर जैसे शहरों में लगाए गए थे. इसके अलावा कारगिल युद्ध के दौरान बॉर्डर से लगे इलाकों में इनका उपयोग किया गया था.

जब सायरन बजे तो क्या करें?
सायरन बजने का मतलब है कि लोग तुरंत सुरक्षित स्थानों की ओर रवाना हों. लेकिन मॉक ड्रिल के दौरान आप पैनिक न हों. सिर्फ खुले इलाकों से हट जाएं. घरों या सुरक्षित इमारतों के अंदर जाएं. टीवी, रेडियो और सरकारी अलर्ट्स पर ध्यान दें. अफवाहों से बचें और प्रशासन के निदेर्शों का पालन करें.

कितनी देर में जगह खाली करनी होती है
असली युद्ध जैसे हालात में पहले सायरन से लेकर 5 से 10 मिनट के अंदर सुरक्षित स्थान तक पहुंचना होता है. यही कारण है कि मॉक ड्रिल की मदद से लोगों को सिखाया जाता है कि कैसे जल्दी और शांतिपूर्वक बाहर निकलें।

रंजीत तिवारी

ट्रंप का फिल्मों पर टैरिफ एक अतार्किक प्रस्ताव

अमेरिकी राष्ट्रपति का विदेशी फिल्मों पर 100% टैरिफ लागू करने का निर्णय, क्या इससे हॉलीवुड की वैश्विक शक्ति कमजोर होगी?
अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने वैश्विक वस्तु व्यापार को लेकर टैरिफ की जंग इस अनुमान के आधार पर शुरू की थी कि अधिकांश देशों के साथ भारी घाटे के चलते अमेरिका को नुकसान हो रहा है और संरक्षणवादी शुल्क निवेश और रोजगार को अमेरिका में वापस लाएंगे। अधिकांश अर्थशास्त्री यही कहते आए हैं कि इस मामले में उनके तर्क पूरी तरह गलत हैं।

परंतु अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा विदेश में बनी फिल्मों पर 100 फीसदी टैरिफ लागू करने का निर्णय पूरी तरह अतार्किक है और यह साबित करने के लिए किसी अकादमिक विशेषज्ञता की आवश्यकता नहीं है। शायद ट्रंप को लगता है कि अमेरिकी फिल्म उद्योग ह्यनष्टह्ल हो चुका है और उन्होंने अपने ह्यहॉलीवुड के तीन विशेष दूतोंह्ल में से एक जॉन वोइट (अन्य दो हैं मेल गिब्सन और सिल्वेस्टर स्टोन) के कहने पर यह कदम उठाया है ताकि दुनिया भर में सबसे चर्चित अमेरिकी फिल्म केंद्र में कारोबारी अवसरों को बढ़ाया जा सके।

पहली बात तो यह कि फिल्में सेवा क्षेत्र में आती हैं इसलिए इस कदम को सेवा क्षेत्र में टैरिफ के विस्तार का संकेत माना जा रहा है। ऐसा करने की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। फिल्मों के क्षेत्र में अमेरिका निरंतर व्यापार अधिशेष की स्थिति में रहा है। ताजा आंकड़े वर्ष 2023 के उपलब्ध हैं और उनके मुताबिक उस वर्ष अमेरिका को फिल्मों के मामले

में 15.3 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष हासिल था।

जिस तरह अमेरिका ने अपने प्रमुख कारोबारी साझेदारों के साथ वस्तु व्यापार की जंग शुरू की है, यह कदम भी जवाबी प्रतिबंधों की वजह बन सकता है और इस तरह हॉलीवुड को नुकसान पहुंचा सकता है। इस उद्योग को अपना अधिकांश बॉक्स ऑफिस राजस्व विदेश से मिलता है। वर्ष 2024 में 30 अरब डॉलर मूल्य की वैश्विक टिकट बिक्री का 70 फीसदी हिस्सा अमेरिका और कनाडा के बाहर से आया। ऐसा करके ट्रंप अमेरिका की सॉफ्ट पॉवर को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। ट्रंप की अन्य ब्लॉकबस्टर घोषणाओं की तरह इस बार भी जवाबों से ज्यादा सवाल सामने हैं। क्या यह नियम उन फिल्मों पर भी लागू होगा जिन्हें अमेरिकी फिल्म कंपनियों ने अमेरिका के बाहर दूसरे देशों में शूट किया है?

क्या यह नेटफ्लिक्स जैसी स्ट्रीमिंग सेवाओं पर भी लागू होगा जिसके शेयर सोमवार को अन्य फिल्म प्रोडक्शन हाउस के शेयरों की तरह ही टूट गए? इस मामले में दरों का आकलन किस प्रकार किया जाएगा? वैसे तो प्रशासन में किसी के पास इन बातों का कोई जवाब नहीं नजर आ रहा है लेकिन यह ट्रंप की पारंपरिक शैली के अनुरूप ही है जिसमें उन्होंने कहा कि वह उद्योग जगत के अधिकारियों से मिलकर देखेंगे कि उनको यह विचार पसंद आया या नहीं?

मेक हॉलीवुड ग्रेट अगेन की भावना ट्रंप की उन्हीं चिंताओं से उत्पन्न हुई है जो उन्होंने विनिर्माण को लेकर प्रकट की हैः यानी उत्पादन संबंधित सेवाओं की नौकरियां जो विदेश में जा चुकी हैं। तथ्य यह है कि अमेरिकी फिल्मकार करीब एक दशक से अमेरिका से बाहर जा रहे हैं क्योंकि कैलिफोर्निया में फिल्म बनाना बहुत महंगा हो गया है। यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और कनाडा किफायती फिल्म निर्माण केंद्र के रूप में उभरे हैं। अमेरिकी फिल्म उद्योग लंबे समय से यह मांग कर रहा है कि लागत कम करने के लिए फेडरल कर प्रोत्साहन दिए जाएं क्योंकि प्रतिस्पर्धी देशों में यह सुविधा उपलब्ध है।

इन बाधाओं के बावजूद अमेरिका फिल्म और टीवी के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश बना हुआ है। भारतीय और चीनी उद्योग बड़े हो सकते हैं लेकिन उनके दर्शक मुख्य रूप से स्थानीय ही हैं। भारतीय फिल्मों के बॉक्स ऑफिस संग्रह में अमेरिका से होने वाली आय केवल 5-7 फीसदी ही है, जबकि अमेरिका में शीर्ष 10 कमाई वाली सभी फिल्में अमेरिकी हैं। दुनिया की 100 शीर्ष रेटिंग वाली फिल्मों में से करीब 90 हॉलीवुड की हैं। दूसरे शब्दों में हॉलीवुड पहले ही बहुत बड़ा है, उसे महान बनने के लिए किसी टैरिफ संरक्षण की आवश्यकता नहीं है।

आतंकवाद पर बड़ा प्रहार।

पाकिस्तान के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा भी महत्वपूर्ण।

भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश होने के साथ-साथ शांति सौहार्द्र और गुटनिरपेक्षता का पक्षधर रहा है पर वर्तमान में जब पाक समर्थित आतंकियों द्वारा पहलगाम में 27 निर्दोष भारतीयों की निर्मम हत्या कर दी गई है,भारत का यह देशवासियों के प्रति बनता है कि देशवासियों की रक्षा करे और उन आतंवादियों और उनको पनाह देने वाले व्यक्ति और देश को समूल नष्ट करे। भारत यदि पाकिस्तान पर हमला कर युध्य करता है तो यह भारत की तरफ से आक्रमण नही आत्म-सुरक्षात्मक आवश्यक कदम होगा,फिर यदि उसमे आतंकवादी मरें या कोई देश नेस्तनाबूद हो भारत को बिल्कुल भी फिक्र करने की जरा भी जरूरत नही है।

भारत संप्रभुता एकता तथा अखंडता का वैश्विक स्वच्छ एवं साफ-सुथरी छवि वाला एकमात्र बड़ा लोकतांत्रिक देश है। अमेरिका में भी लोकतंत्र है पर वहां पूंजीवादी व्यवस्था तथा व्यापक व्यवसायीकरण ने अनेक राष्ट्रों को विस्तार वादी तथा साम्राज्यवादी मानसिकता का बना दिया है। अमेरिका की शक्ति संपन्नता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे एक असंवेदनहीन,लोकतांत्रिक एवं निरंकुश राष्ट्र के रूप में स्थापित कर चुकी है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अमेरिका और विभिन्न काल खंडों में अलग-अलग देशों को एक दूसरे से युद्ध करने के उकसाने के लिए बदनाम रहा है, और उसकी इस इस कूटनीति का सबसे बड़े एवं तात्कालिक उदाहरण अफगानिस्तान में तालिबान आतंकवादियों का कब्जा एवं और रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन अमेरिकी तथा अमेरकी समर्थित नैटो एवं यूरोपीय देशों की भूमिका ही रही है। इसी तरह इसराइल हमास युद्ध में इसराइल को खुला समर्थन देकर अमेरिका ने विस्तारवाद तथा साम्राज्यवाद की आग को हवा देने का काम किया है और लगभग चारों देशो के लाखों लोगों की जान को जिंदगी से वंचित कर दिया है। भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश होने के साथ-साथ शांति सौहार्द्र और गुटनिरपेक्षता का पक्षधर रहा है।

भारत देश में सदैव वैश्विक शांति का संदेश ही दिया है, यह अलग बात है कि भारत में धार्मिक सामाजिक आर्थिक विविधता विषमता के कारण अंदरूनी विवादों तथा आतंकवादी गतिविधियों के कारण अशांत रहने पर मजबूर किया है। भारत की आंतरिक सुरक्षा भी पिछले 20 वर्षों से अलग-अलग शहरों यहां तक संसद भवन के हमलों और कश्मीर में विभिन्न समय तथा स्थानों पर आतंकवादी हमलों ने भारत की आंतरिक व्यवस्था में उथल-पुथल मचाने का प्रयास किया है, भारत की शक्ति और सामर्थ्य इतनी सक्षम है कि आतंकवादियों के हमलों का भारत सरकार ने समय-समय पर मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। पठानकोट और पुलवामा हमले इसके सबसे सशक्त और सक्षम मामले हैं जहां भारत ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया है। जम्मू कश्मीर में भी छुटपुट घटनाओं के अलावा स्वतंत्रता के बाद से शांति का माहौल स्थापित हुआ है। जहां तक भारत की सीमा के विवाद का प्रश्न है तो भारत भौगोलिक रूप से एशिया के दक्षिणी भाग में स्थित है और भारत की सीमाएं 7 जिनमें चीन, नेपाल, म्यानमार ,भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान देश शामिल हैं। भारत सदैव अपने पड़ोसियों से शांति के संबंध स्थापित रखना चाहता है। भारत की विदेश नीति गुटनिरपेक्ष एवं शांति, सद्भावना की रही है। भारत के साथ पड़ोसी देशों में भूटान,बांग्लादेश श्रीलंका ,मालदीव ,सदैव भारत के साथ मित्रवत रहे हैं किंतु चीन तथा पाकिस्तान ने हमेशा भारत के हितों का नुकसान की चाहा है भूटान, बांग्लादेश, और बांग्लादेश ने भारत से अपने संबंध अपने हितों से जोड़कर कई संधियों में हस्ताक्षर किए ,जिसके कारण दोनों देशों ने मिलकर कई पावर प्लांट, पावर ट्रांसमिशन लाइन,1 बंदरगाह की विकास रेल लाइन निर्माण आदि में एक दूसरे का साथ दिया है पर आज बांग्लादेश भारत का बड़ा दुश्मन बन चुका है, मालदीव एक एसा देश है जिसका दक्षिण तथा अरब सागर में सामरिक महत्व है, इसलिए भारत के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। चीन पाकिस्तान के अलावा नेपाल से भी भारत के संबंध बहुत मधुर कभी नहीं रहे हैं नेपाल में चीन तथा पाकिस्तान के हस्तक्षेप के कारण नेपाल भारत की आलोचना करता आया है। पाकिस्तान का इस्लामिक कट्टरपंथ एवं वहां की सेना तथा पाकिस्तानी शासन के हुक्मरान भारत को अपना दुश्मन नंबर एक मानते हैं। भारत का नेपाल के साथ सीमा विवाद है जिसके चलते नेपाल का नजरिया भारत के प्रति बदलता गया है। भारत और चीन के संबंध 1962 के बाद से सभी सामान्य नहीं रहे हैं। लाइन आफ एक्चुअल कंट्रोल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश तथा लद्दाख में सदैव अतिक्रमण किया है और भारत का चीन से डोकलाम, पपेंगांग, गलवान क्षेत्रों में सैनिक स्तर का विवाद होता रहा है और एलएसी पर चीन और भारत में बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया है। इसी बात में अमेरिका भारत के साथ है किंतु रूस इस मामले में निरपेक्ष नीति अपनाए हुए हैं। यह अलग बात है कि अमेरिका भारत का स्वतंत्रता के बाद से तभी सहयोगी मित्र नहीं रहा है और रूस ने परंपरागत रूप से अपनी मित्रता भारत के साथ अलग-अलग घटनाओं तथा युद्धों में साबित की है। यह तो तय है कि भारत में आतंकी गतिविधियां आंतरिक सुरक्षा के लिए हमेशा खतरा बनी हुई थी और है। इसके अलावा एल ए सी तथा एलओसी में चीन तथा पाकिस्तान जैसे देशों से हमें मुकाबला करना होगा। पाकिस्तान दिवालिया होने की कगार पर है पर चीन की मदद तथा उकसावे के कारण पाकिस्तान भारत को एक बड़ा दुश्मन मानती है। वैसे तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार की सभी देशों से अच्छी मित्रता है एवं भारत को शांति का पक्षधर माना जाता है किंतु रूस यूक्रेन युद्ध में यह बात एकदम स्पष्ट उभर कर आई है कि किसी भी युद्ध में देश को अपनी सुरक्षा खुद की शक्ति एवं सामर्थ्य से करनी होगी। अमेरिका जैसे देश बाहर से तमाशा देखने वाले देशों में माने जाते हैं। अतः भारत को अपनी आंतरिक तथा सीमा की सुरक्षा स्वयं के शक्ति तथा सामर्थ से ही करनी होगी एवं हमेशा सतर्कता बरतनी होगी।

संजीव ठाकुर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

पाप कर्म करने वाले को भी निश्चित दण्ड मिलता है

पंडित राजेश अग्निहोत्री भागवताचार्य।

कर्मों की अभिव्यक्ति ही भाग्य है - पंडित राजेश अग्निहोत्री भागवताचार्य। बिना रुके , बिना थके हमें कर्म निरन्तर करते रहना चाहिए।चलते रहने से ही व्यक्ति मंजिल तक पहुंचता है। भाग्य के भरोसे बैठे रहने से मंजिल तक पहुंचना असम्भव है। इसलिए भाग्य को नहीं कर्म को प्रधान कहा गया है।करम प्रधान बिस्व करि राखा, जो जस करइ सो तस फल चाखा। कठोर परिश्रम और पुरुषार्थ के द्वारा ही हम जीवन में सफल और सुखी रह सकते हैं। हमें हमेशा सच्चाई और पुरुषार्थ के पथ पर सक्रिय रहना चाहिए। मंजिल प्राप्त करने के लिए कर्म रूपी पथ पर चलना आवश्यक है। हमें आलस,प्रमाद, से दूर रहना चाहिए। जैसे विद्यार्थी को अच्छे अंकों से पास होना है तो उसे आलस का त्याग करना पड़ेगा क्योंकि अलसस्य कुतों विद्या,अविद्यस्य कुतो धनम्। अधनस्य कुतो मित्रम्,अमित्रस्य कुतो सुखम्।। आलस होगा तो विद्या का संग्रह नहीं कर पायेगा, विद्या नहीं होगी तो धन नहीं कमा पायेगा,धन नहीं होगा तो मित्र नहीं होगा और मित्र नहीं तो सुख कैसे हो सकता है।जो अकर्मण्य और निष्क्रिय रहता है जीवन में निराशा ही मिलती है। समस्त शास्त्रों में कर्म को ही महानता दी गई है,कर्म करना ही महत्वपूर्ण माना गया है। नीति शास्त्र में कहा गया है कि न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः। सिंह शिकार करने नहीं जाए सोता रहे तो क्या सोते हुए सिंह के मुख में हिरन स्वयं आ जाएगा? नहीं। उसे शिकार करने जाना ही पड़ेगा।यहां एक बात सदैव याद रखना चाहिए कि कर्म भाग्य के अधीन नहीं है अपितु भाग्य कर्म के अधीन है। सफलता के लिए पूर्ण प्रयास करना ही पड़ेगा। इसके साथ-साथ महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारा प्रयास सही दिशा में होना चाहिए, विपरीत दिशा नहीं। सही दिशा में प्रयास करने से कम समय में और कम परिश्रम में मंजिल तक पहुंच जाएंगे। जैसे नदी का बहाव पश्चिम से पूर्व की ओर है और हम नदी में पूर्व से पश्चिम अर्थात विपरीत दिशा में तैरेंगे तो समय भी अधिक लगेगा और परिश्रम भी। सफलता रूपी साध्य की प्राप्ति के लिए साधन भी पवित्र होना चाहिये। हमेशा शुभ कर्म करो परन्तु शुभ कर्म का जन्म तभी होगा जब आपके विचार शुभ होंगे।एक बात गांठ बांध लो कि हमारे सुख और दुःख का आधार कर्म ही हैं। शुभ कर्म करोगे तो मन संतुष्टि होगी, शान्ति होगी,सुख अनुभव करोगे।अशुभ कर्म करने से उसका फल ठीक विपरीत होगा। अंततः हमारे कर्मों का परिणाम ही प्रारब्ध अर्थात भाग्य के रूप में हमारे जीवन में प्रकट होता है। इसलिए उतिष्ठत, जाग्रत,प्राप्य वरान्निबोधत। उठो, जागो,और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।

सम्पर्क सूत्र- 9760478742

श्रीमदभगवद कथा करवाने के लिए संपर्क करे।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने "उद्यमिता विकास की ओर उत्तर प्रदेश" कार्यक्रम का किया शुभारंभ

कौशल विकास मंत्री ने 'हुनर मित्र' पत्रिका के प्रवेशांक का किया विमोचन

राजकीय आईटीआई बाराबंकी, गोरखपुर तथा बुलंदशहर के प्रधानाचार्य एवं पाँच उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रशिक्षण प्रदाता व प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटिंग एजेंसीज हुई सम्मानित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कौशल विकास, रोजगार सृजन और युवाओं के आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है

योगी सरकार युवाओं के कौशल विकास, रोजगारपरकता और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार सृजक बनाना और पारंपरिक उद्योगों को प्रोत्साहित करना है

22 औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ समझौते हुए, 26,811 युवाओं को रोजगार मिलेगा

लखनऊ, 6 मई 2025 : प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने मंगलवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ के मार्स ऑडिटोरियम में आयोजित उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा "उद्यमिता विकास की ओर उत्तर प्रदेश" विषयक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कौशल विकास से जुड़े समस्त स्टेकहोल्डर, जिसमें सेक्टर स्किल काउंसिल, उद्योग, उद्यमी, सरकार तथा एकेडमिक्स सम्मिलित है, को एक मंच पर लाकर कौशल विकास मिशन कार्यक्रमों को सही दिशा में लागू करने की राजनीति का निर्धारण करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मंत्री अग्रवाल ने सबसे पहले पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और इस जघन्य कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ सरकार हर मोर्चे पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश कौशल विकास, रोजगार सृजन और युवाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवाओं के कौशल विकास, रोजगारपरकता और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

मंत्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की पूर्ति में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की अहम भूमिका होगी। इसके लिए सरकार उद्योग जगत से नवाचार, कौशल विकास में निवेश और सहभागिता बढ़ाने का आह्वान कर रहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को रोजगार खोजने वाला (जॉब सीकर) के बजाय रोजगार सृजक (जॉब क्रिएटर) बनाना है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे प्राप्त हो रहे प्रशिक्षण को गंभीरता से लेकर अपने कौशल को निखारें। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि पारंपरिक स्वदेशी उद्योगों को भी प्रोत्साहित करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश के युवाओं को प्रतिस्पर्धी बनाया जाए।

कार्यक्रम के दौरान कौशल विकास मंत्री ने 'हुनर मित्र' पत्रिका के प्रवेशांक का विमोचन किया और मिशन द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उन्होंने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने प्रशिक्षण में निपुणता लाकर प्रदेश व देश की आर्थिक प्रगति में सहभागी बनें।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि औद्योगिक प्रतिष्ठान, नियोजक और अन्य हितधारक रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने हेतु मिशन के साथ भागीदारी करें ताकि उद्योगों की आवश्यकतानुसार प्रशिक्षित युवा उपलब्ध कराए जा सकें।
अपने समापन भाषण में प्रमुख सचिव द्वारा उद्यमशीलता के महत्व को रेखांकित करते हुए कौशल विकास को उद्यमिता उन्मुख बनाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने उद्यमिता के संबंध में निहित जोखिम के मिथकपूर्ण भय पर विजय पाने हेतु युवाओं को प्रेरित किया। उनके द्वारा इसी प्रकार के कार्यक्रम लगातार कराए जाने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की गई।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि कार्यक्रम में रिलायबल फर्स्ट एडकॉन प्राइवेट लिमिटेड, क्वेस कॉर्प, गकोंडेस एक्सपोर्ट्स, और सरन्या हेल्थ सर्विस प्राइवेट लिमिटेड सहित 22 औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ आपसी सहमति पत्र (एम०ओ०यू०) व आशय पत्र (एल०ओ०आई०) हस्ताक्षरित किए गए हैं। इससे 26,811 युवाओं को रोजगार उपलब्ध होगा।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सेवायोजित प्रशिक्षणार्थियों नीता पास्वान, ओमप्रकाश, आंचल (सुल्तानपुर) और जया (मिर्जापुर) ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भरता और रोजगार के बेहतर अवसर मिले हैं।
कार्यक्रम में व्यावसायिक शिक्षा की आवश्यकता पर केंद्रित विचार-विमर्श भी आयोजित हुआ, जिसका संयोजन संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार ने किया। विचार-विमर्श में लखनऊ विश्वविद्यालय, सेक्टर कौशल परिषद, परियोजना क्रियान्वयन अभिकरण (पी०आई०ए०) व औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
प्रोफेसर खेमंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रशिक्षण परिणाम आधारित होना चाहिए। मोटर वाहन क्षेत्र के विशेषज्ञ विक्रम सिंह ने विद्यालय-कॉलेज स्तर पर कौशल आधारित कार्यक्रमों की आवश्यकता बताई। कृष्ण कुमार ने ग्रामीण युवाओं में संवाद क्षमता व आत्मविश्वास की कमी की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए व्यक्तित्व विकास व संवाद कौशल पर विशेष ध्यान देने की बात कही। विशेषज्ञों द्वारा स्कूल स्तर से ही विद्यार्थियों को उद्यमिता के बारे में जागरूक करने तथा मूल्यांकन प्रक्रिया में इंडस्ट्री के प्रतिभाग पर विशेष जोर दिया गया। कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को एस्पिरेशनल बनाने तथा प्रशिक्षकों की इंटर्नशिप करने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव भी विशेषज्ञों से प्राप्त हुए।

कार्यक्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बाराबंकी, गोरखपुर तथा बुलंदशहर के प्रधानाचार्य को उनकी उत्तम निष्पादन हेतु सम्मानित भी किया गया साथ ही पांच उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं व प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटिंग एजेंसीज को भी सम्मानित किया गया

अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु आबकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारीगण ने एक्शन में

दैनिक समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 06 मई 2025: उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेशों के क्रम में तथा पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णतया अंकुश लगाने हेतु आबकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारीगण नियमित रूप से चेकिंग अभियान संचालित करते हुए शराब माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं।

जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि विगत दिवस आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान दबिश देकर थाना फेज 1 स्थित सेक्टर 06 ॠ ब्लॉक के पास से दिलीप कुमार पुत्र रामश्री सिंह को मसालेदार संतरा देशी शराब ब्रांड के 70 पव्वे धारिता 180 एम एल देशी शराब हरियाणा राज्य में बिक्री हेतु व पार्टी स्पेशल डीलक्स व्हिस्की विदेशी ब्रांड के 52 पव्वे धारिता 180 एम एल विदेशी शराब अरुणाचल प्रदेश राज्य बिक्री हेतु अनुमन्य का अवैध बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध धारा 60/63 के अन्तर्गत थाना फेज 1 में अभियोग पंजीकृत किया गया है। इसी क्रम में आबकारी निरीक्षक क्षेत्रझ्2 व उनकी टीम द्वारा अपराध निरोधक क्षेत्र मे भ्रमण के दौरान बरौला, सेक्टरझ्41, अग्गापुर स्थित देशी दुकानों, विदेशी व बीयर की कम्पोजिट दुकानों का सघन निरीक्षण किया।दुकानों पर शराब की विभिन्न प्रकार की ब्रांड्स की उपलब्धता को सुनिश्चित किया गया। आबकारी टीम द्वारा विक्रेताओं को नियमानुसार दुकानों को संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया।

इसी प्रकार आज आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान दबिश देकर थाना फेज 1 स्थित सेक्टर 10 पार्क के पास से दया उर्फ. दऊआ पुत्र धान सिंह को मसालेदार संतरा देशी शराब ब्रांड के 50 पव्वे धारिता 180 एम एल देशी शराब (हरियाणा राज्य में बिक्री हेतु अनुमन्य) का अवैध बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध धारा 60/63 के अन्तर्गत थाना फेज 1 में अभियोग पंजीकृत किया गया।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आगे भी पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णता अंकुश लगाने के उद्देश्य से आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा अभियान चला कर प्रवर्तन कारवाई सुनिश्चित की जाएगी। सौजन्य से

डीएम के निर्देश पर कृषि विभाग की एडवाइजरीः लीफ हापर पर सटीक नियंत्रण जरूरी

गन्ने की फसल के उत्पादन में बाधक लीफ हापर कीट, किसानों को अलर्ट रहने की सलाह

दैनिक समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 06 मई, 2025: जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जिला कृषि रक्षा अधिकारी गौतम बुद्ध नगर विनोद कुमार ने जनपद के समस्त कृषकों को गन्ने में लगने वाले प्रमुख विनाशकारी कीटों में से एक लीफ हापर (पाइरिला पर्पुसिला) के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह भारतीय चीनी उद्योग के लिए एक खतरा है और एक गम्भीर कीट है, जो उचित प्रबन्धन न होने पर गन्ने की उपज में 31.6 प्रतिशत की कमी और चीनी की रिकवरी में 2-3 प्रतिशत तक की कमी का कारण बनता है।

जिला कृषि अधिकारी ने कीट लीफ हापर (ढ८१'' स्त्री१स्त्र४२'') के संबंध में एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि कृषकों को इस कीट के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है। यदि इस पर समय से नियंत्रण न किया गया तो गन्ने की फसल को गंभीर नुकसान हो सकता है। भरपूर गन्ना उत्पादन के लिए लीफ हापर कीट पर नियंत्रण के लिए प्रबंधन बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने कीट के जीवन चक्र, किट से क्षति एवं कीट प्रबंधन के संबंध में कृषकों क्रमवार जानकारी दी।

जीवन चक्रः

अण्डेः मादा पाइरिला अंडे देने के लिए मध्य शिरा के पास पत्तियों के निचले, छायादार छिपे हुए हिस्से को पसंद करती है। चार से पॉच पत्तियों (30-40 संख्या/कलस्टर) में जमा होते हैं और मादा द्वारा स्त्रवित मोमी धागे जैसे पदार्थ से ढके होते हैं।

निम्फः नये उभरे निम्फ 0.8 से 1.0 मिमी लम्बे दूधिया सफेद रंग के होते हैं और वयस्क बनने के लिए पांच इनस्टार से गुजरते हैं, जिन में से प्रत्येक 7 से 41 दिनों का होता है। अधिकतम कुल निम्फ अवधि 134 दिन का होता है।

वयस्कः पाइरिला एक हल्के पीले रंग का मुलायम शरीर वाला कीट है, जिसका सिर आगे की ओर झुका होता है। वयस्क का जीवन काल 14 से 200 दिनों का होता है और मादाएं नर के तुलना में थोड़ी अधिक अवधि तक जीवित रहती हैं।

क्षति का स्वरूपः

पाइरिला वयस्क और निम्फ, दोनों ही गन्ने के साथ-साथ द्वितीयक मेजबान पौधों जैसे गेहूं, जौ, जई, जंगली घास आदि पर पत्तियों के निचले भाग से रस चूसते हैं, लेकिन अधिकांश नुकसान निम्फ के कारण होता है। पत्तियों के रस चूसने के कारण पत्तियां पीली होकर मुरझा जाती हैं और पौधे की वृद्धि धीमी हो जाती है। कीट पत्तियों पर हानीड्यू का स्त्राव करता है, जो ब्लैक मोल्ड नामक सैप्रोफाइटिक कवक के विकास के लिए एक अच्छा माध्यम बन जाता है, जिससे पत्तियों की प्रकाश संश्लेषण की क्रिया बाधित होती है। फलस्वरूप गन्ने में सुक्रोज 2-34 प्रतिशत तक कम हो जाता है। साथ ही गन्ने में ग्लूकोज की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे गुण बनाने में प्रयोग करने पर गुड़ नीला हो जाता है, जो ठीक से जम नहीं पाता है। गन्ने के वृद्धि के दौरान प्रारम्भिक संक्रमण से उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जबकि सितम्बर के बाद देर से होने वाला संक्रमण मुख्य रूप से खेत में गन्ने के सुक्रोज सामग्री को प्रभावित करता है।

प्रबन्धनः

सेट्स का उपचारः रोपण से पहले सेट्स को क्लोरपाइरीफॉस 20 ईसी का 2 मिली/लीटर पानी की दर से घोल में डुबो कर बुवाई करनी चाहिए। रैटून फसल लेने से बचना चाहिए। कीटों की निगरानी एवं उनके संख्या के आकलन हेतु 1 लाईट ट्रैप/5 एकड़ की दर से शाम 06 बजे से रात 10 बजे तक लगाना प्रभावकारी होता है। पाइरिला के तेजी से गुणन और आगे प्रसार को रोकने के लिए नाइट्रोजनयुक्त उर्वरकों का विवेकपूर्ण प्रयोग करना चाहिए। पाइरिला के अण्डों को इकट्ठा कर नष्ट कर देना चाहिए।

3-5 पाइरिला प्रति पत्ती दिखाई देने पर प्रति एकड़ 4000-5000 कोकून या एपिरिकेनिया मेलानोल्यूका के 4 से 5 लाख अण्डे छोड़ना चाहिए। मेटारिजियम एनिसोप्लिया 107 स्पोर प्रति मिली की दर से पर्णीय छिड़काव करना चाहिए। 3 से 5 कीट/पत्ती या प्रति पत्ती एक अण्डा दिखाई देने पर क्लोरपाइरीफॉस 20 ईसी 1500 मिली/हेक्टेयर अथवा क्यूनालफॉस 25% ईसी 1200 मिली/हेक्टेयर की दर से छिड़काव करना चाहिए। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध

टीएमयू में मुनिश्री सहज सागर का भव्य मंगल प्रवेश

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के जिनालय में प्रवर्तक मुनि श्री 108 सहज सागर जी मुनिराज और निर्यापक मुनि श्री 108 नवपदम सागर जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति में विधि-विधान से हुआ अभिषेक

दैनिक समाज जागरण

मुरादाबाद : तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में भारत गौरव, तपस्वी सम्राट, अंतर्मना आचार्यश्री 108 प्रसन्न सागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य, प्रवर्तक मुनि श्री 108 सहज सागर जी मुनिराज और निर्यापक मुनि श्री 108 नवपदम सागर जी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। श्रावकों के दिव्य घोष ने संपूर्ण वातावरण में अद्भुत ऊर्जा घोल दी। स्वागत में कलश लेकर श्राविकाएं और भक्तों ने महाराजश्री के मंगल प्रवेश पर पथ को रविकिरणों सम प्रकाशित कर दिया। टीएमयू जिनालय तक संपूर्ण पथ जयकारों से गुंजायमान होता रहा। जिनालय में प्रवेश से पूर्व मुनिराज के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य टीएमयू चांसलर परिवार से श्रीमती ऋचा जैन और श्रीमती जाह्नवी जैन को मिला। मुनिराजों ने देववंदना के उपरांत प्रतिक्रमण किया। भावविभोर करने वाली और संगीतमय गुरुभक्ति के बाद भक्ताम्बर दीप विधान हुआ। मुनिराज की आरती का सौभाग्य यूनिवर्सिटी की फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन और पुत्रवधू श्रीमती ऋचा जैन को प्राप्त हुआ। इससे पूर्व जिनालय पहुंच कर कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने सहज सागर जी मुनिराज का बड़ी विनम्रता से शीश झुकाकर सत्कार किया। दूसरी ओर जिनालय में मुनि श्री 108 सहज सागर जी मुनिराज और निर्यापक मुनि श्री 108 नवपदम सागर जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति में विधि-विधान से अभिषेक एवम् शांतिधारा हुई।
संत भवन में मुनिश्री ने अपने सारगर्भित एवम् संक्षिप्त प्रवचन में कहा, जीवन में पुण्य और पुरुषार्थ दोनों से मिलकर ही सफलता मिलती है। न तो केवल भगवान की श्रद्धा और न केवल किताबों से परीक्षा पास नहीं की जा सकती है। उन्होंने जीवन में नकारात्मक ऊर्जा को हटाकर सकारात्मक ऊर्जा को अपनाने की सलाह दी। सकारात्मक और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने के लिए उन्होंने तमाम उदाहरण दिए। बोले, यदि रात में हम अपने सिर के नीचे नकारात्मक ऊर्जा रखकर सोते हैं तो नकारात्मक विचार आएंगे। नकारात्मकता से बचने के लिए प्रतिदिन सुबह-शाम एक घंटे दीपक जलाना चाहिए। गाय के घी का दीपक जलाना अति शुभ होगा। साथ ही बोले, जो समय की कद्र नहीं करते, समय उनकी कद्र नहीं करता। उन्होंने समयबद्धता को लेकर सिडनी की ट्रेन का उदाहरण दिया। मिसाइल मैन एवम् पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का उल्लेख करते हुए कहा, सफलता प्राप्ति के लिए हमें हमेशा अपने कार्य से प्रेम करना चाहिए। मुनिश्री ने अपने जीवन के विद्यार्थी काल के कुछ रोचक संस्मरण भी साझा किए। इंग्लिश में अपनी बात रखते हुए निर्यापक मुनि श्री 108 नवपदम सागर जी महाराज बोले, सफलता साहसी और उद्यमी व्यक्तियों को ही प्राप्त होती है। उन्होंने कहा, पंचबालयती वासुपूज्य, मल्लिनाथ, नेमिनाथ, पार्श्वनाथ, महावीर तीर्थंकर प्रभु के क्रम का योग सौ आता है। यह डिसिप्लिन, एटीट्यूट और तीर्थंकर इन तीनों का योग भी सौ है। मंगल प्रवेश के समय जैन समाज मुरादाबाद के अध्यक्ष श्री अनिल जैन, टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, ब्रहमचारिणी कल्पना दीदी, प्रो. विपिन जैन, डॉ. रवि जैन, डॉ. विनोद जैन, डॉ. अर्चना जैन, डॉ. नीलिमा जैन, श्रीमती अहिंसा जैन, डॉ. वैभव जैन आदि ने भक्ति का आनंद लिया।

10 मई को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

अपर जिला जज ने अधिकारियों संग की बैठक, दिए दिशा-निर्देश राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण का लक्ष्य

गौतम बुद्ध नगर 06 मई, 2025 : जिला न्यायाधीश मलखान सिंह के निदेशों के क्रम में आज अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय के सभा कक्ष में संबंधित जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आगामी 10 मई 2025 दिन शनिवार को जनपद मुख्यालय, दीवानी न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

अपर जिला जज ने बैठक में उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आमजन को शीघ्र एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए सभी संबंधित विभाग अपने-अपने स्तर पर ठोस तैयारियाँ सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वादों के चिन्हीकरण से लेकर प्रचार-प्रसार तक की सभी गतिविधियाँ योजनाबद्ध ढंग से की जाएँ ताकि अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण आपसी समझौते से हो सके।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम, वैवाहिक वाद, उत्तराधिकारी अधिनियम, दीवानी वाद, एमवी एक्ट व ई-चालान, आर्बिट्रेशन, एनआई एक्ट की धारा 138, विद्युत अधिनियम, भू-राजस्व, पेंशन, श्रम सहित विभिन्न प्रकरणों के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन स्तर पर बैंक ऋण, विद्युत व बीएसएनएल के बिलों से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जाएगा। मामलों के निस्तारण के लिए पक्षकार संबंधित न्यायालय में संपर्क कर सकते हैं एवं अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ईमेल dlsa.gbnnoida@gmail.comव टोल फ्री नंबर 120-2970040 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अपर जिला जज ने डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पाण्डेय को निर्देशित किया कि वे राजस्व विभाग सहित अपने अधीनस्थ विभागों में लंबित मामलों की सूची तैयार कर निस्तारण हेतु ठोस कार्ययोजना बनाएं। साथ ही यूपीपीसीएल, परिवहन, समाज कल्याण, स्टांप, स्वास्थ्य, पूर्ति, श्रम, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सहित सभी विभागों को अपने-अपने दायरे में आने वाले मामलों का अधिकतम समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

अपर जिला जज ने वृहद प्रचार-प्रसार पर बल देते हुए कहा कि वादकारी राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठा सकें, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही 1 से 09 मई 2025 तक निस्तारित प्री-लिटिगेशन मामलों की सूचना संबंधित नोडल अधिकारी को समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए, ताकि आंकड़ों को लोक अदालत के अंतिम विवरण में जोड़ा जा सके।

बैठक में प्रभारी सचिव जिला विधिक प्राधिकरण/सिविल जज सीनियर डिवीजन गौतम बुद्ध नगर मयंक त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पाण्डेय, एसीपी ट्रैफिक शकील मोहम्मद, जिला पूर्ति अधिकारी हरिओम उपाध्याय, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, डिप्टी सीएमओ टीकम सिंह, संबंधित बैंक प्रबंधक सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

हरियाणा में अग्रकेसरी सम्मान से सम्मानित हुए बागपत के विपुल जैन

– बागपत के विपुल जैन को श्री अग्रसेन धाम कुंडली प्रबन्ध समिति ने माला, पटका व पगड़ी पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर किया अग्रकेसरी सम्मान से सम्मानित

दैनिक समाज जागरण

सोनीपत, हरियाणा। अग्रवंशीयों के प्रमुख धामों में शुमार श्री अग्रसेन धाम कुंडली द्वारा इंटरनेशनल अवार्डी, महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत को एक भव्य कार्यक्रम में अग्रकेसरी सम्मान से सम्मानित किया गया। विपुल जैन को श्री अग्रसेन धाम कुंडली प्रबन्ध समिति ने माला, पटका व पगड़ी पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर अग्रकेसरी सम्मान से सम्मानित किया। विपुल जैन को यह सम्मान वैश्य समाज के जनक, वेदों, शस्त्रों व अस्त्र-शस्त्रों के महान ज्ञाता, महाबलशाली, अहिंसा के पुजारी, शांति के दूत सूर्यवंशी महान सम्राट महाराजा अग्रसेन जी की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार व समाज में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रदान किया गया। विपुल जैन ने अग्रकेसरी सम्मान से सम्मानित करने के लिए अग्र केसरी महाकुटुंब अन्तर्राष्ट्रीय ट्रस्ट के राष्ट्रीय चेयरमैन जगदीश राय गोयल, राष्ट्रीय संस्थापक व अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, राष्ट्रीय वाईस चेयरमैन टीका राम मित्तल, राष्ट्रीय महामंत्री अनिल गोयल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दीपक मंगला, राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश गोयल व वीरेन्द्र बंसल सहित समस्त प्रबन्धन समिति का आभार व्यक्त किया। विपुल जैन ने कहा कि मेरी इस उपलब्धि में वे सभी महान लोग बराबर के साझेदार है, जिनके सहयोग, आशीर्वाद और प्रार्थनाओं से वर्ष 2023-2024 में मुझे नवजीवन प्राप्त हुआ है। विपुल जैन ने कहा कि सूर्यवंशी महान सम्राट महाराजा अग्रसेन भगवान श्री राम के वंशज थे और अपने युग के सबसे शक्तिशाली सम्राट थे। उनका महान व्यक्तित्व और उनके द्वारा दी गयी शिक्षाए समाज, देश व विश्व के लिए अमूल्य है। इस अवसर पर दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, सोनीपत के नवनिर्वाचित मेयर राजीव जैन, महामंडलेश्वर नर्मदा शंकर पुरी जी, आचार्य विवेक मुनि, पूर्व विधायक महेंद्र गोयल, दिल्ली अग्रोहा विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष नन्द किशोर अग्रवाल, दिल्ली के पूर्व उप महापौर ताराचंद बंसल, संरक्षक वीरेंद्र बंसल, उपाध्यक्ष अतुल सिंघल सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

सदर विधायक ने लाभार्थियों को वितरित की निःशुल्क दोना - पत्तल मेकिंग मशीन

आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो

बदायूँ। उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क टूलकिट्स योजना के अर्न्तगत मंगलवार को जिला ग्रामोद्योग कार्यालय परिसर मौहल्ला शहवाजपुर निकट पुरानी चुंगी बदायूँ में निःशुल्क दोना-पत्तल मेकिंग मशीन

का वितरण सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दोना-पत्तल मेकिंग मशीन से सम्बन्धित लाभार्थियो को मशीन के रखरखाव व चलाने हेतु दिशा निर्देश प्रदान किये गये। इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रदीप कुमार, जिला ग्रामोद्योग कार्यालय का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

पिनेकल स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस सप्ताह पर बच्चों को टीडी वैक्सीन लगाई

आई एम खान/ दैनिक समाज जागरण ब्यूरो

बिसौली बदायूं। पिनेकल इंटरनेशनल एकेडमी स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस सप्ताह के अंतर्गत 10 और 16 साल के बच्चों को टीडी की वैक्सीन लगाई गई। ताकि बच्चों को जानलेवा घातक बीमारी टेटनस और डिप्थीरिया से बचाया जा सके। मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस सप्ताह के अंतर्गत पिनेकल इंटरनेशनल एकेडमी में टीडी वैक्सीनेशन का अभियान चलाया

गया। जिसमें कक्षा पांच तथा कक्षा दस के बच्चों का सफल टीकाकरण हुआ। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल विनोद सिंह पटेल, सुकेंद्र, वेंकटेश, अर्चना, प्रतिभा, केशव, एएनएम अंकुल रानी, गुरदीप कौर, रामकृष्ण, आशा आदेश, पूनम आदि मौजूद रहे।

बांके बिहारी कॉलेज ऑफ लॉ के विधि विद्यार्थियों ने किया जिला कारागार का भ्रमण

आई एम खान/ दैनिक समाज जागरण ब्यूरो

बदायूं। बांके बिहारी कॉलेज ऑफ लॉ के विधि विभाग के छात्रों ने जिला कारागार का दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को दण्ड प्रक्रिया, जेल प्रशासन, कारावास में सुधारात्मक नीतियों तथा कैदियों के अधिकारों की व्यवहारिक जानकारी देना रहा। इस दौरान कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरुण प्रकाश सिंह ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विधि विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान को समृद्ध करते हैं और उन्हें न्याय प्रणाली को गहराई से समझने में सहायक सिद्ध होते हैं।कारागार

परिसर में विद्यार्थियों को जेल की कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था, कैदियों की दिनचर्या, पुनर्वास योजनाओं एवं जेल मैन्युअल की जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान जेल अधीक्षक राजेंद्र कुमार, जेलर कुंवर रणंजय सिंह एवं उप जेलर मो. खालिद खान, गणेश चतुवेर्दी उपस्थित रहे। जिन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्हें जेल प्रशासन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। इस शैक्षिक भ्रमण में प्रवक्ता डॉ. पंकज, डॉ. विक्रम सक्सेना, मिस रोमा गुप्ता, अंतरिक्ष कुमार आदि मौजूद रहे।

बबराला में पाइप लाइन डालने के बाद सड़क को सही करना भूल गए जिम्मेदार

दैनिक समाज जागरण

गुन्नौर तहसील क्षेत्र कस्बा बबराला के नगर पंचायत में शहर की सड़कों की हालत में सुधार नहीं हो पा रहा। आए दिन सड़कों को खोदकर डाल दिया जाता है। नगर के बबराला इन्द्रा चौक से लेकर अनूपशहर रोड सहित मौहल्ले तक पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क के चलते क्षेत्रीय लोगों व राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह और शाम में पाइप लाइन से रिसाव होने के कारण सड़क की स्थिति तालाब जैसी बन जाती है, साथ ही खुदी सड़क में वाहन फंसने से भी दिक्कत आती है। नगर में इन दिनों कई जगहों पर कार्य कराया जा रहा है। विभिन्न स्थानों पर सीवर लाइन के लिए खोदाई चल रही है। वहीं कई जगह पर पानी की पाइप लाइन डालने के लिए सड़कें खोदकर डाल दी गई। इसी क्रम में बबराला इन्द्रा चौक से लेकर रेलवे फाटक तक एक पन्द्रह दिनों पहले खोदाई को शुरू कराई गई थी। नगर का मौन रोड तक सड़क को खोदने के बाद पाइन लाइन डालते हुए गड्ढे को भर दिया गया, लेकिन उसे पूरी तरह से सही करना भूल गए। पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क हादसों का सबब बन गया। इसमें बच्चे गिरकर घायल हो रहे हैं। दूसरी तरफ वाहन भी आए दिन आकर फंस जाते हैं। वाहनों को फंसने पर उन्हें निकालने में काफी दिक्कतों से दो-चार होना पड़ता है। इसी तरह सुबह और शाम में क्षेत्रीय लोगों की समस्या सबसे ज्यादा बढ़ जाती है। पाइप लाइन लीक होने के कारण पूरी सड़क तालाब बन जाती है। हजारों लीटर पानी बहकर नाले में चला जाता है। इसके बाद भी जिम्मेदारों सड़क को सही कराने के लिए तैयार नहीं है। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि उनकी सड़क काफी बेहतर थी। उसे खोदने के बाद सही करने की अधिकारियों को फुर्सत नहीं मिली है, जिसके कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। दुकान के सामने भरता है पानी सड़क खोदने के बाद सही नहीं कराई है। सुबह-शाम में जलापूर्ति होने पर पूरी सड़क तालाब बन जाती है। पाइप लाइन लीकेज होने के कारण काफी दिक्कतों से दो-चार होना पड़ता है। दुकान पर ग्राहक ही नहीं आते हैं, जिसके कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शहर की सड़कें से दिक्कतें खत्म नहीं हो रही है। सड़कों की समस्या का समाधान कराया जाए, जिससे बेहतर यातायात मिल सकें। पाइप लाइन के नाम पर खोदी गई सड़क में वाहन फंस जाते हैं। उसे निकालने में काफी दिक्कतों से दो-चर होना पड़ता है। यह नजारा रोज ही देखने को मिलता है। वही चेयरमैन हर्षवर्धन ने बताया कि वर्तमान में जल निगम द्वारा सीवर लाइन और पेयजल लाइन को लेकर काम चल रहा है। पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कों को सही कराने के लिए जल निगम को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। प्रयास है कि हफ्ते भर में सड़कों को दुरुस्त कराकर जनता को राहत दी जाए।

एआर फिलिंग सेंटर पर नए विक्रय अधिकारी अक्षत सहाय का हुआ भव्य स्वागत

आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो

बिसौली बदायूं। नगर के ए.आर. फिलिंग सेंटर पर इंडियन ऑयल बदायूं एरिया के नए विक्रय अधिकारी अक्षत सहाय का भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने पंप की सेल संबंधित जानकारी ली और ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं

देने के निर्देश दिए। श्री सहाय ने पंप की साफ - सफाई की भूरि भूरि प्रशंसा की। इस दौरान ए.आर. फीलिंग सेंटर पर प्रथम बार आगमन पर फिलिंग सेंटर के डीलर रवि प्रकाश अग्रवाल द्वारा माल्यार्पण कर अभिनंदन/स्वागत किया गया। इस अवसर पर रवि प्रकाश अग्रवाल, रोहित कुमार, पम्प मैनेजर अक्षय सिंह, धर्मपाल पाठक, कस्टमर अटेंडेंट, सचिन, सुखबीर, प्रेमवीर, नन्हें, किशोर सहित ग्राहक मौजूद रहे।

पाकिस्तान पर वाटर स्ट्राइक के लिए धन्यवाद मोदी जी = अजय शर्मा

समाज जागरण/पंकज राघव

संभल।हिंदू जागृति मंच की बैठक में सिंधु नदी का जल रोक कर पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत सरकार का धन्यवाद देकर खुशियां मनाई गई। दुर्गा कॉलोनी के ज्ञानदीप मंदिर में आयोजित बैठक में हिंदू जागृति मंच के कार्यकताओं ने भारत सरकार द्वारा सिंधु जल समझौते पर अमल करने को भारत सरकार के लिए धन्यवाद बोलकर प्रसन्नता व्यक्त की गई। बैठक को संबोधित करते हुए हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि सिंधु जल समझौते को रद्द करके पाकिस्तान का पानी रोकने का सत्साहस आज तक कोई भी सरकार नहीं कर सकी। यह कार्य भी मोदी सरकार ने पूरा किया।

अब पाकिस्तान को अन्न, जल और बिजली के बिना तड़पने के लिए छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों को मोदी सरकार पर पूर्ण विश्वास है कि पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया जाएगा जो दुनिया में उदाहरण बनेगा। हिंदू जागृति मंच के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल ने पाकिस्तान पर आर पार की सैन्य कार्रवाई करने की वकालत की। रचित रस्तोगी, मोहित गुप्ता, सुमन वर्मा, राजेंद्र गुर्जर, सुभाष चंद्र शर्मा, अरविंद शंकर शुक्ला, अंकुर रस्तोगी, सुभाष चंद्र मोंगिया, अमित वार्ष्णेय, पंकज सांख्यधर, उमेश सैनी, विनोद कुमार अग्रवाल, साहिल गांधी, वैभव छाबड़ा आदि ने भारत सरकार द्वारा सिंधु नदी के जल को रोक कर पाकिस्तान पर वाटर स्ट्राइक करने के फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त की। इसे प्रत्येक भारतीय को गर्व करने का समय बताया साथ ही भारत सरकार से यथाशीघ्र पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई करने की पुरजोर मांग की। बैठक की अध्यक्षता सुबोध कुमार गुप्ता ने की संचालन विकास कुमार वर्मा ने किया।

राजघाट पर झगड़ा करना पड़ा भारी बलवा में पॉच के खिलाफ केस दर्ज

दैनिक समाज जागरण

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के राजघाट गंगाघाट पर मुखबिर के द्वारा मिली विवाद की सूचना पर पुलिस ने दबंगों के खिलाफ बलवा में केस दर्ज किया है जिसमें प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि बीते 5 मई सोमवार को करीब 5 बजे के करीब राजघाट पर झगड़ा की सूचना मिलने के बाद में व उपनिरीक्षक बिशांत कुमार ,हेड कांस्टेबल बलवंत, कांस्टेबल विशाल, विनीत ,नितिन, विशाल समेत पुलिस टीम बल मौके पर पहुंचे जहां राजघाट पर काफी लोग इकट्ठे थे जिनमें सात व्यक्ति आपस में एक दूसरे पर लाठियां बरसा रहे थे इनमें से कुछ लोगों के चोटें आई लड़ाई झगड़ा देख मौके पर रेहडी ,पकौड़ी जलेबी समेत लगी दुकानदार भाग गए और भगदड़ का माहौल बन गया इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी से लाठी डंडे न बरसाने की अपील की। इसके बाद गुन्नौर पुलिस ने आरोपी बृजेश पुत्र तेजपाल निवासी बगढेर थाना धनारी, भगवान सिंह पुत्र नाथू सिंह निवासी अहरोला नवाजी थाना जुनाबई, धर्मेंद्र पुत्र कमलेश , धर्मेंद्र पुत्र भूदेव निवासीगण बस्तोई सीकरी थाना जरीफनगर जनपद बदायूं , नेम सिंह पुत्र शिशुपाल निवासी रानीगंज थाना रजपुरा को गंगा घाट राजघाट से गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय भेज दिया।

गुन्नौर पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने मामले सहित 9 लोगों का चालन

दैनिक समाज जागरण

गुन्नौर कोतवाली प्रभारी ने बताया की पुलिस टीम ने आरोपी रवि पुत्र ओमप्रकाश, सुनील पुत्र ऋषिपाल निवासी रसूलपुर थाना गुन्नौर , शाहिद पुत्र गफ्फार निवासी मोहल्ला बुद्ध बाजार व कस्बा गुन्नौर, फकरे आलम पुत्र

अलीजान निवासी ग्राम दवथरा थाना जुनाबई , नौरंगी पुत्र नरेशपाल, सूरजपाल पुत्र नरेश पाल, निवासीगण ग्राम हिरौनी थाना रजपुरा , बृजेश पुत्र बनवारी मोहल्ला टीचर्स कॉलोनी कस्बा बबराला , सोहन पाल पुत्र नवाब सिंह, बृजेश पुत्र नवाब सिंह निवासी गढ़ कैल थाना गुन्नौर के खिलाफ संबंधित कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया

बहजोई में विभिन्न दुकानों पब्लिक प्रतिष्ठानों पर बाल श्रम कर रहे बच्चों का निरीक्षण किया गया ।

दैनिक समाज जागरण

बहजोई।पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के आदेश के अनुक्रम एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सम्भल अनुकृति शर्मा तथा पुलिस उपाधीक्षक डा0 प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में बाल श्रम के इंस्पेक्टर विनोद कुमार शर्मा ब चाइल्डलाइन की टीम के साथ प्रभारी निरीक्षक सत्य विजय सिंह थाना AHT जनपद संभल ने मय टीम के साथ कस्बा बहजोई में विभिन्न दुकानों /पब्लिक प्रतिष्ठानों पर बाल श्रम कर रहे बच्चों को चेक किया गया । इस दौरान नियमानुसार चार बच्चों को रेस्क्यू कर दुकानों / प्रतिष्ठानों के मालिक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई तथा इस्लामनगर बहजोई रोड पर उपस्थित

08 ईट भट्टों पर जाकर वहां पर उपस्थित भट्ठा मालिक/ मैनेजर व ठेकेदारों, श्रमिकों व उनके परिवार वालों को बाल श्रम में बच्चों को न लगाने के संबंध में जागरूक किया गया एवं बताया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को कम पर रखा ना जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है तथा इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 108, 112, 1076, 181 आदि के संबंध में जानकारी दी गई '

तेज रफ्तार बाइक ने युवक को मारी टक्कर युवक की मौके पर ही मौत

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर

नजीबाबाद में एक दुखद घटना सामने आई। नहर के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पौड़ी गढ़वाल निवासी 35 वर्षीय पंकज रावत के रूप में हुई है। घटना नजीबाबाद थाना क्षेत्र के नहर के पास हुई। पंकज रावत बस से उतरकर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर

मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।परिजनों ने बताया कि पंकज काफी समय से बेरोजगार थे। उनके एक दोस्त ने नौकरी के लिए हैदराबाद बुलाया था। वह इसी सिलसिले में हैदराबाद जा रहे थे। पंकज की मौत से परिवार में शोक की लहर है।

गुन्नौर विजिलेंस टीम की छापेमारी से हड़कंप

दैनिक समाज जागरण

विद्युत विभाग की विजिलेंस की टीम ने बबराला नगर में बिजली चोरी को लेकर छापेमारी की। टीम की छापेमारी होने से हड़कंप मच गया। विद्युत विभाग की टीम पुलिस देर शाम बबराला नगर में पहुंच गई। नगर के रेलवे स्टेशन रोड व मैन मौहल्ला में बिजली चेकिंग शुरू कर दी। विजिलेंस की

टीम ने नगर में बिना मीटर, कटिया डालने वाले लोगों की टीम ने वीडियों ग्राफी की। साथ ही लोगों के नाम लिख लिए। विजिलेंस की टीम नगर की गलियों में घूम कर छापेमारी की। जिस समय टीम नगर में पहुंची थी। उस समय लोग अपने घरों में सोए हुए थे। जब लोगों को चेकिंग की सूचना मिली तो लोग घरों से बाहर आ गए। छापेमारी की सूचना से नगर में हड़कंप मच गया। टीम की छापेमारी होती देख बिजली चोरी कर रहे लोगों ने अपने तार खींच दिए। इस मौके पर दिनेश जेई, लेखराज सिंह, लाइनमैन अवधेश मनोज रतनेश राकेश समेत आदि लोग मौजूद रहे ।

इं. अमित कुमार अध्यक्ष, इं. विपिन कुमार सचिव एवं इं. दयानंद जोशी वित्त सचिव चुने गये

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर

बाक्स सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ पूर्वी गंगा नहर निर्माण खण्ड-6 नजीबाबाद की खण्डीय कार्यकारिणी का गठन नजीबाबाद पूर्वी गंगा नहर निर्माण खण्ड-6, नजीबाबाद में इं. अमित कुमार की अध्यक्षता में जूनियर इंजीनियर्स कक्ष में सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अन्यत्र खण्ड से स्थानांतरित होकर आए सदस्य सहायक अभियंता इं. ईश्वर सिंह का स्वागत किया गया। इसके पश्चात खण्ड की नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया । सर्वसम्मति से सिडिइए की खण्डीय कार्यकारिणी हेतु इं. अमित कुमार अध्यक्ष, इं. विपिन कुमार सचिव एवं इं. दयानंद जोशी वित्त सचिव पद पर चुने गये। बैठक में सहायक अभियंता

इं. संजय गुप्ता एवं इं.ईश्वर चन्द्र, जूनियर इंजीनियर अमित कुमार, अनुज कुमार, विकास वारी, गौरव चाँदी, दयानंद जोशी, पं.विपिन कुमार ,राजेन्द्र कुमार शर्मा एवं सत्यवीर सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक का संचालन इं. विपिन कुमार ने किया।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास 51 हजार रुपये जुमार्ना

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर

बिजनौर में पॉक्सो एक्ट के तहत एक बड़ा फैसला सामने आया है। स्पेशल पॉक्सो कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने 51 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। मामला नजीबाबाद थाना क्षेत्र का है। 21 नवंबर 2024 को पीड़िता के परिजन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी की पहचान संजय उर्फ गांधी के रूप में हुई, जो मंगत सिंह उर्फ मंगते का पुत्र है और ग्राम जसवंतपुर उर्फ लुकादड़ी का निवासी है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए

पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4(2) के तहत मामला दर्ज किया। जांच पूरी होने के बाद आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया गया। स्थानीय पुलिस और मॉनिटरिंग सेल ने कोर्ट में मजबूत पैरवी की। 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत चली इस कार्रवाई में पुलिस और अभियोजन विभाग की प्रभावी पैरवी के चलत 3 मई 2025 को कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। यह फैसला पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत दिया गया है।

जिले भर से फरार चल रहे 8 वांछित अभियुक्तो को पुलिस ने दबोचा

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर

जनपद बिजनौर में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में जनपद पुलिस को एक और बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। लगातार दबिश और निगरानी के चलते पुलिस ने विभिन्न थानों से फरार चल रहे 08 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। यह कार्रवाई जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। गिरफ्तार

अभियुक्तों की पहचान इस प्रकार की गई हैः खुर्शीद पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी ग्राम मानियावाला थाना अफजलगढ़, छोटे पुत्र बुद्ध सिंह निवासी ग्राम अगदपुर थाना जसपुर, जनपद उधमसिंह नगर (उत्तराखंड), छतरपाल पुत्र कृपाल सिंह, केला देवी पत्नी कृपाल सिंह, तारा देवी पुत्री कृपाल सिंह, मुन्शी पुत्र कृपाल सिंह झ चारों निवासी ग्राम केहरीपुर थाना रेहड़, छोटेलाल पुत्र कालू लाल निवासी ग्राम गुल्लर कोजी थाना जसपुर (उत्तराखंड), और दीपू पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम ढोलापुरी थाना नांगल। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और कानून से खिलवाड़ करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। जनपद पुलिस का कहना है कि ऐसे फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर आमजन में सुरक्षा की भावना और अपराधियों में कानून का डर पैदा करना ही अभियान का मुख्य उद्देश्य है।जनता से भी अपील की गई है कि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अपराध के विरुद्ध "जीरो टॉलरेंस" की नीति पर कठोरता से अमल किया जा रहा है

22 वर्षीय युवक का शव आम के पेड़ से लटका हुआ मिला पुलिस जुटी जांच मे

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर

किरतपुर (बिजनौर)। किरतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जीवन सराय में मंगलवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला। मृतक के हाथ रस्सी से पेड़ से बंधे हुए थे और मुंह कपड़े से ढका हुआ था। इस स्थिति में शव का मिलना कई सवाल खड़े कर रहा है, जिससे आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या की आशंका गहरा गई है। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान हेंसी (22 वर्ष) पुत्र विनोद, निवासी गांव ढाकी साधो, थाना किरतपुर के रूप में हुई है। युवक सोमवार रात करीब आठ बजे बिजनौर जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजन रातभर उसकी तलाश करते रहे, और मंगलवार सुबह गांव के पास खेतों में उसका शव पेड़ से लटका मिला। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए जांच की मांग की है। सूचना मिलते ही सीओ नजीबाबाद और थाना प्रभारी किरतपुर मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। हेंसी अविवाहित था और दो बहनों का इकलौता भाई था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मां-बाप बेसुध हैं और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा है, हर आंख नम है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द हत्यारों का पदार्फाश करने की मांग की है।

नवागत नगर आयुक्त ने संभाला पदभार

दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया

अलीगढ़ : उत्तर प्रदेश शासन के आदेशों के क्रम में उन्नाव जिले में बतौर सीडीओ से स्थानांतरित होकर नगर निगम अलीगढ़ में आए नगर आयुक्त आईएएस 2018 बैच प्रेम प्रकाश मीणा ने सांय सेवा भवन पहुँचकर नगर आयुक्त का पदभार ग्रहण किया अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने उनको चार्ज दिलाया।



नवागत नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि अभी तक उन्नाव में सीडीओ के रूप में तैनात था हाथरस, चंदोली में जॉइंट मजिस्ट्रेट, कानपुर यूपीएसआईडीसी में एसीईओ रहने के बाद अब अलीगढ़ में नगर आयुक्त का प्रभार मिला है। शासन की मंशा अनुरूप नगर निगम की नागरिक सुविधाओं को प्रभावी बनाने का निरंतर प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा नगर आयुक्त के रूप में पहला अनुभव है निश्चित रूप से नगर निगम स्तर से माननीय जनप्रतिनिधियों की जन आकांक्षाओं मीडिया बंधुओं के सहयोग से पब्लिक की जन समस्याओं को समय अंतर्गत निस्तारित करने की व्यवस्था को प्रभावी बनाना मूल उद्देश्य रहेगा। जनप्रतिनिधियों, मीडिया बन्दुओं व पब्लिक से समन्वय सहयोग व संवाद कायम करना प्राथमिकता होगी। नवागत नगर आयुक्त को अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार के नेतृत्व में नगर निगम अधिकारियों कर्मचारी और कर्मचारी संघ के पदाधिकारी ने स्वागत किया। अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने नगर निगम की प्रशासनिक व्यवस्था नागरिक सुविधाओं, बारिश में जलभराव, वेंडिंग जोन, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं जल निकासी के स्त्रोत सफाई व्यवस्था, पार्किंग, संपत्ति कर, नगर निगम की आय के स्त्रोत आदि बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी।

दलित युवकों की पिटाई का किया विरोध, सौंपा ज्ञापन

दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया

अलीगढ़ : दलित संगठनों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया, यह प्रदर्शन गॉव चिकावटी में तीन दलित युवकों की पिटाई के विरोध में किया गया। प्रदर्शनकारियों ने पोस्टर-बैनर लेकर सड़कों पर मार्च किया। कलेक्ट्रेट

पहुंचकर उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसीएम को सौंपा, तो वहीं ज्ञापन में दलितों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने की मॉग की गई है।

घटना की पृष्ठभूमि में, चिकावटी में तीन दलित युवक इंस्टाग्राम वीडियो बना रहे थे। आरोप है कि उन्होंने एक छात्रा पर आपत्तिजनक टिप्पणी की, इसके बाद राहगीरों ने युवकों को पकड़कर नग्न कर पिटाई की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। भीम आर्मी की जिलाध्यक्ष मुकेश कुमारी ने कहा कि पुलिस ने पहले पीड़ित युवकों के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज किया, बाद में दलित संगठनों के विरोध के बाद आरोपियों पर एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। एसीएम ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए कहा कि विभिन्न संगठनों से प्राप्त ज्ञापन उचित माध्यम से राष्ट्रपति तक पहुंचा दिए जाएंगे।

एसडीएम की मौजूदगी में स्वास्थ्य विभाग ने तहसील में बांटे ओआरएस के पैकेट

दैनिक समाज जागरण

जसराना। भीषण गर्मी को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा तहसील में एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी देने के साथ ही उनके बचाव के बारे में

जानकारी दी। इस दौरान लोगों को ओआरएस के पैकेट दिए गए। तहसील में लगाए शिविर के दौरान मौजूद एसडीएम जसराना पुष्पेंद्र सिंह ने लोगों को ओआरएस के पैकेट देते हुए उनका प्रयोग करने का आह्वान किया। इस दौरान मौजूद चिकित्सक ने बताया कि गर्मी के मौसम में जंक फूड और बाजार का खाना खाने से आपको कई प्रकार की बीमारी हो सकती है। कहा कि नियमित व्यायाम के साथ खानपान का विशेष ध्यान रखें। वहीं कहा कि ओआरएस घोल का नियमित सेवन आपको कई प्रकार की बीमारियों से बचाएगा। चिकित्सकों ने बताया ग्रामीण क्षेत्रों में भी ओआरएस के पैकेट बांटे जा रहे हैं।

बहकावें में आकर झूठे मुकदमें दर्ज न कराएं

दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया

अलीगढ़ : मंगलवार ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद व परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी। ऑपरेशन जागृति-4 के 06 मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व अधिकार पर चर्चा, महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे केस दायर करना, किशोरावस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन, साइबर हिंसा व सुरक्षा, नशे

के दुष्परिणामों से बचाव व पारिवारिक विघटन के मामलों पर चर्चा शामिल है।

प्रशिक्षित बीट पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी व बीट इंचार्ज द्वारा अपने अपने क्षेत्रों के ग्राम पंचायत स्तर पर गाँवों मौहल्ले में महिलाओं एवं किशोरियों के साथ समन्वय करते हुए विभिन्न कार्यक्रम, नुक्कड़ सभा आयोजित कर जागृति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। बीट पुलिस अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत व विद्यालयों में भ्रमण कर छात्राओं को जागरुक किया जा रहा है। ऑपरेशन जागृति अभियान की सहायता से महिलाओं व बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी आयेगी, गलत सूचनाएं दर्ज करने मे भी कमी आयेगी, कांउसलिंग और रिपोटिंग सिस्टम मजबूत होगा, पलायन सम्बन्धी मामलों में भी कमी आयेगी। इन सभी परिस्थितियों में सामाजिक जागरूकता, संवाद शिक्षा और परामर्श (counselling@support) की बेहद आवश्यकता है ताकि महिलायें एवं बालिकायें इस प्रकार के षडयंत्रों का शिकार न बने, भावनाओं में बहकर अपना जीवन बर्वाद न करें और उन्हें मोहरा न बनाया जाए, यदि वास्तव में उनके साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होता है तो वह सच बोलने की हिम्मत रख पाये और विधिक कार्यवाही के साथ-साथ उनको counselling@support मिल सके।

नि:शुल्क दोना मेकिंग मशीन के लिए 11 मई तक करें ऑनलाइन आवेदन

दैनिक समाज जागरण

अलीगढ़ : जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में दोना मेंकिग मशीनों का वितरण किया जाना है। उन्होंने परम्परागत एवं स्वरोजगार में रूचि रखने वाले कारीगरों को आवेदन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया है कि वह अपने आवश्यक अभिलेख जैसे- राशन कार्ड, आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) ऑन लाइन पोर्टल नचाअपइ.हवअ.पद की ऑनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत ह्लह्लऑनलाइन टूलकिटस पंजीकरण एवं आवंटनह्लह्ल पर 11 मई तक आवेदन कर सकते है, जिससे चयन समिति द्वारा अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जा सकें। उन्होंने बताया कि आवेदनकर्ता द्वारा आवेदन के उपरान्त समस्त प्रपत्रो की हार्डकापी कार्यालय में जमा करनी होगी। जिन लाभार्थियो को पूर्व में विभाग द्वारा दोना मेंकिग मशीन निःशुल्क वितरण की जा चुकी है वह लाभार्थी आवेदना नहीं कर सकते। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी म.नं. 5/69-एच-80-4, त्रिमूर्तिनगर, (पुलिस गैसगोदाम के पास), बरौला बाईपास और दूरभाष नंबर 7408410755 एवं 9808146965 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

बीएसए फिरोजाबाद ने अश्वनी जैन को किया सम्मानित

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद! जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, सिविल लाइन दबरई पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फिरोजाबाद आशीष कुमार पाण्डेय ने श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के प्रवक्ता एवं जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार, राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत सरकार एवं स्टार्टअप इंडिया के तत्वाधान में आयोजित इन्सपायर अवार्ड मानक योजना में जनपद में सत्र 2024-25 में रिकॉर्ड नामांकन एवं 77 विद्यार्थियों के चयन कराने में उत्कृष्ट कार्य प्रदान करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया।

आशीष कुमार पाण्डेय ने बताया कि अश्वनी कुमार जैन द्वारा विज्ञान को जन जन तक पहुंचाने के संकल्प को विद्यार्थियों के मध्य अत्यंत सार्थक ढंग से किया जा रहा है।

जिसमें जनपद के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन प्रदर्शित कर रहे हैं। जैन द्वारा इन्सपायर अवार्ड मानक योजना में जिला सह नोडल अधिकारी के रूप में सत्र 2024-25 में विद्यार्थियों के रिकॉर्ड नामांकन एवं 77 विद्यार्थियों के चयन कराने में अथक प्रयास किए गए हैं।

इन चयनित विद्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा नवाचारी मॉडल बनाने के लिए 10000 रुपए की धनराशि उनके खाते में भेजी गई है।

अश्वनी कुमार जैन ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फिरोजाबाद आशीष कुमार पाण्डेय, जनपद के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक, शिक्षक साथियों एवं मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए सभी से अपील की है कि विद्यार्थियों को इन्सपायर अवार्ड मानक योजना, विज्ञान एवं अन्य सभी विषयों से सम्बंधित प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक प्रतिभाग कराकर उनकी कार्य करने की क्षमता में वृद्धि करें।

पुलिस ने मुठभेड़ में चार अभियुक्त पकड़े तीन गोली लगने से घायल

दैनिक समाज जागरण
ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। जनपद पुलिस ने पुलिस मुठभेड़ के दौरान चार शातिर चोर गिरफ्तार किए है। उनके कब्जे से चोरी का सामान तथा हथियार बरामद किए है।गोली लगने से तीन लोग घायल हुए। पुलिस को उनके बारे में पता चला था। उनके बारे में पता चलते ही प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे थाना रामगढ, प्रभारी निरीक्षक प्रेम शंकर पाण्डे प्रभारी एण्टी थेफ्ट टीम उप निरीक्षक अमित तौमर सर्विलांस एसओजी प्रभारी मय टीम के साथ फैक्ट्री एरिया पहुंचे। पुलिस को देख अभियुक्तों ने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। पुलिस पार्टी ने आत्मरक्षार्थ गोली चलाई। जवाबी कार्यवाही में तीन अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गए।

पुलिस ने मुठभेड़ में खेमकरन पुत्र

दाऊदयाल, पारस उर्फ शोर्य पुत्र रामवीर व करन पुत्र नौरंगी लाल निवासी बझेरा बुजुर्ग थाना अराव को पकड़ा। बाद में प्रदीप उर्फ अकल कुमार पुत्र नारायन सिह निवासी रामनगर थाना शिकोहाबाद को पकड़ा।खेमकरन, पारस उर्फ शौर्य तथा करन पैर में गोली लगने से घायल हो गए।

पुलिस ने अभियुक्तों के पास से एक ट्रैक्टर स्वराज, एक ट्रैक्टर ट्राली, एक ई रिक्शा, 50 सोलर प्लेट, 03 तमंचा 315 बोर, 06 खोखा कारतूस 315 बोर, 06 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किए है। घायल अभियुक्तगण को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। उनका उपचार चल रहा है।

फ्रंटऑफिस के विरोध में तहसीलों की हड़ताल रहेंगी जारी

दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया

अलीगढ़ : फ्रंट कार्यालय खोले जाने को लेकर सोमवार को मण्डलायुक्त से की गई मुलाकात विफल रही, मंगलवार को तहसील कोल राजस्व बार एसोसिएशन की एक बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब प्रशासन स्तर पर कोई वार्ता नहीं की जायेगी और जब तक शासन स्तर से फ्रंट ऑफिस खोलने का निर्णय वापस नहीं लिया जाता है तब तक हड़ताल जारी रहेगी। बैठक की अध्यक्षता विजय सिंह तेवतिया व संचालन महासचिव महेन्द्र प्रताप धाकड़े ने किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुये अध्यक्ष ने कहा कि मण्डलायुक्त से मांग की गई थी कि फ्रंट ऑफिस व निजीकरण का खण्डन होता है तो हड़ताल समाप्ति में कोई दिक्कत नहीं होगी, किन्तु ऐसा कुछ स्पष्ट खण्डन नहीं हुआ। समाचार पत्रों से ज्ञात हुआ कि मण्डलायुक्त द्वारा कहा गया कि फ्रंट ऑफिस खोले जाने के लिये शासन से कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है तथा वहीं डीआईजी स्टाम्प द्वारा गया कहा गया कि फ्रंट ऑफिस से काम काज का तरीका नहीं बदलेगा। दोनों उच्चाधिकारियों की बातों में भिन्नता है। पूर्व में भी अधिकारियों द्वारा फ्रंट ऑफिस न खोलने को लेकर कोई स्पष्ट खण्डन नहीं किया गया है। अध्यक्ष ने कहा कि प्रशासन स्तर पर अब तक हर वार्ता विफल रही है। शीघ्र ही अन्य जिलों की तहसीलों में सम्पर्क कर धरने को उग्र रूप दिया जायेगा तथा जल्द ही लखनऊ स्तर पर एक विशाल धरना प्रदर्शन भी आयोजन किया जायेगा। बैठक में अनुज राघव, दीपक वर्मा, ओ0पी0 सिंह, चतुर सिंह, विवेक आनन्द, अतर सिंह, रमेश सिंह, ओ0पी0 शर्मा, राजू शर्मा, सुरेश बाबू, अवधेश चौहान, सत्यप्रकाश तौमर आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

मोर का शिकार करके ले जा रहे युवक को ग्रामीणों ने पीटा

दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया

अलीगढ़ : मोर की हत्या करके जा रहे एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया, ग्रामीणों ने जब युवक का थैला खोलकर देखा तो उसमें राष्ट्रीय पक्षी मोर का लहूलुहान शव मिला, जिसे आरी से काटा गया था। वहीं आरोपी का दूसरा थैला देखने पर उसके अंदर से तोते और कछुए के जिंदा बच्चे भी मिले हैं, जिसके बाद ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पीटा व उसे पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपी युवक ने आरी से काटकर मोर की हत्या की थी और इसे पकाकर खाने के लिए साथ ले जा रहा था।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कासिम निवासी थाना रोरावर

क्षेत्र के शाहजमाल बताया है, आरोपी का कहना है कि मोर उसे मरा हुआ मिला था, जिसके बाद वह उसे अपने साथ लेकर जा रहा था। जबकि ग्रामीणों ने उसके ऊपर मोर की हत्या करने का आरोप लगाया है। राष्ट्रीय पक्षी का मामला होने पर वन विभाग की टीम भी तत्काल मौके पर पहुंच गई और मामले की जॉच शुरू की। आरोपी के खिलाफ तहरीर लेकर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया, जिससे उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। वहीं मोर के शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण कराया गया, जिससे कि उसके मौत के कारण स्पष्ट हो सके। वहीं आरोपी के पास से बरामद हुए जिंदा पक्षी और कछुए के बच्चों को भी वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है, जिससे कि उन्हें जंगल में सुरक्षित छोड़ा जा सके। पुलिस क्षेत्राधिकारी अतरौली सर्जना सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया गया है और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है। मोर का अंत्यपरीक्षण कराया जा रहा है, जिससे मौत के कारण स्पष्ट हो जाएंगे।

वक्फ बोर्ड बिल गरीब मुसलमानों के उत्थान के लिए है ---सतीश दिवाकर

दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद भारतीय जनता पार्टी महानगर फिरोजाबाद के महाअध्यक्ष सतीश दिवाकर ने वार्ता के दौरान बताया कि कल दिनांक 7 मई 2025 दिन बुधवार दोपहर 12 बजे सरस्वती शिशु मंदिर (बच्चू बाबा) ककरूऊ कोठी जलेसर रोड फिरोजाबाद में में वक़्फ सुधार जन जागरण अभियान के अंतर्गत अल्पसंख्यक प्रबुद्ध नागरिक संवाद कार्यक्रम आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रहेंगे। वार्ता के पश्चात महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर ने बताया कार्यक्रम को भव्य दिव्य बनाने हेतु कार्यक्रम के सभी विषयों की बिंदु बार शहर के अल्पसंख्यक समाज के प्रबुद्धजनों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। अल्पसंख्यक समाज के प्रबुद्ध जनों को कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौपी गई।। सभी से डोर टू डोर सम्पर्क किया जा रहा हैं।।वक़्फ बोर्ड बिल गरीब मुसलमानों के उत्थान के लिए है । कुछ विपक्षी दल गुमराह कर रहे हैं। वार्ता के दौरान मनीष असीजा ने कहा कि वक़्फ सुधार जनजागरण अभियान

अल्पसंख्यक प्रबुद्धजन सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के यशस्वी उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व वक्फ बोर्ड के विशेषज्ञ अपना उद्बोधन देंगे। जिसमें उन्होंने कहा - .मोदी व योगी के कुशल नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार की सही नियत को आम लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है, सबका साथ सबका विकास , सबका विश्वास के मूल मंत्र पर भाजपा सरकार व पार्टी कार्य कर रही हैं। पसमाँदा व गरीब मुस्लिमों के हक में फैसला हुआ है, यह गरीबों के हक में फैसला हुआ है, स्वागत योग्य है। वक़्फ बोर्ड से किसी गरीब मुसलमान का भला नहीं हुआ, केवल भ्रष्टाचार हुआ। वक्फ बोर्ड का गठन कांग्रेस ने इसीलिए किया ताकि मुस्लिम तुष्टिकरण हो सके,सनातन और देश को नुकसान पहुंचा सके.

वक्फबोर्ड का किसी गरीब मुसलमान और मुस्लिम धर्म के हित से कोई संबंध नहीं है. अगर संबंध है तो चंद नेता और भूमाफियाओं को है जिनके निजी हित इसके माध्यम से सिद्ध हो रहे हैं. इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता नानक चन्द्र अग्रवाल , कन्हैया लाल गुप्ता पूर्व महानगर अध्यक्ष , आनन्द अग्रवाल , डॉ अमित गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी , डॉ एस पी लहरी , राधेश्याम यादव , विवेक अग्रवाल , शैलेंद्र गुप्ता शालू , दीपक गुप्ता कालू , आकाश गुप्ता , सत्यवीर गुर्जर , सतीश चंद्र प्रजापति , पिंकी चक , शिवम शर्मा , केपी सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

प्रत्येक व्यक्ति को जन्मदिन, सालगिरह या अन्य किसी भी खुशी के मौके पर गायों को हरा चारा या अन्य सामग्री खिलाकर पुण्य अर्जित करना चाहिए : गजानंद अग्रवाल बहल

बहल के पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने मनाया अनोखे अंदाज में जन्मदिन, गौशाला में करवाई गौ सेवा

दैनिक समाज जागरण, (महेन्द्र जावला बहल)

बहल, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बहल के पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने अपना जन्मदिन मनाया अनोखे अंदाज में । उन्होंने सुबह श्री अलख गौशाला बहल पहुंचकर गायों को हरा चारा और गुड़ खिलाया। उनके साथ उनके कई साथी भी मौजूद रहे। अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार जन्मदिन, सालगिरह या अन्य किसी भी खुशी के मौके पर गायों को हरा चारा, खल, बिनौले या अन्य सामग्री खिलाकर पुण्य अर्जित करना चाहिए। इससे न केवल आत्मिक शांति मिलती है बल्कि व्यापार और जीवन में एवं परिवार में भी तरक्की होती है। आपको बता दें कि गजानंद अग्रवाल श्री अलख गौशाला के अध्यक्ष भी हैं। गौशाला में उपस्थित लोगों ने अग्रवाल को मिठाई खिलाई और उनके दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए भगवान से प्रार्थना भी की। गजानंद अग्रवाल जब गांव के सरपंच रहे, तब उनके नेतृत्व में गांव में अमन- शांति, स्वच्छता और विकास का विशेष ध्यान रखा गया। उन्होंने एक पिछड़े हुए बहल कस्बे को आदर्श गांव की श्रेणी में लाने के लिए अहम भूमिका निभाई। उनके कार्यकाल में गांव में सड़कें, पानी की व्यवस्था,साफ-सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाया गया। आज भी

गांव के लोग गजानंद अग्रवाल द्वारा कराए गए विकास कार्यों को याद करते हैं और उनकी सराहना करते हैं। इस अवसर पर मुना तिवाड़ी, सुशील चैहडिया, शिवकुमार गोस्वामी, संदीप लाखलाण, विजय शर्मा, रामसिंह जांगड़ा शेरलावाले, पवन सोनी, सज्जन साबू, प्रभू राम जांगड़ा,भगत सिंह गोस्वामी, बलबीर मेचू, रामभगत खन्ना, सुनील चांदला, जगदीश जावला, राजेश ,रामभगत सैनी, राजकुमार शेरला एवं बिनोद जांगड़ा ने पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल को दी जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं।

सरकार की सभी योजनाओं से जनता को करें अच्छांदित: जिलाधिकारी।

सरकार का उद्देश्य आपको आत्मनिर्भर बनाना है, इसके लिए संपूर्ण प्रशासन प्रतिबद्धता के साथ आपके साथ खड़ा है: जिलाधिकारी।

दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद! शासन का सर्वोत्तम स्वरूप तभी उभर के सामने आता है, जब सामान्य जनता और अधिकारियों के बीच समन्वय हो, संवाद हो और अधिकारी स्वयं जनता के बीच रहकर अपने द्वारा संचालित कार्यक्रमों और योजनाओं को साझा करें, जिलाधिकारी ने इस उद्देश्य से जिले में जीरो पॉवर्टी अभियान को साकार करने हेतु अन्त्योदय से सर्वोदय कार्यक्रम की शुरूआत की है, आज ग्राम पंचायत इटौरा में सभी विकासपरख योजनाओं से जुड़े जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ उपस्थित रहकर ग्राम वासियों के समक्ष सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की, साथ ही वहां उपस्थित नागरिकों से संवाद कायम कर सरकार द्वारा मिल रही योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी भी ली, सभी अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि सरकारी योजनाओं के पात्र जो भी लाभार्थी है, उन्हें इन योजनाओं से आछांदित करें, इस क्रम में उन्होंने वहां उपस्थित नागरिकों से वातार्लाप किया और उनकी स्थितियों को जाना, इस क्रम में उन्होंने सुनील कुमार से वातार्लाप की और उन्हें ज्ञात हुआ कि सुनील कुमार मजदूरी करते हैं लेकिन अभी तक इनका राशन कार्ड नहीं बना है और न ही उनके पास पक्का घर है, जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी और परियोजना निदेशक को निर्देशित किया कि इनका तुरंत राशन कार्ड बनाएं और प्रधानमंत्री आवास योजना से अच्छांदित करें इसी तरह वहां उपस्थित रमाशंकर से बात करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञात हुआ कि रमाशंकर को कुम्हारी का कार्य करते हैं, जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग से कहा कि मुख्यमंत्री विश्वकर्मा और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा के तहत मदद दिलाऐं, जिससे उनके जीवन में स्थायित्व आ सके और इनका व्यवसाय भी आगे बढ़ सके, इसी तरह अरविंद नामक व्यक्ति से जिलाधिकारी ने पूछा कि यदि आपको मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का लाभ दिल दिया जाए तो आप क्या करेंगे इस पर उन्होंने कहा कि मैं अपना स्वंय का सैलून खोलूंगा, जिलाधिकारी ने इनको बैंक से लोन दिलाने हेतु मदद करने की बात कही, जिला पूर्ति अधिकारी को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यहां पर जिस जिसके राशन कार्ड नहीं बने हैं, उनका राशन कार्ड बनवाएं, जिलाधिकारी ने अंत में यह कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ यदि पात्र लाभार्थियों को समुचित तरीके से मिलेगा, तो जनपद शीघ्र ही जीरो पॉवर्टी की ओर अग्रसर होगा, साथ ही उन्होंने वहां उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार आपको आत्मनिर्भर बनना चाहती है, इसलिए शासन की ओर से मिलने वाली मदद का सही उपयोग करें। इस दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों ने अपने यहां संचालित सभी योजनाओं की जानकारी दी, जिलाधिकारी ने इटौरा गांव में बने पुस्तकालय का उद्घाटन भी किया, जहां पर बच्चे और बच्चियों विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हुए मिले, वहां उपस्थित ग्राम प्रधान सूबेदार सिंह राठौर ने बताया कि यहां बच्चों के अंदर पढ़ने का जुनून है और वह यहां रात के 12 बजे तक अध्ययनरत रहते हैं, जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार का इसके पीछे यही उद्देश्य है और यही उपलब्धि भी, जिलाधिकारी इसके अलावा यहीं पर बने विलेज हॉट का भी निरीक्षण करने गए, यहां पर ओपन जिम इत्यादि का निर्माण करा जा रहा है, जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि यहां पर बाजार सोमवार और गुरुवार को लगता है, जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित सब्जी विक्रेताओं से भी वार्ता की, जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि विलेज हॉट 2023-24 में पूरा हुआ है, जिलाधिकारी ने कहा कि यहां पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित सामानों की भी बिक्री कराऐं, साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी आरआरसी सेंटर है, उनका उपयोग भी विलेज हाट बाजार में कराया जाए, जिलाधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, जिला विकास अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, परियोजना निदेशक, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण का हुआ समापन

ऊर्जांचल संवाददाता मु० हफीज फुलील। दैनिक समाज जागरण

अनपरा/ सोनभद्र । अवधूत भगवान राम पी. जी. कॉलेज, अनपरा के बी.एड. विभाग के द्वारा मंगलवार को स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण का समापन महाविद्यालय प्रांगण में हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय विक्रम सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ. अभय शंकर द्विवेदी विभागाध्यक्ष हिन्दी विभाग, एवं डॉ. आलोक श्रीवास्तव अनुशास्ता प्रमुख रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा की "स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वारा सभी स्वावलंबी एवं आत्म निर्भर बन सकते हैं।" कार्यक्रम के प्रशिक्षक सुनील कुमार सिंह व शैलेंद्र कुमार मिश्र रहें। इस कार्यक्रम में बी. एड. विभाग के स्काउट प्रभारी इंद्रा बहादुर और गाइड प्रभारी नीलिमा जोशी तथा समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे। बी. एड. विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्र चौहान ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

डी बी ए द्वारा छत्रपति शाहू जी महाराज के परिनिर्वाण दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

ज्योतिबा फुले और आंबेडकर के बीच की कड़ी थे छत्रपति शाहूजी महाराज

ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण

सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के सभागार में एसोसिएशन के अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में छत्रपति शाहू जी महाराज के परिनिर्वाण दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।
वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने छत्रपति शाहूजी महाराज ने दलितों और स्त्रियों के अधिकारों के लिए ठोस कदम उठाए, 1919 में उन्होंने अछूतों को इलाज के लिए अस्पताल में प्रवेश का अधिकार दिया, इसके पहले अन्य सार्वजनिक स्थानों की तरह किसी अछूत का अस्पताल में भी प्रवेश वर्जित था, इसी साल उन्होंने एक आदेश द्वारा प्राइमरी स्कूल से लेकर कॉलेजों में दलितों के साथ होने वाले अन्याय और दुर्व्यवहार को समाप्त कर दिया! अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट ने कहा कि शाहू जी महाराज के योगदान को याद किया। 26 जून 1874 को जन्मे शाहू जी महाराज कोल्हापुर रियासत के राजा थे। उन्होंने अपने राज्य में सर्वप्रथम आरक्षण व्यवस्था लागू की। साथ ही सभी के लिए मुफ्त शिक्षा और विधवा पुनर्विवाह के लिए कानून बनाया।
मीडिया प्रभारी राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि शाहू जी महाराज ने शोषित, वंचित और पिछड़े वर्ग के लिए शिक्षा के द्वार खोले। उन्होंने प्रजा को बराबरी के अधिकार दिलाए। जातिवादी चुनौतियों का सामना करते हुए एक सच्चे समाज सुधारक के रूप में काम किया।
श्रद्धांजलि सभा का संचालन महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य एडवोकेट ने किया।
इस अवसर पर चौधरी यशवंत सिंह, रामभरोसे सिंह, सुरेश सिंह कुशवाहा, जगरनाथ सिंह, कृष्णनंद सिंह, शांति वर्मा, अभिषेक सिंह, अनिल कुमार सिंह, त्रिलोक मौर्य, महेंद्र आर्य, शैलेंद्र सिंह, अन्य कई लोगों ने भी निर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि दी।

कोन ब्लॉक की जन समस्याओं को लेकर प्रतिनिधि मंडल ने खण्ड विकास अधिकारी से की मुलाकात

पानी और आवास मुद्दों पर गंभीर चर्चा

ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कोन ब्लॉक में स्थानीय नागरिकों की जनसमस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने खंड विकास अधिकारी से भेंट की। इस दौरान क्षेत्र में गर्मियों के दौरान पानी की गंभीर समस्या, पात्र व्यक्तियों को आवास एवं शौचालय जैसी योजनाओं का लाभ न मिल पाना, जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।
खंड विकास अधिकारी ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में पानी की सप्लाई निरंतर की जा रही है और जहाँ भी समस्या होगी, वहाँ विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ केवल योग्य और पात्र लाभार्थियों को ही दिया जा रहा है और यह प्रक्रिया आगे भी पारदर्शिता के साथ जारी रहेगी।
इस अवसर पर अपना दल (एस) युवा मंच उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद पटेल दयालु ने कहा कि हसरकार की जनकल्याणकारी योजनाएँ तभी सफल होंगी जब इनका लाभ सही व्यक्ति तक पहुँचे। हमें जमीनी स्तर पर यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को वंचित न किया जाए। सरकार की हर योजना पारदर्शी और ईमानदारी से लागू होनी चाहिए।
इस बैठक में अपना दल (एस) के कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल रहे, जिनमें प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक मंच महताब आलम, जिला उपाध्यक्ष शिब्बू शेख, जिला सचिव संतोष कनौजिया, पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेश अग्रहरी, तथा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ओबरा विकास कुमार गौड़ शामिल रहे।

यातायात जागरूकता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक।

संवाददाता शिव प्रताप सिंह। दैनिक समाज जागरण

ओबरा/ सोनभद्र। शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा कराया गया यातायात संचालन व छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गयी तथा अपील किया गया कि वे मोबाइल से बात करते हुए, अत्यधिक तेज गति में तथा गलत दिशा से वाहन न चलायें जिससे कि सभी सुरक्षित अपने-अपने घरों पर पहुंचे तथा सभी से बिना लाइसेंस के वाहन न चलाने हेतु अपील की गयी साथ ही साथ सड़क पर वाहन चलाते समय वाहनों के बीच उचित दूरी बनाये रखने हेतु भी जागरुक किया गया। इसके अलावा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए जागरूक किया गया।

वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर खड़े ट्रक से टकराई कार, जलकर हुई खाक।

ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण

सोनभद्र। जनपद के मधुपुर बाजार के पास वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर एक गंभीर सड़क दुर्घटना ने यात्रियों के बीच हड़कंप मचाया। बीती रात को आजमगढ़ निवासी अमीर चंद्र सोनकर अपनी निजी कार से अहरौरा, मिर्जापुर में बारात करके चोपन लौट रहे थे, तभी एक सड़क पर खड़े ट्रक से उनकी कार टकरा गई। इस भीषण टक्कर के बाद कार में आग लग गई, जो देखते ही देखते कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। दुर्घटना बीती देर रात मधुपुर के दक्षिणी त्रिमुहानी के पास हुई। अमीर चंद्र सोनकर अपनी कार के साथ जा रहे थे और अचानक खड़े ट्रक को देख नहीं पाए। कार अनियंत्रित होकर ट्रक के पीछे से टकरा गई। टक्कर की तीव्रता से कार में आग लग गई। यह संयोग ही था कि कार सवार लोग समय पर कार से बाहर निकलने में सफल रहे, जिससे किसी भी प्रकार की हानि नहीं हुई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को बुलाया गया, लेकिन वह लगभग एक घंटे में घटना स्थल पर पहुंची। तब तक आग की लपटें कार को पूरी तरह जलाने में सफल हो चुकी थीं। पुलिस चौकी इंचार्ज बृजेश कुमार पांडे मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और कार को सड़क के किनारे हटवाया गया इसके बाद ही आवागमन सुचारू रूप से शुरू हो सका। वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग पर लगभग दो घंटे तक यातायात ठप रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रक का सड़क पर खड़ा होना बेहद खतरनाक साबित हो रहा है, और उन्होंने संबंधित प्राधिकरण से अनुरोध किया है कि सड़क पर खड़े वाहनों की निगरानी बढ़ाई जाए ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। लोगों का कहना है कि स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि वे ट्रकों को निर्धारित स्थानों पर खड़ा करने की सलाह दें और सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाएं। इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों और यात्रियों ने सुरक्षा के प्रति एक गंभीर सवाल उठाया है। उम्मीद है कि प्रशासन इस दिशा में और अधिक प्रभावी कदम उठाएगा जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

नवागत बीईओ का हुआ स्वागत, निवर्तमान बीईओ को दी गई भावभीनी विदाई

संवाददाता अरुण पांडेय गुरूजी। दैनिक समाज जागरण

घोरावल/ सोनभद्र। शिक्षा क्षेत्र घोरावल के ब्लॉक संसाधन केंद्र सभागार में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा नवागत खंड शिक्षा अधिकारी श्री अरविंद कुमार पटेल का स्वागत किया गया एवं निवर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह को भावभीनी विदाई दी गई।
बीआरसी सभागार में शिक्षकों ने नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार पटेल को पुष्पगुच्छ देकर एवं अंगवस्त्रम पहना स्वागत किया गया।
राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिलाध्यक्ष अशोक कुमार त्रिपाठी ने नवागत बीईओ का स्वागत करते हुए कहा कि यहां के शिक्षक उनके नेतृत्व में कंधे से कंधा मिला कर शैक्षिक स्तर को नई ऊंचाईयों पर ले जायेंगे। उन्होंने नवागत बीईओ को अवगत कराते हुए की घोरावल ब्लॉक का क्षेत्र काफी बड़ा है जिसके कई इलाके दुर्गम भी हैं। ऐसे में शिक्षकों की समस्याओं, पावना निराकरण व्यावहारिक रूप से किये जाने तथा शिक्षकों की कठिनाइयों के निराकरण का भी आग्रह किया।
नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी ने भी सबके सहयोग से शिक्षा व्यवस्था को चलाने एवं शिक्षकों की समस्याओं के हर संभव समाधान का आश्वासन दिया।
इसके साथ ही विकास खण्ड घोरावल के निवर्तमान बीईओ अशोक कुमार सिंह के स्थानांतरण पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ एवं शिक्षकों ने भावभीनी विदाई दी। उनके लगभग चार साल के कार्यकाल के संस्मरण को साझा करते हुए शि ने उनके नवीन कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी।
जिला महामंत्री इंदुप्रकाश सिंह ने कहा कि चार वर्ष का कार्यकाल शिक्षकों के लिए सुखद संस्मरण रहा। निवर्तमान खण्ड शिक्षा अधिकारी ने अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षकों की सामयिक निराकरण का हरसंभव प्रयास किया। जिला मंत्री देवेंद्र गंगवार ने भावभीनी विदाई देते हुए कहा कि सरल एवं सहज स्वभाव के खंड शिक्षा अधिकारी शिक्षकों के लिए हर समय उपलब्ध रहते थे। विकाश खंड के शिक्षकों को उनकी कमी निश्चित तौर पर खेलेगी। इस दौरान देवेंद्र गंगवार, कमलेश गुप्ता, ममता पाण्डेय, दिवाकर तिवारी, दीनबंधु त्रिपाठी, अखिलेश सिंह, संजय मिश्रा, राजीव कुमार, संजय सिंह, कृष्ण कुमार, शिवम् अग्रवाल, वकील अहमद, वर्तिका, मयंक दुबे, उमेश दुबे, दिनेश दुबे, प्रभाशंकर मिश्र, प्रदीप सिंह, संतोष शुक्ल, राजेश बैस समेत कई शिक्षकगण उपस्थित रहे।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

संवाददाता अरुण पांडेय गुरूजी। दैनिक समाज जागरण

घोरावल/ सोनभद्र। घोरावल कोतवाली क्षेत्र के खरूआंव गांव में सोमवार की रात को हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना ने क्षेत्र में सहयोगियों और परिजनों के बीच शोक की लहर दौड़ा दी है। जानकारी के मुताबिक, कम्हरिया गांव के निवासी ओमप्रकाश (22), जोकि लल्लू का पुत्र हैं, अपने दो भतीजों के साथ बाइक पर किसी कार्य के लिए निकले थे। जैसे ही वे बाइक से गांव की तरफ लौट रहे थे, कम्हरिया मोड़ के समीप उनकी बाइक को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इस टक्कर में ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौत हो गई। उनके दो भतीजे, राजा (25) और सोनू (22) भी इस दुर्घटना में घायल हो गए। स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक रामस्वरूप वर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को एंबुलेंस से घोरावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजा, जहां डॉक्टरों ने ओमप्रकाश को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर घोरावल चौकी प्रभारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने सीएचसी जाकर मृतक के परिवार से पूरी जानकारी ली। बताया जाता है कि ओमप्रकाश चेन्नई में काम करता था और हाल ही में अपने भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए घर आया था। वह चार भाइयों में सबसे छोटा था और अविवाहित था। इस दुखद घटना के कारण उसके परिजनों में कोहराम मच गया है। प्रभारी निरीक्षक रामस्वरूप वर्मा ने बताया कि मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि घटना के बाद परिजनों की ओर से मिल रही तहरीर के आधार पर एक्सीडेंट के मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अज्ञात ट्रैक्टर और उसके चालक की तलाश कर रही है।

ओबरा मेधावी छात्र/ छात्रा सम्मान समारोह 2024/25

ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ दैनिक समाज जागरण

सोनभद्र। मातृत्व फाउंडेशन सोनभद्र के तत्वाधान में पुनः एक बार फिर मेधावी छात्र छात्रा सम्मान समारोह 2024 25 का सफल आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में यूपी बोर्ड और सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में 85% से 100% तक अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्र और छात्रों को मातृत्व फाउंडेशन सोनभद्र द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। यह सोनभद्र जनपद का सबसे बड़ा सम्मान समारोह होगा। मातृत्व फाउंडेशन सोनभद्र के अध्यक्ष जय शंकर भारद्वाज ने बताया कि हमारी संस्था हर साल की भांति इस वर्ष भी मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन कर रही है। जिसमें जान पद सोनभद्र के समस्त मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह सोनभद्र जनपद का सबसे बड़ा सम्मान समारोह होगा जिसमें सोनभद्र जनपद के लगभग 200 से 300 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

मातृत्व फाउंडेशन

सरकारी अस्पताल की दुर्व्यवस्था को लेकर सपा ने किया प्रदर्शन, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी कार्यकताओं ने मेडिकल कॉलेज की दुर्व्यवस्था को लेकर कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन और जिलाधिकारी महोदय को दिया ज्ञापन, युवजन सभा के प्रदेश सचिव प्रदीप यादव ने कहा कि एक हफ्ते से मेडिकल कॉलेज में बिजली की दुर्व्यवस्था और जनरेटर कई महीनो से खराब

है जिससे गर्मी में मरीज व्याकुल है मरीज को ठीक ढंग से इलाज नहीं हो पा रहा है मरीज के परिजन परेशान है प्रमोद यादव ने कहा कि प्रदेश के डिप्टी सीएम स्वास्थ्य मंत्री आंख पर काली पट्टी बांधकर मौन धारण किए हुए हैं, प्राइवेट अस्पताल मरीज का शोषण कर रहे हैं और सोनभद्र के सत्ता शासन के विधायक मंत्री मूकदर्शक बने हुए हैं, युवजन सभा के प्रदेश सचिव प्रदीप यादव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार में आम जनमानस परेशान है प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में दवाई नदारत हैं अल्ट्रासाउंड बंद पड़ा हुआ है मरीज के परिजन प्राइवेट अस्पतालों का सहारा ले रहे हैं जिससे हम जनमानस में सरकार के प्रति निराशा वह आक्रोश बढ़ता जा रहा है, इस मौके पर सुरेश अग्रहरि जुनैद अंसारी मुन्ना कुशवाहा सत्य प्रकाश पटेल धीरेंद्र बैसवार परमानंद गौड़ मौजूदरहे।

शांति व करुणा का पर्व बुद्ध पूर्णिमा 12 मई को, स्नान-दान से मिलती है मुक्ति

यह केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि अहिंसा, करुणा और आत्मबोध का देता है संदेश

दैनिक समाज जागरण

सोनभद्र। शांति व करुणा का पर्व बुद्ध पूर्णिमा इस वर्ष 12 मई को दुद्धी तहसील सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा व आस्था के साथ मनाई जाएगी. यह दिन भगवान गौतम बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण से जुड़ा है, इसलिए इसे त्रिविध पावन पर्व कहा जाता है. बुद्ध पूर्णिमा का सबसे विशेष आयोजन बोधगया में होता है,जहां उन्होंने ज्ञान प्राप्त किया था. बुद्ध पूर्णिमा केवल धार्मिक पर्व नहीं, तीर्थ स्थलों में बल्कि अहिंसा, करुणा और आत्मबोध का संदेश देने वाला दिन है. हर वर्ष वैशाख महीने की पूर्णिमा तिथि पर भगवान बुद्ध का जन्मोत्सव का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है. बौद्ध धर्म के अनुसार भगवान बुद्ध का जन्म वैशाख पूर्णिमा की तिथि पर हुआ था. हिंदू धर्म मे भगवान बुद्ध को विष्णु जी का अवतार माना जाता है. इस दिन भगवान विष्णु के साथ भगवान बुद्ध और चंद्रदेव की भी पूजा की जाती है. शास्त्रों के अनुसार, वैशाख पूर्णिमा सभी में श्रेष्ठ मानी गई है. प्रत्येक माह की पूर्णिमा जगत के पालनकर्ता श्री हरि विष्णु भगवान को समर्पित होती है. भगवान बुद्ध को भगवान विष्णु का नौवां अवतार माना गया है. जिन्हें इ सी पावन तिथि के दिन पवित्र तीर्थ स्थान बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व की प्राप्ति हुई थी. इस दिन श्रद्धालु पवित्र तीर्थ स्थलों में स्नान, दान कर पुण्य अर्जित करते हैं. भगवान बुद्ध का अष्टांगिक मार्ग वह माध्यम है जो दुख के निदान का मार्ग बताता है. उनका यह अष्टांगिक मार्ग ज्ञान, संकल्प, वचन,कर्म, आजीव, व्यायाम,स्मृति और समाधि के संदर्भ में सम्यकता से साक्षात्कार कराता है. वैशाख पूर्णिमा भगवान बुद्ध के जीवन की तीन हम बातें, बुद्ध का जन्म, बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति एवं बुद्ध का निर्वाण के कारण भी विशेष तिथि मानी जाती है. गौतम बुद्ध ने चार सूत्र दिए उन्हें चार आर्य सत्य के नाम से जाना जाता है।

प्लास्टिक मुक्त बनाने का अभियान जोरों पर

ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण

सोनभद्र। जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाने का अभियान जोर पकड़ रहा है। अब चतरा ब्लॉक के लेडुआ ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान लालू प्रसाद यादव जिला उपाध्यक्ष प्रधान संगठन खण्डकार्यवाह चतरा आर. एस. एस. ने अपने गांव को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए लेडुआ के ग्राम प्रधान लालू प्रसाद यादव ने खुद बागडोर संभाली है। वह आज स्वयं सुबह ई-रिक्शा लेकर स्वयं घर-घर जाकर प्लास्टिक कचरा एकत्रित कर रहे हैं। लोगों को प्लास्टिक के खतरे बता रहे हैं और बोरी में प्लास्टिक संग्रहण के लिए जागरूक भी कर रहे हैं। प्रधान की यह कोशिश चर्चा में है। पंचायत राज विभाग ने करीब दो माह पहले प्लास्टिक मुक्त अभियान की शुरूआत की थी। पहले चरण में इसे चुनिंदा गांवों में ट्रायल के रूप में लागू किया गया है। अभियान को प्रदेश व देश स्तर पर सराहना मिलने के बाद लोगों का उत्साह बढ़ा है। हर कोई इसमें अपनी ओर से सहभागिता के लिए तत्पर है।
ग्राम प्रधान ने ऐसे की शुरूआत चतरा ब्लॉक के छोटे से ग्राम पंचायत लेडुआ के ग्राम प्रधान लालू प्रसाद यादव जिला उपाध्यक्ष सोनभद्र प्रधान संगठन खण्ड कार्यवाह चतरा आर एस. एस. ने भी अपने गांव को सबसे पहले प्लास्टिक मुक्त करने की ठानी है आज सुबह स्वयं ई रिक्शा लेकर खुद घरों से प्लास्टिक एकत्रित किये हैं। ग्राम प्रधान लालू प्रसाद यादव ने बताया कि जब विकास भवन में प्लास्टिक के लिए अभियान चलाया गया तो मैं भी देखा इसी से प्रेरित होकर अपने गांव को प्लास्टिक के खतरे से बचाने का संकल्प लिया।
प्रधान ने बताया कि आज 10' के आस पास इकट्ठा किए गए प्लास्टिक को आरआरसी पर स्वयं ई रिक्शा चलाकर प्लास्टिक को आरआरसी सेंटर पर इकट्ठा कर लिया गया है। साथ मे ग्राम पंचायत लेडुआ के सफाई कर्मचारी सुरेश भी रहे सिंगल यूज प्लास्टिक को निस्तारण के लिए आगे भेज दिया जाएगा।

चोपन से भरहरी तक बनी करोड़ों की लागत वाली सड़क हुई जर्जर, दुर्घटना का बना रहता है आशंका।

ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण

सोनभद्र। चोपन से भरहरी तक हाल ही में करोड़ों की लागत से बनी सड़क अब अपनी जर्जर हालत पर सवाल खड़े कर रही है। लगभग दिसंबर माह में बनी यह सड़क कुछ ही महीनों में जगह-जगह दरारों और गड्ढों से भर गई है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
सड़क पर बने गहरे गड्ढों की वजह से विशेष रूप से बाइक सवारों के लिए सफर जानलेवा साबित हो रहा है। कई बार गड्ढों को बचाने के चक्कर में बड़े वाहन किनारे से होकर गुजरते हैं, जिससे सामने से आ रहे दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बाइक सवार अक्सर अचानक किनारे होकर रुक जाते हैं, जिससे किसी भी समय गंभीर हादसा हो सकता है।
यह सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनवाई गई थी, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता पर अब सवाल उठ रहे हैं। आम जनता का कहना है कि इतनी बड़ी लागत से बनी सड़क अगर कुछ ही महीनों में खराब हो गई, तो इसकी जांच होनी चाहिए और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। स्थानीय लोगों ने विभाग से अपील की है कि जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत कराई जाए, जिससे राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। अगर समय रहते सुधार कार्य नहीं किया गया, तो कभी भी कोई बड़ा हादसा घट सकता है।

बार एसोसिएशन दुद्धी ने एक्ट तथा अधिवक्ता कल्याण निधि को लेकर सरकार से की मांग

अधिवक्ता कल्याण निधि से 5 लाख से बढ़ाकर 15 लाख, करने की घोषणा करे सरकार

दैनिक समाज जागरण

दुद्धी/ सोनभद्र। दुद्धी व सिविल बार एसोसिएशन ने मंगलवार को संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता कर एडवोकेट एक्ट व अधिवक्ता कल्याण निधि को लेकर मांग किया. दुद्धी बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रेमचंद यादव व सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रभु सिंह कुशवाहा ने कहा कि झारखंड प्रदेश सरकार ने अपने प्रदेश भर के अधिवक्ताओं को अपने राज्य द्वारा स्वास्थ्य बीमा तथा अधिवक्ताओं के आश्रितों को भी स्वास्थ्य बीमा का लाभ 10 लाख रुपए तक राशि तय किया गया है. अधिवक्ताओं के प्रति स्वास्थ्य बीमा की घोषणा का झारखंड सरकार को प्रशंसा पत्र जारी किया, तथा उत्तर प्रदेश सरकार से मांग किया है कि उत्तर प्रदेश देश के सबसे बड़ी प्रदेश की सरकार है यहाँ भी प्रदेश की सभी अधिवक्ताओं का स्वास्थ्य बीमा तथा अधिवक्ता हित में अधिवक्ता कल्याण निधि 5 लाख से बढ़कर 15 लाख रुपए तक किया जाए व इसकी घोषणा करें. अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष प्रदेश बार काउंसिल उत्तर प्रदेश से भी अपील किया है कि प्रदेश सरकार से प्रतिनिधि मंडल मिलकर इस दिशा में ठोस योजना बनाकर उसे साकार करने का कष्ट करें. इस अवसर पर सचिव महेन्द्र जायसवाल, आशीष गुप्ता सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

विवेचना रजिस्टर का निरीक्षण व बीट आरक्षियों के बीट बुक का किया गया निरीक्षण।

दैनिक समाज जागरण।

चुर्क/ सोनभद्र। पुलिस लाईन चुर्क, सोनभद्र में क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय द्वारा जनपद के समस्त विवोचको के विवेचना रजिस्टर का निरीक्षण व बीट सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में समस्त बीट कर्मियों के बीट बुक का निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान बीट कर्मियों को बीट क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करते हुये बीट क्षेत्र में होने वाले अवैध कार्यों के सम्बन्ध में अभिसूचना संकलन करने तथा अवैध शराब/मादक पदार्थों/ छेड़खानी/ महिला उत्पीड़न में लिप्त अपराधियों व मनचलों/शोहदों के सम्बन्ध में जानकारी एकत्र किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही बीट में प्रभावी कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारीगण से प्राप्त निदेर्शों से अवगत कराते हुये ब्रीफ किया गया।

मिशनशक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

दैनिक समाज जागरण।

सोनभद्र। शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति (फेज-05) अभियान के तहत अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियों स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूलों/कॉलेजों, मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/ बालिकाओं/ छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससे समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

एएसपी मुख्यालय द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन में परेड की ली गई सलामी, किया गया निरीक्षण।

दैनिक समाज जागरण

सोनभद्र। कालू सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र द्वारा पुलिस लाईन चुर्क परेड ग्राउंड में मंगलवार परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। निरीक्षण के क्रम में यू0पी0-112 व थानों से आये वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण/सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की गयी। तत्पश्चात पुलिस लाईन चुर्क में स्थित क्वार्टर गार्द पर तैनात सलामी गार्द द्वारा एएसपी मुख्यालय को सलामी दी गयी जिसपर सलामी का अभिवादन स्वीकार किया गया। इस दौरान क्वार्टर गार्द, स्टोर, परिवहन शाखा, मेस, पुलिस बैरक व पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

आंगनबाड़ी भर्ती घोटाला: फर्जी प्रमाण पत्र बनवाकर हो गई नियुक्ति, चयन होगा निरस्त, अभ्यर्थियों और लेखपालों पर दर्ज होंगी एफआईआर

- प्रशासन का सख्त संदेश: "भर्ती में धांधली नहीं चलेगी"

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली। आंगनबाड़ी वर्कर भर्ती में बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। बरेली जिले में 311 पदों पर हुई नियुक्तियों में कई अभ्यर्थियों ने फर्जी आय और निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर भर्ती हासिल की।अब प्रशासन इन फर्जी अभ्यर्थियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और चयन निरस्त करने की तैयारी में है।

फर्जी दस्तावेजों से भर्ती, अब कार्रवाई की बारी

मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश की निगरानी में हुई इस भर्ती प्रक्रिया में मेरिट आधारित चयन किया गया

था। हालांकि, जांच में सामने आया कि कई अभ्यर्थियों ने लेखपालों से मिलकर गलत तरीके से प्रमाण पत्र बनवाए और दस्तावेजों में झूठ बोलकर चयन सूची में जगह पाई।

168 अभ्यर्थियों की शिकायत, 12 मामलों में

फजीर्वाड़ा साबित

आंगनबाड़ी भर्ती में अनियमितताओं को लेकर 168 अभ्यर्थियों ने शिकायतें दर्ज कराईं। इनमें से 53 शिकायतें आय, निवास, दिव्यांगता और अन्य प्रमाण पत्रों में गड़बड़ी से जुड़ी थीं। अब तक 25 मामलों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है, जिनमें 12 शिकायतें सही पाई गईं।सीडीओ जग प्रवेश ने भी सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि दोषियों का चयन निरस्त कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।

फर्जी दस्तावेज बनाने वाले लेखपाल भी जांच के घेरे में

जांच में खुलासा हुआ है कि कुछ लेखपालों ने मिलीभगत कर झूठी रिपोर्ट तैयार की और उनके आधार पर महिलाओं का चयन हुआ। अब ऐसे लेखपालों पर भी आपराधिक कार्रवाई की तैयारी हो रही है।

प्रशासन का सख्त संदेश: "भर्ती में धांधली नहीं चलेगी"

मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश ने कहा जिन अभ्यर्थियों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी पाई है, उनका चयन निरस्त कर सख़्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सर्वोपरि है

रजिस्ट्री दफ्तर में रजवी-सकलैनी समर्थकों के बीच झड़प, दोनों पक्षों में बढ़ा तनाव, घेरा एसएसपी दफ्तर

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली। शहर के सबसे व्यस्त रजिस्ट्री ऑफिस परिसर में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब मोहल्ला आजम नगर निवासी वरिष्ठ नागरिक हाजी लतीफ कुरैशी पर कुछ अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना तब हुई जब हाजी लतीफ एक कानूनी दस्तावेज (इकरारनामा) से संबंधित कार्य के लिए ऑफिस परिसर में मौजूद थे। पीड़ित हाजी लतीफ, पुत्र बाबू कुरैशी, ने बताया कि जैसे ही वे दस्तावेजी कार्रवाई में लगे थे, मोहल्ला सुखा निवासी मोहसिन खां पुत्र हसन मियाँ, उसका भाई हसनान, एक व्यक्ति मुनिरत तथा उनके साथ आए 4 से 6 अज्ञात युवकों ने उन पर अचानक हमला बोल दिया। हमला इतना अचानक और सुनियोजित था कि पीड़ित को

संभलने का मौका तक नहीं मिला। हमलावरों ने पहले उनके साथ हाथापाई की, फिर लोहे की रॉड और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हाजी लतीफ ने बताया कि हमले के दौरान उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई, जिससे उनका मनोबल और अधिक टूट गया। पीड़ित ने बताया कि यह हमला व्यक्तिगत रंजिश के चलते किया गया और हमलावर अक्सर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहते हैं।

हमले की गवाही देने वाले चश्मदीदों ने कहा कि घटना स्थल पर कई लोगों ने हमलावरों को रोका, जिसके चलते पीड़ित की जान बच सकी। हमले की गंभीरता को देखते हुए हाजी लतीफ को तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। हाजी लतीफ ने घटना के तुरंत बाद थाने में तहरीर दी, जिसमें उन्होंने हमलावरों के नामों के साथ-साथ 4झ6 अज्ञात लोगों को भी नामजद किया है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। रजिस्ट्री ऑफिस के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की शिनाख्त की जा सके।

स्थानीय लोगों में घटना को लेकर रोष है। उनका कहना है कि रजिस्ट्री ऑफिस जैसी संवेदनशील जगह पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि वहां स्थायी पुलिस तैनाती की जाए और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं। पीड़ित ने प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है और कहा है कि जब तक आरोपी खुलेआम घूमते रहेंगे, उनकी जान को खतरा बना रहेगा।

भारत-पाक युद्ध की आशंका: बरेली में मॉक ड्रिल की तैयारियां तेज, आईवीआरआई मैदान में होगा युद्ध अभ्यास

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली। भारत-पाकिस्तान के बीच संभावित युद्ध की आशंका को देखते हुए केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देश पर जिले में मॉक ड्रिल की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें सिविल डिफेंस, पुलिस, प्रशासन और वायुसेना के अधिकारियों ने भाग लिया।

आईवीआरआई मैदान में बुधवार को मॉक ड्रिल

बैठक में सिविल डिफेंस के उपनियंत्रक राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि संगठन हर आपदा से

निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी से लेकर महाकुंभ जैसे आयोजनों में सिविल डिफेंस ने प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। बुधवार को आईवीआरआई मैदान में युद्ध जैसी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल कराई जाएगी।

तीन तरह के चेतावनी संकेतों का होगा अभ्यास

ड्रिल में लोगों को हवाई हमले की स्थिति में बचाव के तरीकों, आपात चिकित्सा सेवाओं, अग्निशमन और राहत कार्यों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही तीन तरह के चेतावनी संकेतों का अभ्यास भी कराया जाएगा। पीला संकेत हमले की सूचना के लिए, लाल संकेत हमले की शुरूआत से पहले शरण लेने के लिए और हरा संकेत खतरा समाप्त होने पर बाहर निकलने के लिए होगा।

इस मौके पर एसएसपी अनुराग आर्य, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, सीडीओ जग प्रवेश सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मॉक ड्रिल की तैयारियों का जायजा लिया और युद्ध जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए सभी विभागों को सतर्क और तैयार रहने के निर्देश दिए। सिविल डिफेंस के अधिकारी ने कहा कि देश की सेवा का अवसर मिलना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। यदि युद्ध जैसी कोई परिस्थिति बनती है, तो हम अपनी जिम्मेदारी निभाने को पूरी तरह तैयार हैं।

इज्जतनगर मंडल की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस बरेली होकर रामनगर/काठगोदाम से आगरा या मथुरा तक दौड़ेगी

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली। इज्जतनगर मंडल में वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन को लेकर एक नई पहल की गई है। रेलवे अधिकारियों ने पुष्टि की है कि साल 2025 के अंत तक एक नई वंदे भारत ट्रेन बरेली होते हुए काठगोदाम या रामनगर से मथुरा या आगरा तक चलाई जाएगी। इस ट्रेन के लिए रूट और टाइम टेबल को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया जारी है।

यह वंदे भारत एक्सप्रेस सप्ताह में छह दिन चलेगी और इसके जरिए यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का विकल्प

मिलेगा। इससे पहले मुरादाबाद मंडल की दो वंदे भारत ट्रेनें देहरादून-लखनऊ और मेरठ-लखनऊ रूट पर पहले ही सफलतापूर्वक चलाई जा रही हैं। मेरठ-लखनऊ वंदे भारत को अब अयोध्या होते हुए वाराणसी तक विस्तार की अनुमति भी मिल चुकी है।

अगर यह नई वंदे भारत आगरा फोर्ट तक जाती है, तो उससे पर्यटन और स्थानीय आवागमन को बढ़ावा मिलेगा। आगरा फोर्ट स्टेशन के नियमित संचालन की वर्षों पुरानी मांग भी पूरी हो सकती है। रामनगर-आगरा फोर्ट सुपरफास्ट ट्रेन का संचालन पहले से सप्ताह में चार दिन किया जा रहा है। इस वंदे भारत की योजना पिछले साल स्थगित कर दी गई थी, लेकिन अब इस पर फिर से गंभीरता से काम शुरू हो गया है।

राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने महापौर को गणेश जी तस्वीर भेंट की

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली। राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश महासचिव शारिक अब्बासी ने महापौर उमेश गौतम से सिटी कार्यालय पर मुलाकात की और उनको गणेश जी का चित्र भेंट किया महापौर उमेश गौतम हर वर्ग के लिए जो काम कर रहे हैं उसकी सराहना करते हैं खास करके मुस्लिम समाज के लिए उन्होंने कहा शारिक अब्बासी समय-समय पर बहुत अच्छे कार्य करते हैं और हर जगह हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल को भी कायम रखते हैं,

समाजसेवी और सक्रिय सदस्य

भाजपा के शानू काजमी भी उपस्थित रहे, शानू काजमी ने कहा हम खुशनसीब है जो इतने प्यारे मुल्क हिंदुस्तान में जन्में हमारे मुल्क में हर धर्म एक दूसरे का सम्मान करते है,कुछ शरारती लोग होते है जो गलत बाकी सब अच्छे लोग है हमारे भारत के है।

जायरीन की वापसी शुरू, दरगाह पर हाजिरी देने के बाद हो रहे रवाना उर्स-ए-हुजूर ताजुशरिया सम्पन्न, लाखों जायरीन हुए शरीक

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली। दो रोजा उर्स-ए-हुजूर ताजुशरिया में शिरकत के लिए देश-विदेश से लाखों जायरीन और दुनिया भर के मशहूर उलेमा हजरात बरेली पहुँचे थे। कुल शरीफ के बाद अब बड़ी संख्या में अक ीदतमंद नम आँखों से दरगाह पर सलामी देने और इजाजत लेकर घर वापसी की राह पर हैं। जायरीन की वापसी का सिलसिला आज भी जारी है।

फरमान हसन खान (फरमान मियाँ), ने बताया कि देश-विदेश से आए जायरीन सज्जादानशीन काजी ए हिंदुस्तान मुफ़्ती असजद रजा कादरी (असजद मियाँ) से इजाजत लेकर इस उम्मीद के साथ रवाना हो रहे हैं कि अगले साल फिर उर्स में हाज़िरी देंगे। अभी भी कई मुरीद दरगाह व जामियातुर रजा में कयाम किए हुए हैं, जो अपनी सहूलियत के मुताबिक रवाना होंगे।

फरमान मियाँ ने यह भी बताया कि इस दौरान बड़ी तादाद में अकीदतमंद सिलसिला-ए-आलिया कादरिया रजविया से मुरीद हुए। उन्होंने उर्स की कामयाबी और अमन-ओ-सुकून के साथ सम्पन्न होने पर सभी ब्रांचों, वालिंटियरों, लंगर और सबील लगाने वालों का शुक्रिया अदा किया। साथ

ही शासन व जिला प्रशासन–एडीजी, कमिश्नर, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित सभी अधिकारियों का भी विशेष रूप से आभार जताया।

जमात रजा ए मुस्तफा के पदाधिकारी मोइन खान ने बरेली शहर और आसपास की प्रमुख ब्रांचों का भी आभार व्यक्त किया, जिनमें धनतिया, फतेहगंज (पूर्वी व पश्चिमी), बानखाना, कैंट, कान्धरपुर, खैलम, आवला, मवई काजियान, शाही, बहेड़ी, शीशगढ़, अलीगंज, भगवन्तापुर, पूरनपुर, बीसलपुर, मजनूपुर, महेशपुर, अटरिया, तिलियापुर, करगना, बिचपुरी आदि शामिल हैं।

उर्स की व्यवस्था में प्रमुख भूमिका निभाने वालों में मोईन खान, अब्दुल्ला रजा खान, समरान खान, मौलाना शम्स, हाफिज इकराम रजा, शमीम अहमद, कौसर अली, मो. जुनैद रजा, शैबुद्दीन रजवी, जुलफि कार अहमद, सूफी अबरार अहमद नूरी, कारी फैजान अशरफ, गाजी अशरफ, हाफिज आमिर, अब्दुल वाजिद, हाफिज आदिल रजा, हसीन रजा, शरीक रजा, वसीम नूरी, फजलुलरहमान, अकरम रजा, इकरार रजा, मो. ओसामा, मो. मुमताज, मो. नाज़िर, जहीर अहमद, जफर बेग, साकिब अली, साकिब खान, आतिफ खान, रहबर रजा, अली रजा, शाहबाज खान, मोनिस रजा, अनस रजा, नोफिल रजा, नवेद अहमद, फारूख खान, असलम खान आदि शामिल रहे।

किसान मजदूरों के मसीहा चौधरी अजित सिंह जी की चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली। राष्ट्रीय लोकदल बरेली के जिलाध्यक्ष मो. मतलूब एड ने अपनी टीम

के साथ राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय मंत्री की चौथी पुण्यतिथि मनाई कार्यक्रम पीडब्लूड़ी गेस्ट हाउस में मनाया गया।

इसके बाद एक बिचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिलाध्यक्ष मो मतलूब जी ने चौधरी साहब के जीवन पर प्रकाश डाला उनके द्वारा जनहित में किए गए कार्यों को बताया साथ हीं कुछ नए लोगो को सदस्यता भी दिलाई।सर्वेश पाठक जी और विजय बहादुर सक्सेना जी ने भी चौधरी अजीत सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डाला ।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मो मतलूब जी, महानगर अध्यक्ष विजय बहादुर सेक्सना, मंडल अध्यक्ष जाफर मंसूरी, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गीता सिन्हा, युवा जिलाध्यक्ष सुमित चौधरी,क्षेत्रीय सचिव बीरेंद्र पाल गंगवार, सहादत हुसैन, सुशील पॉल, चाँद बाबू, ओमपाल कश्यप, मो. बाहिद, चयरमैन किश्मत अली, अवरार अली, संजीव शर्मा, नन्द किशोर मिश्रा, सभासद अख्तर अली, सभसाद इमरान खान डाक्टर इकदारुद्दीन, गौस मोहम्मद,एड ऋषि राज सिंह शाकिर अली, रिंकू, इसरार अली साकिर मंसूरी, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

पुलिस ने 221 खोए हुए 45 लाख रुपए कीमत के मोबाइल स्वामियों को किए सुपुर्द

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली। एसएसपी बरेली के दिशा निर्देशन में बरेली में प्रत्येक माह गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसका उद्देश्य आम जनमानस के गुम हुए मोबाइल फोन की बरामद कर उन्हें वास्तविक स्वामियों तक पहुंचना है इसी निर्देश के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में बरेली के अधीनस्थ थानों पर नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा सी ई आई आर पोर्टल तकनीक सहयोग के साथ पुलिस कार्मिकों के सतत प्रयासों के माध्यम से 221 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए बरामद किए गए मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग 45 लख रुपए है आज इन बरामद मोबाइल फोन को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित रविंद्रालय में एसपी सिटी मानुष पारीक द्वारा उनके असली स्वामियों को सोपा गया मोबाइल प्राप्त करते समय नागरिकों के चेहरे पर खुशी स्पष्ट देखी गई। एसपी सिटी ने इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिस कर्मियों को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र आप

प्रोत्साहन राशि प्रस्तुत की है जिसमें थाना शेरगढ़ ,कुलड़िया, किला, सुभाष नगर ,सीबीगंज, भमोरा, बिशारतगंज और भुता में तैनात कर्मचारी मयूर ,मनोज कुमार, मुकेश कुमार, संदीप, सोहेल खान ,नाजिम हुसैन, शिवप्रसाद और निशांत शुक्ला को एक झ्र एक हजार व प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की घोषणा की है तथा थाना कोतवाली , प्रेम नगर, बारादरी, इज्जत नगर, सिरौली, शाही , फतेहगंज पूर्वी, बिथरी चैनपुर ,भोजीपुरा, बहेड़ी ,शीशगढ़, नवाबगंज, हाफिजगंज में तैनात हरेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, विनीत अमित पांडे, आदित्य, शिवम ,नितिन, जतिन सक्सेना, अरुण कुमार , संकल्प चौहान, अमित कुमार, सोहेल,, प्रीतम ,तेजपाल को पांच , पांच सो नकद प्रशस्ती पत्र प्रदान किया जाएगा । सर्विलांस सेल के माध्यम से 25 मोबाइल ,थाना बारादरी में 16 ,कोतवाली में 15, भुता में 14 , किला में 12 ,सीबीगंज में 12, इज्जत नगर में 12 ,बहेड़ी में 12, कैंट में 10 , भमोरा में 9 , प्रेम नगर में 8, सुभाष नगर में 8, नवाबगंज में 7, फरीदपुर में 8 ,शाही में 5 , आवंला में पांच , बिठरी चैनपुर 5 , फतेहगंज पश्चिमी पांच, शेरगढ़ पांच , बिशारतगंज 4, फतेहगंज पूर्वी चार, भोजीपुरा चार , मीरगंज में तीन ,सिरौली में तीन , शीशगढ़ में तीन , हाफिजगंज में तीन , कुलड़िया में तीन , देवरनिया दो , अलीगंज में एक कुल 221 थाना बार मोबाइल फोन की बरामदगी की गई थी आज एसपी सिटी द्वारा इन सभी मोबाइलों को उनके असली मालिकों तक वितरण किया गया।

सियाठेरी प्राथमिक विद्यालय: अध्यापक लेट, छात्र लगाते हैं झाड़ू

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली । ग्राम सियाठेरी के प्राथमिक विद्यालय में छात्रों से झाड़ू लगवाने का मामला सामने आने से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, थाना शीशगढ़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम सियाठेरी के प्राथमिक विद्यालय में तीन अध्यापक तैनात हैं, जिनका विद्यालय आने का निर्धारित समय सुबह 8 बजे है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि अध्यापक अक्सर 9 बजे भी विद्यालय नहीं पहुंचते हैं, जिसके कारण विद्यालय में साफ-सफाई का काम छात्रों से कराया जाता है। बताया जा रहा है कि छात्रों से झाड़ू और पोछा लगवाया जाता है, जो कि बाल

श्रम कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। इस मामले के सामने आने के बाद अभिभावकों में रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि विद्यालय बच्चों को शिक्षा देने के लिए है, न कि उनसे इस प्रकार के काम करवाने के लिए। अभिभावकों ने शिक्षा विभाग से इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अध्यापकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

गुस्से में महिला ने पिया फिनायल जिला अस्पताल में भर्ती

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली । थाना किला क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी चौकी निवासी 26 वर्षीय रजिया पत्नी मुजाहिद ने पड़ोसी से विवाद के चलते गुस्से में आकर फिनायल पी लिया महिला की हालत बिगड़ने पर उसके पति ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

मुजाहिद ने बताया सोमवार की शाम को मेरा बेटा 8 वर्षीय नूर घर के बाहर खेल रहा था साथ में पड़ोस की रहने बाली रोमाना का लड़का 9 वर्षीय आयान खेल रहा था खेलते खेलते दोनों में लड़ाई हो गई उसके बाद लड़ाई रजिया और रोमाना में हो गई रोमना ने रजिया को उल्टा सीधा कहा गालियां दी इसको लेकर रजिया घर में गई और गुस्से में आकर रजिया ने घर में रखा फिनायल पी लिया हालत बिगड़ने पर रजिया को उसके पति मुजाहिद ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है रजिया का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा हैं।

भोजीपुरा-सेंथल रेलखंड पर आज दोपहर और रात में यातायात रहेगा बाधित

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली । इज्जतनगर मंडल के अंतर्गत भोजीपुरा और सेंथल रेलवे स्टेशनों के मध्य स्थित समपार संख्या 228/सी (पचदौरा दोहरिया) पर दिनांक 7 मई, 2025 को सड़क यातायात अस्थायी रूप से बाधित रहेगा। यह यातायात अवरोध समपार फाटक पर सावधिक ओवरहॉलिंग तथा मशीनों द्वारा ट्रैक पैकिंग कार्य के निष्पादन हेतु आवश्यक किया गया है।

7-8 मई को समपार 228/सी पर यातायात रहेगा बाधित

रेलवे प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, समपार संख्या 228/सी (पचदौरा दोहरिया) पर दिनांक 7 मई, को दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक सावधिक ओवरहॉलिंग का कार्य किया जाएगा। इसके उपरांत, रात्रि 10:00 बजे से 8 मई, की सुबह 6:00 बजे तक मशीन द्वारा ट्रैक पैकिंग का कार्य संपादित किया जाएगा। उक्त अवधि के दौरान समपार से किसी भी प्रकार के सड़क यातायात की अनुमति नहीं होगी।

रेल प्रशासन ने यात्रियों एवं सड़क उपयोगकताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है तथा उनके सहयोग की अपेक्षा की है। वैकल्पिक मार्ग के रूप में पीपलसाना चौधरी, भोजीपुरा स्थित समपार संख्या 229/सी का उपयोग किए जाने की सलाह दी गई है। रेलवे प्रशासन ने सभी संबंधित नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे आवश्यक रखरखाव कार्य के सुचारु, सुरक्षित और समयबद्ध निष्पादन में सहयोग प्रदान करें।

वाराणसी सिटी और लालकुंआ के बीच ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन शुरू

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली । रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वाराणसी सिटी और लालकुंआ के बीच एक ग्रीष्मकालीन त्रैसाप्ताहिक विशेष गाड़ी चलाने का निर्णय लिया है। यह विशेष ट्रेन 05029/05030 नंबर के साथ चलेगी और इसका संचालन 7 मई से 29 जून तक किया जाएगा।

7 मई से 28 जून, 2025 तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शनिवार को वाराणसी सिटी से दोपहर 3:40 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन औंड़िहार से शाम 4:20 बजे, मऊ से शाम 5:25 बजे, देवरिया सदर से रात 7:10 बजे, गोरखपुर से रात 8:35 बजे, बस्ती से रात 9:45 बजे और गोंडा से रात 11:00 बजे छूटेगी। अगले दिन, यह सीतापुर जंक्शन से रात 1:15 बजे, मैलानी से सुबह 3:00 बजे, पीलीभीत से सुबह 4:40 बजे, भोजीपुरा से सुबह 5:55 बजे, बहेड़ी से सुबह 6:32 बजे और किच्छा से सुबह 6:52 बजे छूटकर लालकुंआ सुबह 7:30 बजे पहुंचेगी।

8 मई से 29 जून, तक प्रत्येक मंगलवार, बृहस्पतिवार और रविवार को लालकुंआ से सुबह 10:35 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन किच्छा से सुबह 11:00 बजे, बहेड़ी से सुबह 11:22 बजे, भोजीपुरा से दोपहर 12:25 बजे, पीलीभीत से दोपहर 1:15 बजे, मैलानी से दोपहर 3:25 बजे और सीतापुर जंक्शन से शाम 4:55 बजे छूटेगी। उसी दिन, यह गोंडा से शाम 7:10 बजे, बस्ती से रात 8:25 बजे, गोरखपुर से रात 9:45 बजे, देवरिया सदर से रात 10:55 बजे और अगले दिन मऊ से रात 12:45 बजे और औंड़िहार से सुबह 2:00 बजे छूटकर वाराणसी सिटी सुबह 3:10 बजे पहुंचेगी।

विवेचना दूसरे जिले या एजेंसी से कराने की मांग, दबंग से रहे धमकियां एडीजी से की शिकायत

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली । निपुण शर्मा पुत्र नरेंद्र कुमार शर्मा निवासी मोहल्ला कटरा चेतराम कस्बा व थाना नजीबाबाद जिला बिजनौर ने एडीजी बरेली से शिकायत की है कि थाना नजीबाबाद जिला बिजनौर की विवेचना किसी अन्य एजेंसी या किसी अन्य जिले से कराई जाए।निपुण शर्मा ने बताया कि मुकदमा में थाना नजीबाबाद जिला बिजनौर के विवेचना अधिकारी द्वारा अभी तक मुकदमे में मुलजिमो की गिरफ्तारी नहीं की गई है।

जिसमें साफ दिखाई दे रहा है की मुलजिमों ने प्रार्थी के पिता को किसी तरह जान से मारने की नीयत से लोहे की रॉड, लोहे की चेन और पंजे से मारा है जिससे पीड़ित निपुण शर्मा के पिता के सर में 17 टांके आए हैं व जांग की हड्डी भी टूट गई और जब प्रार्थी अपने पिता को मुलजिमो से छुड़ाने गया तो निपुण शर्मा को भी इन लोगों ने मारा पीटा प्रार्थी अपनी जान बचाकर वहां से भागा मुकदमा दर्ज होने के बावजूद अभी तक उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई व गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है पुलिस अपराधियों के पूर्ण हम साज है और अपराधी आजाद घूम रहे हैं प्रार्थी को तरह-तरह की धमकियां दे रहे हैं या या तो मुकदमा वापस लो नहीं तो तुझे वह तेरे परिवार को जान से मार देंगे पीड़ित ने एडीजी बरेली से न्याय की गुहार लगाई है।

पैरामाउंट स्कूल जैतहरी के 10वी की छात्रा आकृति शर्मा प्रदेश के टॉप 10 में

समाज जागरण

मध्य प्रदेश बोर्ड ने दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम आज सुबह घोषित कर दिए हैं, गौरव की बात ये है कि पैरामाउंट एकेडमी हायर सेकंडरी स्कूल

जैतहरी की छात्रा आकृति शर्मा ने 491 अंक अर्जित कर प्रदेश में 10 वा रैंक वा जिले में दूसरा रैंक हासिल कर जैतहरी नगर व अनूपपुर जिले को गौरावित किया है, आकृति के पिता संजीव शर्मा है एवम मां ऋतु शर्मा पैरामाउंट एकेडमी स्कूल में ही शिक्षिका हैं, आकृति ने अपने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवम स्कूल के शिक्षकों को दिया है। इसके अतिरिक्त पैरामाउंट विद्यालय के दसवें कक्षा एवम 12वी कक्षा के सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। जो कि क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

हाई स्कूल एवं हायर सेकेन्ड्री की परीक्षा में प्रदेश की मेरिट में आने वाले मेधावी छात्रों का जिला प्रशासन द्वारा किया गया सम्मान

विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों की मेहनत से जिले का नाम प्रदेश स्तर में रोशन करने वाले विद्यार्थियों की सफलता पर विधायक जैतपुर ने दी बधाई

मेधावी छात्र और अधिक मेहनत कर लक्ष्य को प्राप्त करें, जिला प्रशासन उनका हर संभव सहयोग करने के लिए तैयार

समाज जागरण जितेंद्र शर्मा

शहडोल। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के हाई स्कूल एंव हायर सेकेन्ड्री के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जिसमें शहडोल जिले के कक्षा 12वीं कला संकाय में कुमारी हीना देवी आत्मज भम्मू बंजारा ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल ने कला समूह में 500 में से 488 अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थाना प्राप्त किया है। इसी तरह कुमारी सौम्या तिवारी आत्मज शैलेश तिवारी ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल ने कला संकाय में 500 में से 482 अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में 8वां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह जीव विज्ञान समूह में कुमार दिशा जसुजा आत्मज अजीत जसुजा टाइम पब्लिक स्कूल

टीपीएस शहडोल ने 500 मे से 478 अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में 6वां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कक्षा 10वीं में वैभव कुमार सिंह आत्मज सत्यपाल सिंह सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़ार शहडोल ने 500 में से 492 अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में 9वां स्थान प्राप्त किया है। मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों, उनके शिक्षकों तथा अभिभावकों एवं परिजनों को कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों की मेहनत से जिले का नाम प्रदेश स्तर में रोशन करने वाले विद्यार्थियों की सफलता पर बधाई दी। उन्होनें कहा कि समन्वित प्रयासों से शहडोल जिले का बेहतर परीक्षा परिणाम आया है। आगे भी इसी तरह के प्रयासों से जिले में शिक्षा तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने कहा कि मेधावी छात्र और अधिक मेहनत कर लक्ष्य को प्राप्त करें, जिला प्रशासन उनका हर संभव सहयोग करने के लिए तत्पर रहेगा। आपने कहा कि बच्चे अपना भविष्य स्वयं तय करें तथा अपनी पहचान बनाएं। सलेक्टेड एवं शार्टकट अध्ययन की जगह विस्तारित अध्ययन पर जोर दें। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्वयं को तैयार करें। आपने मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को बधाई दी। इस अवसर पर नगर पालिका शहडोल के उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा डोली, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आनन्द राय सिन्हा, एपीसी अरविंद पाण्डेय, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला कटारे सहित मीडिया कर्मी, अभिभावक, शिक्षक तथा संचालक गण उपस्थित रहे।

कमिश्नर ने प्रभारी तहसीलदार के आगामी 2 वार्षिक वेतन वृद्धियां असंचयी प्रभाव से रोकते हुए प्रकरण किया समाप्त

समाज जागरण

शहडोल ।कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने उमरिया जिले के प्रभारी तहसीलदार पाली श्री डीएस मरावी को कार्यों में लापरवाही बतरने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया था तथा प्रकरणों का अवलोकन किया गया था। कमिश्नर ने आदेश जारी करते हुए श्री मरावी के पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई है, जिसके लिए वे दोषी हैं। अतएव प्रस्तुत उत्तर संतोषप्रद व समाधानकारक न पाये जाने के कारण म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के नियम-10(4) के अंतर्गत आगामी 02 वार्षिक वेतन वृद्धियां असंचयी प्रभाव से रोकते हुये जारी कारण बताओ सूचना पत्र से प्रचलित कार्यवाही इसी स्तर समाप्त किया जाता है।

कुश यादव का सुयश

समाज जागरण

अमलाई। ओरिएंट पेपर मिल हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र कुश यादव ने

हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में 92% अंक अर्जित कर विद्यालय परिवार एवं नगर का नाम गौरवान्वित किया है ।कुश यादव नगर परिषद अमलाई के समाज सेवी अरविंद यादव के पुत्र होना है। कुश यादव ने स्कूल में टॉप किया जिससे नगर और समाज का नाम रोशन किया है ।छात्र की अभूतपूर्व सफलता पर बधाई देते हुए नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता ने भविष्य में ऐसे ही प्रगति करने के लिए कामना की है।

चतुर्थ पुण्य तिथि पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया

विवेक कुमार समाज जागरण संवाददाता

लखनऊ। मंगलवार के दिन मोहनलालगंज में मस्तीपुर के राम बिहारी नगर स्थित गुरु कृपा शाकाहारी रेस्टोरेन्ट में परम श्रद्धेय बागेश्वर द्विवेदी की चतुर्थ पुण्य तिथि पर भव्य भण्डारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बागेश्वर द्विवेदी की चतुर्थ पुण्य तिथि पर भव्य भण्डारा कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अमरेंद्र भारद्वाज, प्रधान मस्तीपुर सूर्य कुमार द्विवेदी, कांग्रेस नेता बब्लू सिंह, समेत अन्य कई सम्मानित जन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मोहनलालगंज से पत्रकार धीरज तिवारी व उनकी पूरी टीम ने मौके पर उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया।

माँ स्वस्थ रहेगी तो बच्चे स्वस्थ रहेंगे इससे स्वस्थ एवं विकसित संपन्न राष्ट्र होगा -- श्रीमती सावित्री ठाकुर

एक पेड़ मां के नाम आम का पौधा लगाया

समाज जागरण

अमरकंटक। मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में आज केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर पतित पावनी मां नर्मदा जी का उद्गम स्थल एवं नर्मदा मंदिर में पूजन अर्चन एवं दर्शन किया उन्होंने प्रदेशवासियों के खुशहाली सुख समृद्धि की कामना मां नर्मदा से की ।केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर अमरकंटक प्रवास के दौरान वार्ड क्रमांक 11 बैंक टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने एक गर्भवती महिला का विधिवत गोद भराई की रस्म अदा की तथा उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में छोटे-छोटे बच्चों को भी बिस्कुट आदि वितरित किए तथा उन्होंने आंगनबाड़ी परिसर में एक वृक्ष मां के नाम आम के पौधे का रोपण किया मंत्री श्रीमती ठाकुर ने बच्चों से राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री जी का नाम पूछा आंगनबाड़ी केंद्र में आए एक बच्चे ने एक कहानी का गीत गाकर सुनाया ।आंगनबाड़ी केंद्र में किशोरी एवं धात्री महिलाओं से भी बातचीत कर जानकारी ली । पवित्र नगरी अमरकंटक प्रवास में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रामलाल रौतेल रहे पूरे समय उनके साथ रहे ।महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहा कि अमरकंटक वह पहली बार आई है उन्हें बहुत अच्छा लगा नर्मदा जी के असीम कृपा पूरे मध्य प्रदेश पर है प्रदेश की जीवनदायनी मां नर्मदा है इसीलिए मां नर्मदा की परिक्रमा की जाती है ।उन्होंने आगे कहा कि माँ स्वस्थ रहेगी बच्चा स्वस्थ होगा तब संपन्न राष्ट्र होगा स्वस्थ राष्ट्र होगा ।उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि प्रत्येक वर्ष एक लाख चिन्हित आंगनबाड़ी केंद्र का समुचित सर्वांगीण विकास किया जाएगा यहां सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी ताकि बच्चों को अच्छे से अच्छा वातावरण मिल सके ।प्रदेश एवं देश में डबल इंजन की सरकार है प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मानसा के अनुसार विकास कार्य किए जा रहे हैं महिला सशक्तिकरण की ओर प्रधानमंत्री जी के मंशा के अनुसार जोर-जोर से कार्य किया जा रहा है । उन्होंने पवित्र नगरी अमरकंटक में शासकीय महाविद्यालय खोले जाने हेतु अपने स्तर पर मुख्यमंत्री को पत्र लिखने एवं बात करने कहा ।

मामला आमाडाड़ ओसीपी का,

फर्जी नोट सीट बनाकर कंपनी को लगाया जा रहा है चूना,

बिना मरम्मत के ही ठेकेदार को कराया जा रहा है भुगतान

समाज जागरण

जमुना कोतमा कोल इंडिया की सह कंपनी एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के जीवन दायिनी आमाडाड़ ओसीपी में अधिकारियों द्वारा फर्जी नोट सीट बनाकर ठेकेदार को भुगतान करा कर कंपनी को आर्थिक क्षति पहुंचाई जा रहा है जिसकी भनक कोयला मजदूर संगठन को होने पर कोयला मजदूर संगठन के पदाधिकारी ने लिखित पत्र आमाडाड़ ओसीपी के उप क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र देकर₹60000 का लगभग भुगतान पर रोक लगाये जाने की मांग की गई है एवं फर्जी नोट सीट तैयार करवाने वाले अधिकारी के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच की मांग की है दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की अपेक्षा की गई है उक्त संबंध में श्रीकांत शुक्ला क्षेत्रीय अध्यक्ष एचएमएस ने अपने पत्र में अवगत कराया गया है कि 28 दिसंबर 2024 को उत्खनन प्रबंधक प्रशांत कुमार के द्वारा कोयला उत्खनन में उपयोगी मशीन का बिना मरम्मत के ही अपने चाहते ठेकेदार को फर्जी नोट सीट बनाकर कंपनी को आर्थिक स्थिति पहुंचाई पहुंचा जा रहा है न जाने कितने फर्जी बिल बनाकर अधिकारी एवं ठेकेदार मिलकर कंपनी को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई होगी, इसकी सतर्कता विभाग से जांच करने की मांग को भी उच्च अधिकारियों से की गई है जिसमें हजारों रुपए का भुगतान कराया जा रहा है जिस पर रोक लगाई जाए पत्र में लिखा हुआ है कि 566554/ रुपए का फाल्स नोटशीट बनाकर एक्सी2913 एवं 2763 के गेवर रिपेयरिंग के नाम से भुगतान कराकर कंपनी को आर्थिक क्षति पहुंचा रहे है,आमाडांड ओ०सी०पी० के उत्खनन प्रबंधक प्रशांत कुमार द्वारा कूट रचित एवं मनगढंत झूठा रिपेयरिंग के नाम पर 28 दिसम्बर 2024 को नोटशीट बनाया गया है जिसमें की निम्न बिंदुओं पर रिपेयरिंग का कार्य दशार्या गया है जो कि उस मशीन में संबंधित ठेकेदार द्वारा कार्य किया ही नहीं गया है, सिर्फ कुछ मजदूर दिये गये है, सभी कार्य विभागीय कर्मचारियों एवं फोरमैन के द्वारा किया गया है दोनों मशीनों का एक्सी2763 एवं 2913 तेल एवं मलवा विभागीय कर्मचारियों द्वारा साफ किया गया है व्हास्टरोप एवं चूम नीचे करने का काम विभागीय कर्मचारियों द्वारा किया गया, दोनों मशीनों का फास्टनर गैस एवं कटिंग द्वारा ठेकेदारी मजदूरों द्वारा किया गया,व्हास्टगेयर एवं पिनियन विभागीय कर्मचारियों द्वारा खोल कर लगाया गया, माउन्टींग बोल्ट एवं पायडिस्टर को हटाकर दोनो व्हास्ट ड्रम के साथ गियर पिनियन की फिटिंग विभागीय कर्मचारियों द्वारा किया गया एक्सी2763 में दोनों गेयर एवं पिनियन के दांतों का रिपेयरिंग किया ही नहीं गया है उपरोक्त इलेक्ट्रॉड एवं ग्राइण्डिंग का उपयोग जब गियर रिपेयरिंग ही नहीं किया गया तो इलेक्ट्रॉड एवं ग्राइण्डिंग का काम भी नहीं हुआ,व्हास्टगेयर एवं पिनियन सेट को 2763 से खोल कर 2913 में विभागीय कर्मचारियों द्वारा फिट किया गया है पैडिस्टर, माउण्टिंग एवं पूरे सेट को ठीक से लगाना विभागीय कर्मचारियों द्वारा किया गया है,122 दांता के रिपेयरिंग का जो नोटशीट में लिखा है उसमें एक भी दांता रिपेयर नहीं हुआ है सिर्फ पैसा बढ़ाने के लिये लिखा गया है, फास्टनर एवं बिल्डिंग द्वारा जो छत को काटा गया था वह आज तक दोनों मशीनों में जोड़ा नहीं गया बल्कि एक मशीन कबाड़ में कटकर चली भी गई,रिसाव प्रूफ छत के लिये तारपिन की चादर भी विभागीय कर्मचारियों द्वारा लगाया गया है छत की आधी रेलिंग को लगाया भी नहीं गया है दोनों मशीन में लाईन बोरिंग भी नहीं किया गया,नोटशीट में यह अंकित किया गया है कि यह सब कार्य करने के लिये बहुत ही कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता है। आमाडांड ओ०सी.पी में 25-30 वर्ष से फिटर, फोरमैन एवं दो ए7 के इंजीनियर व एक ए4 का इंजीनियर प्रशांत कुमार जो अभी भी आमाडांड ओ०सी०एम० में पदस्थ है एवं पी० के०जैना 1जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त हो चुके है इससे और अनुभव वाले कर्मचारी एवं फिटर कहाँ पर मिलेंगे श्रीकांत शुक्ला अध्यक्ष एचएमएस जमुना कोतमा क्षेत्र ने कंपनी के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि ऐसे गलत नोटशीट बनाने में अंकुश लगाया एवं उपरोक्त बिल 566554/- रुपए का भुगतान रोका जाय एवं इसकी जाँच कराई जाय जिस ठेकेदार को टेण्डर हुआ है क्या वह काम किया है या नही

एमपी बोर्ड परीक्षा 2025 के प्रावीण्य सूची में अनूपपुर जिले ने दसवीं में चौथा तथा बारहवीं में सातवां स्थान किया अर्जित

दसवीं में 87.66 व बारहवी में 83.51 प्रतिशत रहा परिणाम

कलेक्टर एवं जिपं. सीईओ ने सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

समाज जागरण गौरव द्विवेदी

अनूपपुर / मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट 2025 के परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किए गए। जिले का हाई स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम पूर्व वर्ष के 70.29 प्रतिशत से बढ़कर 87.66 प्रतिशत रहा। इस तरह 17.37 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। हायर सेकेंडरी का बोर्ड परीक्षा परिणाम पूर्व वर्ष के 75.98 प्रतिशत से बढ़कर 83.51 प्रतिशत रहा, इसमें 7.51 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के हाई स्कूल (दसवीं) के परीक्षा परिणाम में अनूपपुर जिले के विवेक शिक्षा निकेतन कोतमा के छात्र श्री अंशुल केवट पिता श्री कमल केवट ने 500 में से 492 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान एवं प्रदेश की प्रवीण्य सूची में नौवां तथा पैरामाउंट अकादमी अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी की छात्रा कु. आकृति शर्मा ने 500 में से 491 अंक प्राप्त कर प्रथम रहकर प्रदेश की प्रवीण्य सूची में दसवां स्थान अर्जित किया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2025 में अनूपपुर जिले ने प्रदेश के टॉप-10 में स्थान अर्जित किया है। इसी प्रकार प्रदेश की प्रवीण्य सूची में जिले को कक्षा दसवीं में चौथा तथा कक्षा 12वीं में सातवां स्थान प्राप्त हुआ है। कलेक्टर हर्षल पंचोली के शिक्षा की गुणवत्ता के लिए किए गए सार्थक प्रयास का परिणाम कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा परिणाम में देखने को मिला है। कलेक्टर हर्षल पंचोली के शिक्षा की गुणवत्ता के लिए प्री बोर्ड परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी कराने, मॉडल मॉक टेस्ट, कमजोर बच्चों विशेष फोकस व विषय वार तैयारी से उत्साह जनक परिणाम परिलक्षित हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा आगामी वर्ष में स्मार्ट क्लास तथा विषयवार आवश्यक तैयारी के साथ आगामी शैक्षणिक सत्र में जिले के परीक्षा परिणाम में और वृद्धि के प्रयास किए जाएंगे। इसी तारतम्य में कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा में जिला स्तरीय मेरिट सूची सहित जिले के अन्य सभी सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है।

जिला शिक्षा अधिकारी टी आर आर्मो तथा रमसा के जिला परियोजना समन्वयक श्री देवेश सिंह बघेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय प्रवीण्य सूची में कक्षा दसवीं में नंदिनी सोनी पिता राजेश सोनी न्यू स्टेला मैरी स्कूल हाई स्कूल अनूपपुर ने 487 अंक प्राप्त कर प्रथम, शिवांश त्रिपाठी पिता शिवप्रसाद त्रिपाठी सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर ने 484 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं अनुष्का सिंह राठौर पिता श्री अभय राज राठौर न्यू स्टेला मैरी स्कूल हाई स्कूल अनूपपुर ने 479 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित किया है।

इसी प्रकार कक्षा 12वीं में जिला स्तर पर महक शिवहरे पिता श्री शुभम शिवहरे सरस्वती शिशु शिक्षा मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी ने 481 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, कृष्ण कुमार तिवारी पिता यज्ञ नारायण तिवारी सरस्वती शिशु शिक्षा मंदिर उच्चतर माध्यमिक स्कूल जैतहरी ने 471 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं रिया शुक्ला पिता सत्येंद्र शुक्ला शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल कोतमा ने 469 अंक प्राप्त कर जिले में तृतीय स्थान अर्जित किया है। पूरे जिले में घोषित परीक्षा परिणाम से उत्साह व उमंग का माहौल बना हुआ है।

राष्ट्रीय ऑनलाईन सायबर ठगी नेटवर्क का खुलासा, फर्जी खाते खोलने वाले रैकेट का खुलासा

समाज जागरण

शहडोल। 16 अप्रैल 2025 को कैफे संचालक हिरेन्द्र विश्वकर्मा पिता एवं उसका पार्टनर अभिषेक पनिका थाना बुढार मे उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि दो व्यक्ति आदित्य मिश्रा एवं ऋषि चौधरी दुकान मे गूगल पे का एजेंट बताकर स्कैनर (क्यू.आर.कोड) लगाने का बोलकर उसके फिंगर प्रिंट एवं आधार कार्ड एवं पेन कार्ड की फोटो खींचकर ले गये और उसके बाद नही आये, तब संदेह हुआ थो आनलाईन कियोस्क मे जाकर फिंगर प्रिंट के माध्यम से चेक किये तो मालूम चला कि एनएसडीएल आनलाईन पेमेंट बैंक एवं फीनो बैंक मे हम दोनो का खाता खुला है। जिसपर सायवर फ्राड हो जाने के अंदेशा पर थाना बुढार मे रिपोर्ट करने आये जिसपर थाना बुढार जिला शहडोल (म.प्र.) मे अपराध क्र. 265/2025 धारा 318(4), 319, 336(3), 340 (2) बीएनएस एवं 66 (सी), 66 (डी) आईटी एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना 17 अप्रैल 2025 को आरोपी आदित्य मिश्रा को गिरफ्तार कर पूछताछ की गयी तो मालूम चला कि टेलीग्राम के माध्यम से कुछ अंजान लोगो के संपर्क मे आया जिनके द्वारा टेलीग्राम मे बैंक खातों की मांग की गयी जिसके बदले मे प्रत्येक खाते का दो से दस हजार रुपये तक देने को बोला गया। इस तरह लालच मे आकर आदित्य मिश्रा मे गांव के भोले भाले लोगो को बायोमैट्रिक मशीन मे अंगूठा लगाने पर पैसे देने का लालच देकर उनके आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की फोटो लेकर बायोमैट्रिक फिंगर प्रिंट मशीन मे फिंगर प्रिंट लगाकर उनके बिना जानकारी व अनुमति के विभिन्न आनलाईन पैमेंट बैंक जैसे एनएसडीएल पेमेंट बैंक, फिनो बैंक मे खाते खोले गए, और मोबाइल नंबर टेलीग्राम से जुडे व्यक्ति विभिन्न युजर आईडी अथवा मोबाईल नंबर के नाम पर थे द्वारा दिये गये मोबाइल नंबर जोड दिये जाते थे, ताकि उक्त खातों का संचालन फ्राडस्टर कर सकें। दूसरे आरोपी ऋषि चौधरी को 27 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार और पुलिस रिमांड लिया गया, उसके द्वारा बताया गया कि जो भी खाते इस तरह के खोलते थे वे सभी खाते चंदन पडित उर्फ दीपक निवासी बरगंवा थाना चचाई जिला अनूपपुर को देता था, उसी के बताये अनुसार मोबाइल नंबर जोडता था, इसके द्वारा करीबन सौ से डेढ सौ खाते विभिन्न बैंको एवं आन लाईन पेमेंट बैंको मे खोले गये थे। चंदन पडित उर्फ दीपक की गिरफ्तारी कर पुलिस रिमांड में पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि ऋषि चौधरी एवं रोहित चौधरी के माध्यम से ऐसे खाते प्राप्त करता था, जो कि इन सभी खातो को मोबाइल नंबर के टेलीग्राम आईडी के माध्यम से जानकारी भेज चुका है। ऋषि के माध्यम से बैंक कर्मचारियों के साथ मिलकर पूर्व से एक्टिवेटेड सिम एजेंट से प्राप्त कर कोटक महेन्द्रा बैंक एवं एक्सिस बैंक में खाते खुलवाए गये। विवेचना में पाया गया कि एक्सिस बैंक के असिस्टेंट मैनेजर विकास साहू फर्जी एकाउंट खोलवाने में मदद करता था एवं बैंकिंग सिस्टम का दुरुपयोग कर रैकेट को सुविधा प्रदाय करता था जिस पर आरोपी विकास साहू को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। इस तरह अब तक की विवेचना मे उक्त रैकेट द्वारा गांव के भोले भाले या भोले भाले व्यवसायियो को पैसो का लालच देकर अथवा स्कैनर लगाने के नाम अथवा मर्चेंट आईडी बनाने के नाम पर खाते खोल कर ऑनलाईन ठगो को दिये गये जो कि अब तक शहडोल पुलिस द्वारा ऐसे सैकडों म्यूल एकाउंट एनएसडीएल पेमेंट बैंक, फिनो बैंक, कोटक महेन्द्रा बैंक, एक्सिस बैंक, एयरटेल पेमेंट बैंक, इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक मे उक्त आरोपियों द्वारा खोले गये हैं, जिनमे से अब तक विवेचना के दौरान शहडोल पुलिस द्वारा 160 म्यूल एकाउंट को फ्रीज/ होल्ड कराया जा चुका है, जो कि अभी लगातार ऐसे म्यूल एकाउंट फ्रीज / होल्ड कराये जा रहे हैं। जिससे ऐसे सायवर अपराधी उक्त म्यूल एकाउंट का उपयोग सायवर अपराध मे न कर सकें। इस तरह उक्त गिरोह से पूछताछ के आधार पर राष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा हुआ है। पुलिस के जांच में सामने आया है कि देश के कई अन्य शहरो से भी इन फर्जी एकाउंट में ठगी का रकम ट्रांसफर हुई है यहा तक कि कई खातो में माता एवं पिता का नाम समान है एवं अधिकांश ट्रांजेक्शन यूपीआई के माध्यम से अथवा कैस में निकाले गये है जिसकी एकाउंट होल्डर को आज तक कोई भनक तक नही थी, अधिकांश खातो में 10 लाख से ऊपर का ट्रांजेक्शन हुआ है कई खातो में तो 50 लाख से ऊपर तक का ट्रांजेक्शन हुआ है। कई राज्यो कि पुलिस एवं एनसीआपी पोर्टल से संपर्क करने पर पता चला कि उक्त खातो में डिजिटल ऑरेस्ट एवं सायबर ठगी के पैसे इन खातो में आये है। प्रकरण संगठित अपराध का पाये जाने से प्रकरण मे धारा 111(2)(ख) बीएनएस की वृद्धी की गयी है। प्रकरण में ऐसे समस्त म्युल एकाउंट के ट्रांजेक्शन की जानकारी संबंधित बैंको से प्राप्त की जा रही है, जिनके प्रत्येक ट्रांजेक्शन से बारीकी से छानबीन जारी है अब तक की विवेचना में पुलिस को प्राप्त उक्त फर्जी खातो /म्युल एकाउंट में 50 करोड़ से अधिक का ट्रांजेक्शन मिले है जिनके देश के कई राज्यो से पैसे आने एवं निकालने का मामला सामने आया है इन खातो में आये पैसे तुंरत निकाल भी लिये गये है इन खातो के जरिये देश भर से ठगी का पैसा लगातार ट्रांसफर हो रहा था। शहडोल पुलिस की अपील है कि जिनके भी ऐसे खाते खुले है या खुलवाये गये है तत्काल संबंधित थाने या सायबर सेल शहडोल या पुलिस अधीक्षक कार्यालय शहडोल को सूचित करें ताकि ऐसे खातो का उपयोग सायबर ठगी में ना हो सके और आप सायबर ठगी से सुरक्षित हो सके।

बैंकों में ही दम तोड रही , पशु किसान क्रेडिट कार्ड योजना

जिले के बैंकों में हजारों प्रकरण लंबित

समाज जागरण विजय तिवारी

उमरिया --- किसानों की आय दोगुनी करने के लिए केंद्र सरकार व्दारा लागू की गयी पशु किसान क्रेडिट कार्ड योजना बैंक अधिकारियों की मनमानी का शिकार हो कर रह गई है ।बताया जाता है कि पशु किसान क्रेडिट कार्ड के सैकड़ों किसानों के प्रकरण बैंको में लंबित पड़े हुए हैं, और किसान उसका लाभ लेने के लिए बैंकों के वर्षों से चक्कर लगाते थक हार गये, लेकिन उसका लाभ मृगतृष्णा बनी हुई है । ध्यान देने योग्य है कि किसानों की आमदनी दुगुना बनाने के लिए केन्द्र सरकार ने पशु किसान क्रेडिट कार्ड योजना बना कर किसानों को तीन लाख रुपए तक की राशि रियायत ब्याज दर पर उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है । इसे लागू कराने के लिए केंद्र सरकार ने रिजर्व बैंक आफ इंडिया के साथ लागू कराने के विधिवत निर्णय किया गया है ताकि क्षेत्रीय बैंकों को योजना को लागू करने में कहीं भी कोई समस्या न हो और यह योजना बैंकों की मनमानी के शिकार होकर धराशाई न हो पाये, लेकिन बैंकों की मनमानी और कमाऊ नीति के चलते केंद्र सरकार की यह किसानों की महती योजना आज भी धराशायी होकर रह गयी है । उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की यह योजना लघु ,माध्यम और बड़े किसानों के लिए उनकी आय बढ़ाने के लिए तीन लाख रुपए तक का ऋण रियायती ब्याज दर पर उपलब्ध कराने का प्रावधान कर यह राशि एक साल की समयावधि के लिए प्रदान की जाती है ।किसान इस धन राशि का उपयोग अपने पालतू पशुओं - जानवरों के रख रखाव के लिए कर सकते हैं और किसान एक वर्ष के अन्दर चार प्रतिशत ब्याज दर के साथ इस राशि को अपने सुविधा अनुसार जमा कर सकते हैं,लेकिन उमरिया जिले के बैंकों ने केंद्र सरकार की इस महती योजना को ठेंगा दिखाने का काम किया है ।किसानों को इस योजना में बैंकों के चक्कर न लगाना पड़े, इसके लिए योजना में सारी बातों को साफ तौर पर स्पष्ट करते हुए प्रावधान किया गया है कि एक भैंस पर 60243, एक गाय के लिए 40783, बकरी -भेड के लिए 4063, अंडा देने वाली मुर्गी के लिए 720 रूपए के मान से इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। विदित होवे कि पशु किसान क्रेडिट कार्ड योजना जिले के बैंकों ने कुछ ही गिने चुने लोगों को पशु किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ पहुंचाया है ।इससे केंद्र सरकार की किसानों को समृद्ध बनाने और उनकी आय दोगुनी करने की योजना बैंकों में ही दम तोड़ती नजर आ रही है । देश की सरकार किसानों की समृद्धता में ही राष्ट्र की समृद्धता का सपना संजोये बैठी है उधर उनके उद्धार की योजनाएं अमल में आने के पहले ही जमीन में गड़ कर रह गई है। कहने को तो ब्लाक स्तरीय बी एल सी सी और जिला स्तरीय डी एल सी सी बैठकों में कलेक्टर , और अनुविभागीय अधिकारियों की अध्यक्षता में विधिवत बैंक अधिकारियों , विभागीय अधिकारियों की बैठकें आयोजित कर लक्ष्य अनुरूप हितग्राहियों को लाभान्वित करने का प्रावधान किया गया है , लेकिन जिले के अधिकारियों की बिसात ही क्या योजनाओं को धरातल पर मूर्त रूप दे सकें, प्रशासनिक अधिकारी की इसी उदासीनता से बैंक लक्ष्य अनुरूप कार्य नहीं करते फिर भी आज तक किसी बैंक अधिकारी के विरुद्ध कोई वैधानिक कार्यवाही नहीं की गयी , बैठक का कोरम पूरा कर सब अपने कर्तव्यों की इंतिहा कर बैठते हैं ।देखना लाजिमी होगा कि पशु किसान क्रेडिट कार्ड योजना में किसानों को लाभ मिलेगा कि , योजना पल्लवित होने के पहले ही दम तोड देंगी ।

शिवी गुप्ता ने बढ़ाया नगर एवं जिले का मान

समाज जागरण विजय तिवारी

चंदिया। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदिया की छात्रा शिवी गुप्ता ने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं परीक्षा में मध्य प्रदेश में नवमे स्थान प्राप्त किया। छात्र की उपलब्धि पर पर जिला भाजपा अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल उनके निवास पहुंचकर बिटिया का मुंह मीठा कराकर उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुएशुभकामनाएं प्रेषित की। छात्रा नगर के भाजपा नेता विजय कुमार गुप्ता की सुपुत्री है । कु गुप्ता ने नगर एवं जिले का नाम रोशन किया। पुरुषोत्तम कोल वरिष्ठ समाजसेवी अनिल प्यासी भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारी भोलू रत्नाकर शर्मा, गजेंद्र शुक्ला चंद्र प्रताप तोमर, विद्यालय के प्राचार्य, समिति के अध्यक्ष संरक्षक एवं सदस्य समस्त आचार्य एवं दीदी जी ने बधाई प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

जगमगाता फूलपुर लगातार तीन दिन से अंधेरे में डूबा रहा

समाज जागरण
प्रभात कुमार सेठ फूलपुर ाराणसी

फूलपुर में लगातार तीन दिन बिजली की समस्या बनी रही जहाँ हर वक्त फूलपुर जगमगाता रहा वही आंधी तूफान के बाद से ही फूलपुर लगातार तीन दिन से अंधेरा में डूबा रहा बताया जा रहा है की आस पास के कुछ गांव भी सामिल जहाँ अभी तक बिजली नहीं आया हैं फूलपुर ग्राम वासी व फूलपुर व्यापारी को भी बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जितने भी पोल गिरे उन्हें दुबारा सही करके कई जगह का पोल सही कर दिया गया है लेकिन बहुत से जगह का अभी भी पोल सही नहीं हो पाया जिसके कारण बिजली अभी

तक नहीं आई है जिससे लोगो पर बुरा असर पड़ रहा है और तो और गर्मी से लोगो का बुरा हाल होता जा रहा है घर में लाइट तक नहीं जल रहा है पीने को पानी नहीं है लोग एक दूसरे का के घर अपना मोबाइल चार्ज कर रहे हैं व फूलपुर व्यापारियों ने बताया की बिजली न होने के कारढ़ उनके व्यवसाव पर भी बुरा असर पड़ रहा है अंधेरा के वजह से कोई अपना धंधा ठीक से नहीं कर पा रहा है विधुत विभाग लगातार काम कर रही है विद्युत विभाग ने बोला है की बिजली जल्द से जल्द ठीक कर दिया जाएगा फिलहाल अभी तक सफल नहीं हो पायी है व्यापारियों ने माँग की है बिजली आपूर्ति को जल्द से जल्द बहाल करे ताकि उनके व्यवसाय पर नकारात्मक प्रभाव ज्यादा न पड़े।

लाखों रुपये खर्च के बाद भी आरआरसी का नहीं हो रहा संचालन

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी।विकास खण्ड चिरईगांव के गांवों में लाखों रुपये खर्च कर एसएलडब्ल्यूएम (सालिड,लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट) के तहत आरआरसी केन्द्र का निर्माण कराया गया है।लेकिन अभी संचालन शुरू नहीं हो पाया है। टोटो खरीदी के बाद घर -घर कूड़ा न उठान हो रही और न ही कूड़ा,प्लास्टिक, गीला,लोहा,शीशा की छटाई हो रही है। जानकारी के अनुसार हर गांव में सूखा,गिला,प्लास्टिक कचरा अलग- अलग रखने के लिए कहीं गांव के बाहर तो कहीं गांव में ही आरआरसी केन्द्र का निर्माण कराया गया है।संचालन शुरू होने से पहले ही आरआरसी सेण्टर की दीवार हिलने,टिन उड़ने,गेट टूटने लगी तो वहीं निर्माण ही अधूरा पड़ा है।कई ऐसे जगह बने हैं।जहां जाने का रास्ता ही नहीं है।आरआरसी में कहीं उपला(गोहरा) रखा है तो कहीं खाना बन रहा है। चोर अपने छिपने और नशा करने का अड्डा बन गया है। इस बाबत सहायक विकास अधिकारी पंचायत चिरईगांव कमलेश कुमार से पूछने पर बताया कि विकास खण्ड के लगभग सभी 76 ग्रामपंचायतों में आरआरसी का निर्माण कराया गया है।जिसमें से ऊकथी ,मोकलपुर,गोबरहां,सिंहवार, मिश्रपुरा,चांदपुर, मुस्तफाबाद सहित 12 ग्राम पंचायतों में आरआरसी का संचालन हो रहा है।जब उनसे पूछा गया कि तोफापुर आरआरसी में गोहरा भरा है।धोबहीं ,बीकापुर ,खेतलपुर में पूरी धनराशि खर्च करने के बाद भी एक वर्ष से अधूरा पड़ा है।पनिहरी, नेवादा, रमगढ़वां, नरायनपुर, सोनबरसा जर्जर हो गया है।कुकुढ़ा में खाना बन रहा है।तो बोले कि निरीक्षण कर रहे हैं।देखकर सचिव को नोटिस जारी करेगें। जबकि सीडीओ ने 'एसएलडब्ल्यूएम ' के तहत खर्चे से बने स्थलों के निरीक्षण और बीडीओ, एडीओ पंचायत,ग्रामप्रधान और सेकेट्री को नियमित मॉनिटरिंग कर शत प्रतिशत ग्राम पंचायतों में नियमित कूड़ा उठान, टोटो संचालन,छटाई के कार्य की जिम्मेदारी देते हुए यह निर्देश दिया है कि जाँच में कहीं लापरवाही मिली तो ब्लाक स्तर के अधिकारियों ,कर्मचारियों को दोषी मानते हुए सीधी कार्यवाही की जाएगी। यदि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं हुई होगी तो भी कार्यवाही की जाएगी।

डॉ सपना मौर्य मानद डॉक्टरेट के उपाधि से हुई सम्मानित

समाज जागरण धनंजय मोदनवाल पिंडरा ।

क्षेत्र के छताव ,मरुई निवासी डॉक्टर सपना मौर्य को क्लब भारत नई दिल्ली में वेप काउंसिल के तरफ से आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र एवं सामाजिक कार्य में उत्कृष्ट कार्य के परिणाम स्वरुप 6 वर्षों के उत्कृष्ट समर्पण के लिए मानद डॉक्टरेट के उपाधि से सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से मुख्य जस्टिस एम० के०,वेल एजुकेशन एंड पीस कौंसिल के सीईओ सर्ववानंद, भाजयुमो दिल्ली अध्यक्ष ऋतिक चावला, जनरल चीफ सेक्रेटरी आर. मुकुंदन, हरीश सिंह एम. एल. सी. मीडिया प्रभारी, प्रामिस मौर्या इत्यादि उपस्थित रहे।

प्रतिदिन किसानो से घर घर संपर्क ही एकमात्र समाधान :अवधेश सिंह

बीपैक्स आशानंदपुर मे कम गेंहू खरीद पर केन्द्र प्रभारी को चेतावनी

समाज जागरण वाराणसी।

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक जौनपुर अमितकुमारपांडेय के निर्देश पर गेंहू क्रय केन्द्र आशानंदपुर का निरीक्षण एडीओ रामपुर अवधेश सिंह द्वारा किया गया। मौके पर 18 किसानो से 373 कुंटल खरीद पाई गई। केन्द्र प्रभारी रामलोलारख द्वारा बताया गया कि बाजार मे गेंहू का रेट अच्छा होने के कारण किसान केन्द्र पर गेंहू देने मे रूचि नही ले रहे है। एडीओ रामपुर ने केन्द्र प्रभारी के साथ कई गांवो मे जनसंपर्क किया तो कई किसानो ने केन्द्र पर गेंहू देने का वचन दिया। एडीओ सहकारिता द्वारा केन्द्र प्रभारी को चेतावनी दी गई कि क्षेत्र भ्रमण न करने और किसानो से संपर्क न करने के कारण ही गेंहू खरीद की स्थिति इस कदर दयनीय है। उन्होने प्रभारी को निर्देशित किया कि प्रतिदिन युद्धस्तर पर अभियान चलाकर किसानो से संपर्क करके गेंहू खरीद का लक्ष्य पूर्ण करें।यदि तीन दिन मे स्थिति लक्ष्यानुरूप नही सुधरी तो उनका प्रभार हटाते हुए किसी अन्य को प्रभार सौंप कर खरीद कराने पर विवश होना पड़ेगा। एडीओ सहकारिता ने यह भी चेतावनी दी कि गेंहू की संतोषजनक खरीद न होने पर आशानंदपुर को भविष्य मे धान खरीद केन्द्र नही बनाया जाएगा। एडीओ द्वारा दूरभाष पर जिलाप्रबंधक पीसीयू से बात करके समिति को सुख सुविधा धनराशि भेजने हेतु अवगत कराया गया। संपर्क रजिस्टर के अनुसार अभी तक 27 कृषको से संपर्क किया गया है ।अवधेश सिंह ने सचिव तथा केन्द्र प्रभारी रामलोलारख को निर्देशित किया कि स्थानीय किसानो से निरंतर संपर्क करके लक्ष्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण मे केन्द्र पर बैनर , इलेक्ट्रॉनिक कांटा,झरना , पावर डस्टर और आवश्यक स्टेशनरी पाई गई।

अखिल असम मोरान छात्र संस्था के स्थापना दिवस पर गजराजों के साथ निकाली विशाल शोभायात्रा। विदेशी पर्यटक भी पहुंचे।

राति बिहू में हजारों बिहुवतियों ने एक साथ बिहू नृत्य प्रवेशन किया।

दैनिक समाज जागरण
गोरखनाथ गुप्ता।

अखिल असम मोरान छात्र संस्था के 57 वें स्थापना दिवस के आज दुसरे दिन दोपहर तीन बजे समन्वय सांस्कृतिक शोभायात्रा निकाली गई। आठ हाथियों के दल के साथ एक विशाल सांस्कृतिक शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में मोरान जनजाति गायन बायन दल , मिसिंग जनजाति , चाय जनजाति झुमुर दल , वृहत्तर भोजपुरी समाज दुमदुमा , मारवाड़ी समाज दुमदुमा , लांग टिकरवं सांस्कृतिक दल , सिम्फो सांस्कृतिक दल , पूर्वांचल ताई साहित्य सभा रूपाई दल , मोरान बिहू दल , मोरान जनजाति खेरी दल , मोरान जनजाति शांति बिया दल , सांस्कृतिक दल , अखिल असम गोरिया मोरिया देशी जातिय परिषद , दुमदुमा अंचल के सात मस्जिद कमेटियों और मदरसा , ईदगाह एवं कब्रिस्तान कमेटी , आहोम सांस्कृतिक दल , देउरी सांस्कृतिक दल , सोनोवाल कछारी सांस्कृतिक दल , ताई फाके सांस्कृतिक दल आदि समेत अनेक दलों ने इस सांस्कृतिक शोभायात्रा में अंश ग्रहण किया । शाम को असम के शिक्षा मंत्री डॉ रनोज पेगु को बदौसा समन्वय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके बाद स्मृति ग्रन्थ का विमोचन तिनसुकिया जिला आयुक्त स्वप्निल पाल ने किया । इस कार्यक्रम में अरूणाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री चाउना मीन मुख्य अतिथि , लखीमपुर के सांसद प्रदान बरूआ आमंत्रित अतिथि , एवं मंत्री व विधायक रूपेश ग्वाला पूर्व मंत्री एवं तिनसुकिया विधायक संजय किसान जिला आयुक्त स्वप्निल पाल श्रम मंत्री रूपेश ग्वाला शदिया विधायक वलीन सेतीया उपस्थित रहे । कार्यक्रम में स्वागत भाषण मोरान छात्र संस्था के प्रतिष्ठा दिवस के अध्यक्ष मुलेन्द्र मोरान ने प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन मोरान छात्र संस्था के अध्यक्ष पलिन्द्र मोरान ने किया।

जनपद में आज होगा माक ड्रिल का आयोजन

समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में आपातकालीन परिस्थितियों के दृष्टिगत तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने बताया है कि भारत सरकार के निर्देश के क्रम में जनपद में 07 मई को नागरिक सुरक्षा को लेकर माक ड्रिल एवं अभ्यास आयोजित किये जायेगें। उन्होने आपातकालीन परिस्थितियों के दृष्टिगत तैयारियों के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये और कहा कि जिन विभागों के जो दायित्व एवं कार्य सौपे गये है उसका शत प्रति अनुपालन करें। उन्होने बताया कि माक ड्रिल में हवाई हमलो को चेतावनी देने वाले सायरन को बजाया जायेगा, हमले के समय नागरिकों को खुद की सुरक्षा के लिये ट्रेनिंग दी जायेगी, लोगो से जगह खाली कराना और उन्हें सेफ प्लेस तक पहुँचाने की ट्रेनिंग की जायेगी। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह, एआरटीओ दिलीप गुप्ता सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजापुर का एक्सटर्नल इंक्वास एसेसमेंट हुआ संपन्न।

*परमेश नारायण चौबे,प्रधान अनुजा चौबे ने किया स्वागत ,सम्मान।

समाज जागरण अनिल कुमार
हरहुआ वाराणसी

भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को लेकर नेशनल क्वालिटी इंश्योरेंस के द्वारा एक्सटर्नल इंक्वास असेसमेंट किया जा रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ के आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजापुर में आज मंगलवार को एक्सटर्नल असेसमेंट डॉ0 विक्रम कटोक्ष डॉ0 भगवत देवीदास रौवत द्वारा किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी राजापुर पल्लवी वर्मा एवं क्षेत्रीय एएनएम ममता कुमारी ने उपस्थित होकर उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी दी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी हरहुआ डॉ0 संतोष कुमार ने अवगत कराया कि सरकार की मंशा के अनुसार जनमानस को उनके घर के पास ही आरोग्य मंदिर पर सभी जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं मानक के अनुसार दिया जाएगा। आयुष्मान आरोग्य मन्दिर का सीएमओ वाराणसी डॉ0 संदीप चौधरी द्वारा समय-समय पर मॉनिटरिंग किया जाता है यदि किसी प्रकार का गैप मिलता है तो उसको समय से पूर्ण करने का कार्य किया जाता है। एक्सटर्नल इंक्वास असेसमेंट के दौरान सभी अतिथियों का प्रधान अनुजा चौबे व परमेश नारायण चौबे ने स्वागत व सम्मान किया। असेसमेंट के समय स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार गुप्ता, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक बसंत लाल श्रीवास्तव, बीसीपीएम संगीता, ग्राम प्रधान श्रीमती अनुजा चौबे ,परमेश नारायण चौबे,स्वास्थ्य पर्यवेक्षक संतोष कुमार, सीएचओ गौरव शर्मा ,साधना भारती, आशीष भारद्वाज, बजरंग सिंह, शेफाली पाल, एएनएम गुंजा शर्मा ,सुनीता देवी ,सीमा यादव ,शालिनी कुमारी ,मिलन सिंह ,आशा संगिनी ममता पटेल आशा सरोज श्रीवास्तव ,अमरावती देवी का विशेष सहयोग रहा।

डीएम हुए सख्त,एसडीएम पिंडरा के खिलाफ दिया जांच के आदेश

पत्रकार प्रेस क्लब के सैकड़ो पत्रकारों ने मंडलायुक्त व डीएम को एसडीएम पिंडरा के विरुद्ध सौंपा ज्ञापन जिलाधिकारी के निर्देश पर एडीएम सप्लाई करेंगे एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा के खिलाफ जांच

दैनिक समाज जागरण अतुल सोनी चोलापुर वाराणसी

वाराणसी। एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा द्वारा बीते शुक्रवार को पत्रकारों के समक्ष ही तल्ख तेवर में फरियादी के साथ दुर्व्यवहार करने तथा उसे थाने में बंद करवा कर पिटवाए जाने की धमकी देने के साथ ही पत्रकारों को नमक मिर्च लगाकर खबर छापने की बोल इन दिनों जिला हीं नहीं पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक के नेतृत्व में सैकड़ो पत्रकारों ने मंडलायुक्त एस राजलिंगम तथा जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंप कर एसडीएम के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग किया है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने पत्रकारों को बताया कि मामले की जांच एडीएम सप्लाई को सौंप दी गई है,जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। एक तरफ जहां मंडलायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेकर जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है, तो वहीं जिलाधिकारी ने एसडीएम के विरुद्ध एडीएम सप्लाई को जांच का जिम्मा सौंप दिया है। बताते चले कि सिंधोरा थाना क्षेत्र के खड़खड़ी गांव निवासी किशन पांडे ने बीते शुक्रवार को पिंडरा तहसील के एसडीएम प्रतिभा मिश्रा से मुलाकात कर उन्हें हल्का लेखपाल नीरज सिंह तथा सिंधोरा थाने के दो दरोगा क्रमशः मिथिलेश प्रजापति व रौनक श्रीवास्तव के खिलाफ इस आशय का शिकायत किया था कि लेखपाल मेरे विपक्षी कुसुम पांडे के प्रभाव में आकर मेरे निजी जमीन को बंजर बताकर पुलिस को झूठी रिपोर्ट देकर पिटाई करवाने के बाद निर्माण कार्य को रुकवा दिया है। बस फिर क्या था,इतने पर ही एसडीएम फरियादी पर ही भड़क गई और उनके जो मन में आया वह पत्रकारों के समक्ष ही फरियादी को खरी-खोटी सुना डाली। इस मामले में पत्रकार प्रेस क्लब के सैकड़ो पत्रकारों ने एसडीएम प्रतिभा मिश्रा की शिकायत एक्स हैंडल के माध्यम से मुख्यमंत्री तथा प्रमुख सचिव से करके कार्रवाई की मांग किया है। कमिश्नर व डीएम से मिलने वालों में पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश संयोजक मनीष दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू सिंह,प्रदेश संगठन मंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्वांचल अध्यक्ष प्रवीण चौबे मंडल अध्यक्ष आफताब आलम,जिलाध्यक्ष पवन पांडे, पूर्वांचल महासचिव डीपी तिवारी, नवीन प्रधान, देवमणि त्रिपाठी, लवकेश पांडे,अमित वर्मा, अमित कुमार यादव,इंद्र बहादुर सिंह,सुमंत दुबे,अनीश मिश्रा,अमित दुबे,जितेंद्र अग्रहरि सुनील मिश्रा, वीरेंद्र पटेल,दुर्गेश कुमार यादव, देवेंद्र सिंह,सहदेव तिवारी,विनय कुमार आलोक चौहान,पुष्कर दीक्षित,संजय पांडे, विवेक यादव,विशाल कुमार ,जनमेजय सिंह ,अंकित गुप्ता, आकाश गुप्ता, राजेश कुमार वर्मा, वीरेंद्र पटेल, अतुल सोनी,अमित श्रीवास्तव,सौरव रघुवंशी, शिवकुमार यादव,अभिषेक कुमार पांडे, रिशु पाठक, ओंकार भारती,नीरज गुप्ता, आशीष चौबे,बृजेश मिश्रा सहित सैकडों पत्रकार मौजूद रहे।

राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वाह करे भूमिहार समाज -बीके राय

ब्रह्मर्षि वेलफेयर एसोसिएशन के सम्मलेन में जुटे प्रबुद्ध समाज के लोग

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण

बलिया । ब्रह्मर्षि वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार देर शाम शहर के आदर्श वाटिका में भूमिहार समाज के लोगों ने राष्ट्र निर्माण पर मंथन किया। 'भूमिहार समाज के राष्ट्र निर्माण में भूमिका एवं योगदान' विषय पर आयोजित सम्मेलन में देश भर से आए लोगों ने अपनी राय रखी। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती, भगवान परशुराम व दंडी स्वामी सहजानंद सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर तथा पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। देश के कोने-कोने से आए हजारों अतिथियों का सैकड़ों कार्यकताओं ने स्वागत किया। ज़िलाध्यक्ष संजीव राय ने सबसे पहले कार्यक्रम के विषय पर रोशनी डालकर शुरूआत किया। इसके बाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व श्रम आयुक्त बीके राय ने समाज की एकजुटता के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा। कहा कि बल, बुद्धि, विद्या में प्रबल समाज को आगे आकर अपनी भूमिका से राष्ट्र को गौरवान्वित करना चाहिए। संगठन महामंत्री जयश मिश्रा ने भोजपुरी में अपनी बात रखते हुए समाज को आगे की ओर बढ़ाने और युवाओं को शिक्षित एवं रोजगार के लिए हर संभव प्रयास करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कैसे घर-घर जाकर युवाओं ने सबको एक साथ मंच पर लाने का यह प्रयास किया गया है। संगठन के उद्देश्यों एवं उपलब्धियों पर कार्यकारी अध्यक्ष केएनराय, महामंत्री जितेंद्र राय बबलू एवं महासचिव रजनीश राय ने प्रकाश डाला। अंत में मेधावी प्रतिभाओं सम्मान हुआ। इस मौके पर हजारों की संख्या में लोग देररात तक मौजूद रहे। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री नारद राय, सपा नेता अनिल राय, सुभासपा नेता विनोद तिवारी, पूर्व विधायक सुधीर राय, भाजपा किसान मोर्चा ज़िलाध्यक्ष संतोष पांडेय, पूर्व ब्लाक प्रमुख ज्ञानेंद्र राय, पंकज राय, राजीव मोहन चौधरी, सुनील पांडे जी, प्रशांत पवन, सिद्धार्थ राय,आशीष राय जी समेत हजारों की संख्या मे कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिनारायण राय व संचालक एडवोकेट चंदन पांडेय ने किया।

स्काउट गाइड ने सायरन के प्रति लोगों को किया जागरूक

समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी।।

उत्तर प्रदेश स्काउट और गाइड की गंगापुर इकाई ने 7 में दिन बुधवार को बजने वाले सायरन को लेकर लोगों को जागरूक किया है। स्काउट गाइड के पदाधिकारी ने विभिन्न गांव में अभियान चला कर लोगों को सायरन के संकेत के बारे में बताया। गंगापुर इंटर कॉलेज के स्काउट गाइड के प्रभारी प्रणय सिंह ने नगर पंचायत गंगापुर, बड़ी बारी,डीह गंजारी मोतीकोट में कहा कि तेज आवाज वाले सायरन के बजाने से घबराने की जरूरत नहीं है।यह

सायरन लोगों को सचेत करने के लिए बजता है। ऐसी आवाज आने पर लोग 5 से 10 मिनट के अंदर सुरक्षित स्थान की तलाश कर वहां चले जाएं।यह सायरन मॉक ड्रिल करने के लिए भी होता है। स्काउट गाइड्स आयुक्त विष्णु विश्वकर्मा ने प्रधानमंत्री सांसद आदर्श गांव जयापुर चंदापुर कचहरिया आदि गांव में आम जनता से भी इस सायरन के बारे में जानकारी दी।

डीजे पर डांस को लेकर दो पक्षों में भिड़े, तीन घायल

समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।।

कपसेठी थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में सोमवार की देर रात आई बारात में फ्लोर डीजे पर डांस को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई घटना में तीन लोग घायल हो गये है। मिली जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर गांव के रहने वाले मुंशी के पुत्री अंतिमा देवी का शादी प्रयागराज निवासी बैरिस्टर राजभर के पुत्र आनंद राजभर के साथ तय था वही तय लग्न पर बारात पहुंची द्वार पूजा के समय घराती भी बारातियों के साथ डीजे पर डांस करने लगे जिस पर बारात पक्ष के लोगों ने आपत्ति जताई जिस पर घराती मान गए लेकिन जब बारात कन्या पास के दरवाजे पर पहुंची तब बाराती पक्ष के लोग कन्या पक्ष के फ्लोर डीजे पर डांस करने लगे जिसका विरोध कन्या पक्ष के लोगों ने किया जिसको लेकर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई घटना में अजीत यादव उम्र 35 वर्ष रामबली राजभर और 32 वर्ष राधे राजभर उम्र 44 वर्ष निवासी रघुनाथपुर गंभीर रूप से घायल हो गये।

राजकीय पॉलीटेक्निक प्रेमधर पट्टी में रोजगार मेले का आयोजन 09 मई को

समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ के द्वारा दिनांक 09 मई 2025 को पूर्वान्ह 10 बजे से राजकीय पालीटेक्निक प्रेमधर पट्टी दिलीपपुर के निकट में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की 03 कम्पनियों द्वारा ट्रेनी आपरेटर, मशीन आपरेटर व आपरेटर के विभिन्न पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ आई0डी0, मूल शैक्षिक अभिलेख एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर आनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। आनलाइन पंजीयन के लिये सबसे पहले रोजगार संगम पोर्टल को अपने ब्राउजर में खोले। इसके बाद साइन अप/लागिन मेन्यू में जाकर जॉबसीकर आप्शन का चयन करें। जॉब सीकर आप्शन पर क्लिक करने के उपरान्त साइन अप पेज दिखाई देगा। इस पेज पर समस्त वांछित सूचनायें भरनी है। रजिस्टर फॉर में दो ऑपशंस मिलेगें, पहला कैम्पस स्टूडेन्ट और दूसरा जनरल जॉब सीकर का है, अगर वर्तमान समय में किसी कैम्पस, इन्स्टीट्यूट या यूनिवर्सिटी के अंतिम वर्ष के छात्र है तो कैम्पस स्टूडेन्ट ऑप्शन सेलेक्ट करना है। यदि पास आउट है तो जनरल जॉब सीकर आप्शन सेलेक्ट करना है। यहां से अपनी समस्त सूचनायें जैसे पर्सनल डिटेल, परमानेन्ट एड्रेस, फिजिकल डीटेल्स, करियर प्रोफाइल, एजुकेशनल क्वालीफिकेशन, एक्सपीरियंस, लैंग्वेज और स्किल आदि भरेगें। एक्सपीरियंस भरने के लिये न्यू एक्सपीरियंस बटन पर क्लिक करना होगा। समस्त डॉक्यूमेन्ट अपलोड करने है। प्रिन्ट रजिस्ट्रेशन कार्ड बटन पर क्लिक करके आप अपना जॉब कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर रिज्यूम बनाने की सुविधा भी दी गई है। अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर आनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य है

फिर दिखा पुलिस का मानवीय चेहरा, कोतवाल बोले - बच्चों भविष्य में कोई दिक्कत हो तो पुलिस को याद करना, यह है मामला

विवेक कुमार समाज जागरण संवाददाता

सरेराह दिखा मित्र पुलिस का चेहरा, वीडियो को देखकर आप भी यूपी पुलिस को करेंगे सैल्यूट यूपी पुलिस एक तरफ जहां बहादुरी का उदाहरण पेश कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ पुलिसकर्मियों में बढ़ी संवेदनशीलता के तमाम वाकए भी देखने को मिल रहे हैं लखनऊ के मोहनलालगंज कोतवाली में पुलिस अपराध नियंत्रण के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का भी निर्वहन भी बखूबी कर रही है। ताजा मामला, मोहद्दीनपुर गांव का सामने आया। सोमवार को प्रेम प्रसंग के चलते पति ने अपनी पत्नी के हत्या कर दी थी। घर पर 11 वर्षी बेटा व 7 वर्षीय बेटी सिसकारियां मारकर रो रहे थे। मासूमों की

पीड़ा को समझते हुए कोतवाल डीके सिंह ने कहा कि बच्चों परेशान न हो हम आपके दुख दर्द में शामिल है। अक्सर लोग कहते दिखते हैं कि पुलिसवाले किसी का दुख-दर्द नहीं समझते। यूपी पुलिस के प्रति लोगों का यह नजरिया आम है। अपने आपको मित्र पुलिस कहने वाली यूपी पुलिस का समय-समय पर निर्मम चेहरा सामने आता है, बावजूद इसके कभी-कभी कोई पुलिस अधिकारी या सिपाही का एक ऐसा मानवता भरा चेहरा आता है जिसे देख आप भी कहने लगते हैं कि क्या ये वही यूपी पुलिस है। बच्चों की शिक्षा रहन-सहन आदि में कोई समस्या आती है तो पुलिस भरपूर सहयोग करने का वादा किया है। बच्चे अपनी मां की मृत्यु व पिता के जेल चले जाने पर गमजदा थे।उत्तर प्रदेश पुलिस जनता का हर संभव सहयोग और मित्रतापूर्ण व्यवहार कर एक अच्छी छवि बनाने की दिशा में सराहनीय काम कर रही है।

मोहनलालगंज तहसील परिसर में बंद शौचालय होंगे,दुरुस्त सांसद आर: के:चौधरी

दैनिक समाज जागरण संवाददाता विवेक कुमार

लोकसभा मोहनलालगंज से सांसद आर.के. चौधरी द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दे पर स्थानीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश ने त्वरित संज्ञान लेते हुए नगर पंचायत, मोहनलालगंज को तहसील परिसर में स्थित दो बंद शौचालयों के जीर्णोद्धार हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। सांसद चौधरी ने 23 अप्रैल 2025 को निदेशक, स्थानीय निकाय को पत्र लिखकर अवगत कराया था कि तहसील कार्यालय परिसर में पंचायती राज विभाग द्वारा निर्मित दो शौचालय लंबे समय से खराब स्थिति में हैं, जिससे आम जनता को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इन शौचालयों के संचालन और रख-रखाव की जिम्मेदारी नगर पंचायत, मोहनलालगंज के अधीन है, लेकिन इस दिशा में अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।पत्र पर संज्ञान लेते हुए निदेशक अनुज कुमार झा ने अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत मोहनलालगंज को निर्देश जारी किए कि वे तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कराएं और की गई कार्यवाही की सूचना निदेशालय को उपलब्ध कराएं।इस निर्णय से तहसील में आने-जाने वाले वादकारियों, अधिवक्ताओं समेत तहसील कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों ने सांसद के इस सक्रिय प्रयास की सराहना की है। वहीं, विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज के पूर्व सपा विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने भी क्षेत्रीय सपा सांसद आर.के. चौधरी को इस जनहित की समस्या का संज्ञान लेकर उसे उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने के लिए आमजन की ओर से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहलें जनप्रतिनिधियों की जमीनी समझ और संवेदनशीलता को दर्शाती हैं।'

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के ऐलान के बाद दिल्ली के बाजारों के व्यापारियों में हड़कंप : सौरभ भारद्वाज

मुख्य संवाददाता,/ सुषमा रानी

*नई दिल्ली, 6 मई पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 2 मई 2025 को दिल्ली के प्रगति मैदान के भारत मंडपम के भीतर भाजपा समर्थित एक संस्था सीएआईटी द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दिल्ली के लगभग सभी बड़े-बड़े बाजारों जैसे सदर बाजार, चांदनी चौक, दरियागंज, खारी बावली आदि के व्यापारियों को आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रवीण खंडेलवाल, रामवीर विधूड़ी, मंत्री हर्ष मल्होत्रा एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी भी शामिल हुई ।सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इस कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, कि दिल्ली के बड़े बड़े बाजार जैसे सदर, चांदनी चौक आदि बहुत ज्यादा भीड़भाड़ वाले (ङ्गल्लीं२३ीं) क्षेत्र बन गए हैं। हालात ऐसे हैं, कि इन बाजारों में सांस लेना भी दुर्भर हो गया है। इसीलिए दिल्ली सरकार यह रणनीति बना रही है, कि इन बाजारों को यहां से कहीं और स्थानांतरित कर दिया जाए। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जब से दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह ऐलान किया है, तब से दिल्ली के बड़े-बड़े बाजारों के व्यापारियों में एक डर और हड़कंप मचा हुआ है, कि आखिर दिल्ली की भाजपा सरकार दिल्ली के व्यापारियों के साथ कौन सा षड्यंत्र रचने जा रही है।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिल्ली के व्यापारियों के खिलाफ यह षड्यंत्र लगभग पिछले 3 साल से सन 2022 में शुरू किया गया था। उन्होंने कहा की सन 2022 में भाजपा के नेता कुलजीत चहल ने दिल्ली के बाजारों के कुछ व्यापारियों की मीटिंग हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ कराई। यह बैठक हरियाणा भवन में आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि दिल्ली के बंजारों के व्यापारियों को इस बैठक में तरह-तरह के प्रलोभन दिए गए और बाजारों को हरियाणा में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव रखा गया। सौरभ भारद्वाज ने अपनी बात को सत्यापित करते हुए बताया, कि इस षड्यंत्र के तहत सोनीपत में हरियाणा सरकार के एचएसआईआईडीसी द्वारा भागीरथ पैलेस और चांदनी चौक नमक बाजारों का निर्माण किया जा रहा है। सौरभ भारद्वाज ने कहा क्योंकि उस समय पर दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार थी तो भाजपा के लिए ऐसा करना संभव नहीं हो पाया।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 2022 में जब हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ व्यापारियों की बैठक हुई थी, तो इन बाजारों के व्यापारियों ने उस समय दिल्ली की केजरीवाल सरकार से संपर्क कर यह बताया था, कि कोई भी व्यापारी हरियाणा जाने के लिए तैयार नहीं है। सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि उस समय दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने यह तय किया था, कि हम दिल्ली के बाजारों का नवीनीकरण करेंगे और बाजारों की स्थिति में सुधार करके व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाएंगे। व्यापारियों की मांग पर केजरीवाल सरकार ने यह तय किया था कि हम दिल्ली के बाजारों को दिल्ली से बाहर नहीं जाने देंगे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने न केवल यह तय किया था, बल्कि इस श्रृंखला में दिल्ली के चांदनी चौक बाजार का नवीनीकरण और व्यवस्थाओं को बेहतर भी करके दिखाया। साथ ही साथ दिल्ली के अन्य बाजारों को भी व्यवस्थित करने और उनके नवीनीकरण के लिए दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने 100 करोड रुपए आवंटित किया था।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के यह बड़े-बड़े बाजार दिल्ली की धरोहर हैं। इन बाजारों में जो व्यापारी बैठे हुए हैं, इनकी दुकान, इनका व्यापार दादा, परदादा के जमाने से चला आ रहा है। यह बाजार इन व्यापारियों के लिए मात्र व्यापार का साधन नहीं है, बल्कि इनके बुजुर्गों की निशानियां इन बाजारों से जुड़ी हैं। कोई भी दिल्ली का व्यापारी दिल्ली के बाजारों को छोड़कर दूसरे राज्य में नहीं जाना चाहता। सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि इन बाजारों का नवीनीकरण किया जा सकता है, व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जा सकता है, परंतु भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली सरकार बाजारों में व्यवस्थाओं को सुधारने के बजाय इन बाजारों को दिल्ली से बाहर स्थानांतरित करके दिल्ली को और दिल्ली के व्यापारियों को बर्बाद करना चाहती है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को दिल्ली के व्यापारियों और दिल्ली के बाजारों के बारे में कोई ज्ञान नहीं है। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली के व्यापारियों के साथ खड़े हैं और भाजपा की दिल्ली सरकार के इस फैसले का पुरजोर विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता और दिल्ली के व्यापारी इस फैसले के खिलाफ हैं और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी को दिल्ली के बाजारों के संबंध में लिया गया अपना यह निर्णय वापस लेना होगा।

माउंट आबू ज्ञान सरोवर में मीडियाकर्मियों का पाँच दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न।

मुख्य संवाददाता/ सुषमा रानी

माउंट आबू ब्रह्माकुमारी संगठन के ज्ञान सरोवर में चल रहे मीडियाकर्मियों के राष्ट्रीय सम्मेलन के खुले सत्र को सम्बोधित करते केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि देश का अन्नदाता किसान पूरी मेहनत के साथ देश के पालन-पोषण प्रयासरत रहता है। धरतीपुत्रों को वर्तमान समय में विभिन्न खेती व प्राकृतिक खेती की तरफ अपने कदम बढ़ाने होंगे। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया का देश को आर्थिक व सामाजिक रूप से विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शोषित, पीड़ित व वंचित समाज को सशक्त बनाने के लिए मीडियाकर्मियों को हमेशा अपने नेत्रों को खुला रखना है।

संगठन के विज्ञान व तकनीकी प्रभाग के अध्यक्ष मोहन सिंघल ने कहा कि हर व्यक्ति की नजर हमेशा मीडिया की तरफ ही रहती है। मीडिया संसार के हर कोने में हो रही घटनाओं को पलक झपकते ही एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंचा देता है।

इसी तरह से राजयोग भी मन को एक सैकेंड में इस लौकिक जगत से अलौकिक जगत ब्रह्माण्ड में रहने वाली परमशक्ति से जोड़ देता है।

संगठन के महिला प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. सविता अरोड़ा, *साहित्य संपादक, कवि एवं शिक्षाविद् डॉ. विवेक गौतम*, सोनीपत डीआईपीआरओ राकेश गौतम, ओम शांति मीडिया एडिटर डॉ. बी.के. गंगाधर, राजयोग प्रशिक्षिका बी.के. योगिनी बहन ने भी मीडिया के विभिन्न विषयों के तहत मीडिया को सशक्त बनाने, समाज को नई दिशा देने, वर्तमान चुनौतियों में मीडिया की सकारात्मक भूमिका तथा मीडिया कर्मियों को सशक्त कैसे बनाया जा सकता है विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला। मल्टी मीडिया प्रमुख सह प्रभाग अध्यक्ष बी० के० करुणा, प्रभाग उपाध्यक्ष बी० के० आत्मप्रकाश, दिल्ली से आये एक समाचार पत्र के एक्जीक्युटिव चीफ एडिटर विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजक बी०के० शान्तनु, बी० के० निकुंज, बी० के० सुशांत, बी० के० सरला, जयपुर क्षेत्रीय संयोजिका बी० के० चंद्रकला, डॉ० बी० के० रीना आदि ने भी ह्व वैश्विक शांति और सदभाव के अग्रदूत के रूप में मीडिया की भूमिका ह्वविषय पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

वहीं, कार्यक्रम में देश भर से शामिल हुए मीडियाकर्मियों को शिक्षा प्रभाग की उपाध्यक्ष बी० के० शीलू बहन ने राजयोग का अभ्यास कराते हुये गहन शांति की अनुभुति कराई।

महंगाई की मार बढ़ें दूध की कीमत वापस लो

मुख्य संवाददाता

दिल्लीः दिल्ली प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के दिशानिर्देश पर जिला पटपड़गंज कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश कुमार मयूर विहार फेस-1 ब्लाक अध्यक्ष रूपेश भारती व चौधरी राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में केंद्र व दिल्ली की भाजपा सरकार द्वारा दूध के दामो में हुई वृद्धि के खिलाफ त्रिलोकपुरी विधानसभा के वार्ड मयूर विहार फेस-1 में मयूर विहार पॉकेट-2 की मदर डेयरी त्रिलोकपुरी 23 व 13 ब्लाक की मदर डेयरी पर सैकड़ों कांग्रेस कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन व हस्ताक्षर अभियान चलाया इस दौरान समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे

ए.एस.आई .को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते विजीलैंस ब्यूरो ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया

रघुनंदन पराशर समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो

पंजाब/जैतो, 6 मई,:- मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत राज्य से भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए शुरू की गई मुहिम के तहत पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने मोगा जिले के समालपुर थाने में तैनात सहायक सब-इंस्पेक्टर (एएसआई) हरबिंदर सिंह (नं. 115/मोगा) को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों काबू किया है। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुए विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान उक्त आरोपी को फरीदकोट जिले के कोटकपूरा कस्बे के निवासी द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने सतर्कता ब्यूरो से संपर्क किया और आरोप लगाया कि उसने उक्त पुलिस थाने में अपने अपहरण के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामला दर्ज कर लिया गया है और उक्त एएसआई इस मामले का जांच अधिकारी है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त पुलिसकर्मी ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए उससे रिश्वत की मांग की थी। प्रवक्ता ने आगे बताया कि शिकायत की पुष्टि करने के बाद विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया, जिसके दौरान उक्त पुलिसकर्मी को 5000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया गया। पुलिस ने दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 10,000 रुपये वसूले। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो के फिरोजपुर रेंज थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और उसे कल अदालत में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले की आगे की जांच जारी है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष एवं सांसदों ने उपराज्यपाल को आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार द्वारा दिल्ली वासियों पर थोपे जा रहे कृत्रिम जल संकट के संबंध में ज्ञापन सौपा

मुख्य संवाददाता,/सुषमा रानी

नई दिल्ली 6 मई : दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चांदोलिया, कमलजीत सहरावत, प्रवीन खंडेलवाल एवं बाँसुरी स्वराज आज दिल्ली के उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना से मिले और उपराज्यपाल को आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार द्वारा दिल्ली वासियों पर थोपे जा रहे कृत्रिम जल संकट के संबंध में ज्ञापन सौपा।

इस ज्ञापन में कहा गया है की दिल्ली के लोग आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहते हैं कि आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार ने हरियाणा राज्य की भाखड़ा नहर से जल आपूर्ति में कटौती की घोषणा कर दिल्ली पर एक कृत्रिम जल संकट थोपने का कार्य किया है।

महोदय, भाखड़ा डैम नहर में जल की कोई कमी नहीं है, फिर भी आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार ने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति हेतु भाखड़ा नहर से जल आपूर्ति में भारी कटौती की घोषणा की है।

महोदय, दिल्ली को अपनी जल आपूर्ति का 50% से अधिक हिस्सा हरियाणा से प्राप्त होता है और हमें आशा है कि आप इस बात से सहमत होंगे कि कोई भी कृषि प्रधान राज्य, जब वह जल संकट का सामना कर रहा हो, तो पहले अपने जल संसाधनों का उपयोग अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए करेगा।

वास्तविकता यह है कि दिल्लीवासियों ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर कर दिया है, और अब राजनीतिक अस्थिरता फैलाने के षड्यंत्र के तहत आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली को लगभग पूर्ण जल संकट की स्थिति की ओर धकेल दिया है।

हम इस ज्ञापन के माध्यम से आपसे आग्रह करते हैं कि आप इस मामले में हस्तक्षेप करें और दिल्ली को अरविंद केजरीवाल द्वारा निर्मित जल संकट से बचाने हेतु समाधान सुनिश्चित करें।

एसटीपी सफाई के दौरान हादसा, 3 की मौत, एक की हालत स्थिर

कालांवालीः(सुरेश जोरासिया) हरियाणा की सीमा के साथ लगते पंजाब के रामां मंडी में स्थित श्रीगुरु गोबिंद सिंह तेल शोधक रिफाइनरी की रामसरा रोड पर स्थित टाउनशिप में मंगलवार को एक दुखदायक घटना घटित हुई। टाउनशिप में ठेकेदार कंपनी के 4 कर्मचारियों की तरफ से एसटीपी की सफाई चल रही थी। इस दौरान 4 कर्मियों को सांस लेने में दिक्कत महसूस होने लगी। सूचना मिलने पर सेहत व सुरक्षा टीम की तरफ से मौके पर पहुंचकर प्रभावितों को तुरंत बठिंडा के एम्ज में ले जाया गया एवं घटना की सूचना प्रबंधन की तरफ से तुरंत जिला प्रशासन को दी गई। काफी प्रयास के बावजूद तीन कर्मियों को बचाया नहीं जा सका, जबकि एक ही हालत स्थिर बनी हुई है। मृतकों की पहचान, सुखपाल सिंह, राजविंदर सिंह व अस्तर अली के रूप से हुई है। जबकि चौथे कृष्ण कुमार की हालत खतरे से बाहर है।

वर्जन पंकज शर्मा उच्च अधिकारी

रिफाइनरी के उच्च अधिकारी पंकज शर्मा से इस बारे में फोन करके संपर्क किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया'

रेलवे द्वारा अमृतसर-सहरसा के बीच आरक्षित स्पैशल रेलगाड़ियों का संचालन का निर्णय

रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ

पंजाब/जैतो,6 मई : फिरोजपुर रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक परमदीप सिंह सैनी ने मंगलवार को बताया कि रेलवे द्वारा रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन एवं अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने हेतु अमृतसर-सहरसा-अमृतसर के बीच समर स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन का निर्णय लिया है।

रेलगाड़ी 04618/04617 अमृतसर-सहरसा-अमृतसर आरक्षित स्पैशल रेलगाड़ी।

समर स्पेशल रेलगाड़ी संख्या 04618 अमृतसर से सहरसा के लिए 12.05.2025 से 08.07.2025 (18 ट्रिप) के बीच प्रत्येक सोमवार और मंगलवार को चलेगी। यह समर स्पेशल रेलगाड़ी 04618 अमृतसर से रात्रि 20.10 बजे प्रस्थान करके एक दिन बाद सुबह 03.00 बजे सहरसा पहुँचेगी। वापसी दिशा में, समर स्पैशल रेलगाड़ी संख्या 04617 सहरसा से अमृतसर के लिए 14.05.2025 से 10.07.2025 (18 ट्रिप) के बीच प्रत्येक बुधवार और गुरुवार को चलेगी। यह स्पेशल रेलगाड़ी 04617 सहरसा से सुबह 05.00 चलकर अगले दिन दोपहर 14.00 बजे अमृतसर पहुँचेगी। मार्ग में ये समर स्पेशल रेलगाड़ी ब्यास, जालंधर सिटी, फगवाड़ा, ढंडारी कलां, सरहिन्द, राजपुरा, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गौंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, बरौनी, खगड़िया तथा मानसी स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी।

विवेक पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल बरगाड़ी में बच्चों के नैतिक गुणों को बढ़ाने के लिए सेमिनार का आयोजन

रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ

जैतो, 6 मई : क्षेत्र की प्रसिद्ध शिक्षा संस्था विवेक पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल, बरगाड़ी में आज एजुकेट पंजाब प्रोजेक्ट लुधियाना के जैतो जोन के वाई.सी. सरदार जसप्रीत सिंह जी द्वारा बच्चों के नैतिक गुणों को बढ़ाने के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में सरदार जसप्रीत सिंह जी ने बच्चों के बहुमुखी विकास, धर्म और विरासत से संबंधित जानकारी प्रदान की। बच्चों को गुरु तेग बहादुर जी के जीवन के बारे में बताया गया तथा बाद में प्रश्न-उत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें सही उत्तर देने वाले बच्चों को सरदार जसप्रीत सिंह जी तथा स्कूल प्रिंसिपल द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही एजुकेट पंजाब प्रोजेक्ट और गुरु नानक मल्टीवर्सिटी की ओर से मानव अधिकारों के रक्षक गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित पुस्तक मूरत पररूपकर से ली जाने वाली परीक्षा के बारे में जानकारी दी गई और अधिक से अधिक बच्चों और अध्यापकों को इस परीक्षा में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस परीक्षा में तीसरी कक्षा से लेकर 100 वर्ष तक की संगत भाग ले सकती है। तीनों चरणों को पार कर विजयी होने वाले बच्चों को 50 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कार स्वरूप 1 लाख रुपए, एक साइकिल, एक टैबलेट, एक लैपटॉप, एक स्मार्ट घड़ी, एक मोबाइल फोन आदि दिए जाएंगे तथा भाग लेने वाले प्रत्येक बच्चे को एक प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। परीक्षा के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 मई 2025 है। यह सभी जानकारी साझा करने के बाद, नैतिक शिक्षा अध्यापिका मैडम राजनदीप कौर ढिल्लों ने स्कूल प्रबंधन और प्रिंसिपल श्रीमती सोनिया सेठी जी, समन्वयक मैडम अमरजीत कौर और गगनदीप कौर की ओर से जसप्रीत सिंह जी का स्वागत किया और उन्हें अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया।विवेक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बरगाड़ी में आयोजित सेमिनार के दृश्य।

कशमीर हमले के पीड़ित की विधवा हिमांशी नरवाल को ट्रोल करने की कड़ी निंदा, ब्रह्मपुरा ने केंद्र सरकार से कार्रवाई की मांग की

पूरा देश हिमांशी नरवाल के साथ, नफरती ताकतों को कामयाब नहीं होने देंगे - ब्रह्मपुरा

रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ

पंजाब/जैतो, 6 मई : पंजाब ग्रामीण विकास सोसायटी के चेयरमैन, शिरोमणि अकाली दल के उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा ने कश्मीर के पहलगाम में हुए दर्दनाक आतंकी हमले की शिकार हिमांशी नरवाल, जिसमें उसने अपने पति को खो दिया है, को शरारती तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर ट्रोल किए जाने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस शर्मनाक कृत्य के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ब्रह्मपुरा ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है कि जिस लड़की ने इस भयावह हमले में अपना सब कुछ खो दिया, ऐसे समय में जब उसे सहारे और सहानुभूति की सबसे ज्यादा जरूरत है, उसे निशाना बनाया जा रहा है और ट्रोल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिमांशी नरवाल ने अपने युवा पति देशभक्त नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को हमेशा के लिए खो दिया है. यह दर्द और आघात असहनीय है और ऐसे समय में उन्हें ट्रोल करना अमानवीय कार्य है। ब्रह्मपुरा ने कहा, "मैं ऐसे ट्रोल्स की कड़ी निंदा करता हूं। वे कौन लोग हैं जो एक पीड़ित विधवा को भी नहीं बख्श रहे हैं? वे कौन सी ताकतें हैं जो देश के जख्मों पर मरहम लगाने की बजाय उन्हें और कुरेद रही हैं? यह बेहद जघन्य और कायराना हरकत है।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हिमांशी ने कश्मीरियों या मुसलमानों के प्रति नफरत फैलाने के लिए नहीं कहा था। उन्होंने सिर्फ यह अपील की थी कि इस साजिश में शामिल आतंकवादियों और इसके मुख्य साजिशकताओं को अधिकतम सजा दी जाए ताकि कोई दोबारा ऐसी हरकत करने की हिम्मत न कर सके। उन्होंने कहा कि ऐसे दुख के समय में जब उन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, तब भी उन्होंने देश को एकजुट रखने की बात कही, जो एक बड़ी और सराहनीय बात है तथा उनके दृढ़ निश्चय को दशार्ता है।ब्रह्मपुरा ने चेतावनी देते हुए कहा, "यह स्पष्ट है कि ये ट्रोल्स ऐसी ताकतें हैं जो देश को तोड़ना चाहती हैं, सांप्रदायिक सद्भाव और शांति को नष्ट करना चाहती हैं। इस हमले के बाद जिस तरह से कश्मीरियों और मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है, वह देश की एकता और सद्भाव के लिए बहुत खतरनाक है।" उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि ऐसे राष्ट्रविरोधी मंसूबे कभी सफल नहीं हो सकते। उन्होंने केंद्र सरकार से सख्त अपील की कि वह इस मामले का तुरंत संज्ञान ले और ऐसे शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करे जो एक पीड़ित महिला को ट्रोल करके माहौल खराब कर रहे हैं और देश में नफरत फैला रहे हैं। उन्होंने मांग की कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस तरह के घृणा अभियान को तुरंत रोका जाए और इसके लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाए। ब्रह्मपुरा ने अंत में कहा कि वह हिमांशी नरवाल और उनके परिवार के प्रति अपनी पूरी संवेदना व्यक्त करते हैं और इस दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे ऐसी नफरत फैलाने वाली ताकतों के मंसूबों को कामयाब न होने दें और देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए एकजुट रहें।

भारत ने पीडी दीपक लोहिया मेमोरियल ट्रॉफी 2025 में श्रीलंका को 5-0 से दी मात

- दिव्यांग क्रिकेट में उत्कृष्टता, समावेश और आत्मबल का प्रतीक बनी सीरीज
- दिव्यांग खिलाड़ी कर रहे हैं देश का नाम रोशनः सुरेंद्र लोहिया

दैनिक समाज जागरण, (महेन्द्र जावला बहल)

बहल-भिवानी। भारतीय शारीरिक दिव्यांग क्रिकेट टीम ने बेंगलुरु के किन्नी क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित ढऊ दीपक लोहिया मेमोरियल ट्रॉफी 2025 में श्रीलंका पर 5-0 की शानदार श्रृंखला जीत दर्ज की। 26 अप्रैल से 5 मई तक चली इस सीरीज का आयोजन डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया और विल्सपॉक स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसको लेकर भिवानी के दिव्यांग खिलाड़ियों एवं फिजिकली चैलेंज्ड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया पीसीसीएआई से जुड़े सभी खिलाड़ियों एवं पदाधिकारियो ने भी खुशी जताई और भारतीय दिव्यांग टीम को बधाई ददी। भिवानी से फिजिकल चैलेंज क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने बेंगलुरु में आयोजित सफल टूनामेंट को लेकर भारत की टीम व पदाधिकारियो को बधाई दी।

पीसीसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है , उन्होंने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों ने छोटे स्तर से अपनी खेल स्पर्धा को शुरू किया था और दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए धीरे-धीरे कारवां बढ़ता गया ,आज दिव्यांग खिलाड़ी किसी पहचान के मोहताज नहीं है ,वह अपने हुनर के बल पर देश और दुनिया को दिखा रहे हैं कि हम किसी से कम नहीं हैं।

फिजिकल चैलेंज क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रवक्ता अशोक कुमार भरद्वाज

ने जानकारी देते हुए कहा कि फाइनल मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 191/5 का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में श्रीलंका की टीम केवल 88 रन पर 15.1 ओवर में सिमट गई। नरेंद्र मंगोरे को फाइनल के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। रवींद्र सान्ते को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज से सम्मानित किया गया। डीसीसीआई ने विजेता भारतीय टीम को 2,00,000 और दीपक लोहिया ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता श्रीलंकाई टीम को 50,000 का पुरस्कार और सम्मानस्वरूप ट्रॉफी दी गई। समापन समारोह में गोपालन ग्रुप की ओर से ध्रुव प्रभाकर, ईशा प्रभाकर और विपणन प्रमुख विक्रम सिंह, तथा विल्सपॉक स्पोर्ट्स के संस्थापक व उएड निशांत ए.जे. उपस्थित रहे, जो कॉर्पोरेट क्षेत्र में समावेशी खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह को दशार्ता है।

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के द्वारा 27 मई से 31मई शिव कथा का आयोजन

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से 27 मई से 31 मई तक महाजन धर्मशाला, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से 27 मई से 31 मई तक महाजन धर्मशाला, कालांवाली मंडी में होने वाली पाँच दिवसीय शिव कथा के प्रचार प्रसार हेतु संस्थान की ओर से विभिन्न मंदिरों से संध्या फेरियां निकाली जा रही है ।प्राचीन दुर्गा मंदिर से पहली संध्या फेरी निकाली गई ।संध्या फेरी का शुभारंभ प्राचीन दुर्गा मंदिर के सदस्य प्रधान नरेश सिंगला (शशि), सेक्रेटरी विकास बंसल (विक्की), कैशियर पवन कुमार , मंच संचालक कृष्ण गर्ग पक्के वाले , समाज सेवक चरणदास , मंदिर के मीडिया प्रभारी राजवीर सिंह , रिंकू गर्ग , सोनू गर्ग , चिंटू बंसल , पप्पू बगड़ी द्वारा नारियल फोड़ कर प्रभु के पूजन से की गई ।इसके उपरांत दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की साध्वी बहनो ने प्रभु के भजनों को गाकर वातावरण को भक्तिमयी कर दिया`इस अवसर पर दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी ज्ञानेशानंद ने कहा कि आज की तनावपूर्ण जिंदगी में इंसान शांति और सुकून के पल तलाश रहा है। हर कोई एक नए युग की सुबह का इंतजार कर रहा है जहां सिर्फ शांति और सुकून हो; जहां नफरत, हिंसा और भेदभाव की कोई जगह न हो और हर कोई शांति और सम्मान के साथ रह सके। ऐसी ही एक झलक संध्या फेरी के रूप मे दिखाई दी जहां लोग प्रेम और शांति का संदेश फैलाने के उद्देश्य से चलते हैं। यह एक ऐसी परंपरा है जो आधुनिकीकरण के दायरे में खो गई है। आज संस्थान द्वारा ऐसी फेरियों के आयोजन से लोगों को प्रभु की भक्ति से जोड़ा जाता है ।स्वामी जी ने इस फेरी द्वारा निवासियों को पाँच दिवसीय श्री शिव कथा में भाग लेने के लिए भी आह्वान किया गया।

पटना मे बज्रपात से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत, चार घायल

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत बख्तियारपुर दियारा क्षेत्र में सोमवार की देर रात आसमानी बिजली ने कहर बरपाया। इस भीषण वज्रपात की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से झुलस गए। मृतकों में दादा, पोता और चाचा शामिल हैं। घायलों का इलाज बख्तियारपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) में चल रहा है, जहां उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के अबू महमदपुर गांव के समीप दियारा क्षेत्र की है, जहां रामानंद राय अपने परिजनों के साथ खेत में गेहूं की दमाही कर रहे थे। रात लगभग 11 बजे अचानक मौसम बदला और तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए सभी लोग खेत में खड़े ट्रैक्टर के नीचे बैठ गए। इसी दौरान आसमान से गिरी एक भीषण बिजली सीधे ट्रैक्टर पर आकर गिरी, जिससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य बुरी तरह झुलस गए। मृतकों की पहचान अबू महमदपुर निवासी रामानंद राय (60 वर्ष), उनके पोते सुबोध कुमार (35 वर्ष) और रितेश कुमार के रूप में की गई है। हादसे के तुरंत बाद परिवार और गांव में मातम पसर गया। परिजन मनीष कुमार ने बताया कि सभी लोग खेत में काम कर रहे थे और बारिश के कारण ट्रैक्टर के नीचे पनाह ली थी, लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि कुदरत की ऐसी मार झेलनी पड़ेगी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, बाढ़ भेज दिया गया है। पुलिस ने प्रारंभिक रिपोर्ट में वज्रपात से मौत की पुष्टि की है। वहीं प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अनुमंडल पदाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि आपदा राहत कोष से मृतकों के परिजनों को अनुदान दिया जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से वज्रपात जैसे प्राकृतिक हादसों से बचाव के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने की मांग की है। साथ ही खेतों में काम करने वाले मजदूरों को वज्रपात के समय बचाव के उपायों की जानकारी देने की अपील की है।बख्तियारपुर CHC के चिकित्सकों ने बताया कि झुलसे हुए चारों घायलों की हालत स्थिर है और उन्हें जरूरी प्राथमिक उपचार दिया गया है। जरूरत पड़ने पर उन्हें पटना रेफर किया जा सकता है। यह हादसा एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करता है कि किस तरह एक सामान्य दिन भी अचानक मौत का पैगाम लेकर आ सकता है। आसमान से गिरी यह बिजली न सिर्फ एक परिवार को उजाड़ गई, बल्कि पूरे गांव को शोक में डुबो गई। प्रशासन और आम जनमानस को अब ऐसे हादसों से निपटने के लिए अधिक सजग और सतर्क होने की जरूरत है।

पटना में संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत उमानाथ क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत से सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान रूपा देवी के रूप में हुई है, जो गोसाईंमठ मोहल्ला में रहती थीं। वह मूल रूप से नालंदा जिले के जगतपुर गांव की रहने वाली थीं। मामले में मृतका के पति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और जांच शुरू कर दी गई है। परिजनों के अनुसार, रूपा देवी का शव घर के अंदर बेड पर पड़ा हुआ मिला। कमरे में न तो रस्सी मिली और न ही फांसी लगाने जैसा कोई सबूत मौजूद था। इससे परिजनों ने आशंका जताई है कि रूपा देवी की हत्या गला दबाकर की गई है। उनका आरोप है कि हत्या के बाद पूरे परिवार के लोग शादी समारोह में चले गए और मृतका के मायके वालों को सूचना तक नहीं दी गई। रूपा देवी के परिजनों का कहना है कि उनका पति धनराज कुमार शराब का अवैध कारोबार करता था और लंबे समय से रूपा के साथ मारपीट करता आ रहा था। उन्होंने बताया कि रूपा ने कई बार अपनी पीड़ा परिवार के सामने साझा की थी। कुछ दिन पहले भी पति द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई थी। हालांकि परिवार ने उसे समझा-बुझाकर ससुराल में रहने की सलाह दी थी, ताकि बच्चों की परवरिश प्रभावित न हो। रूपा देवी और धनराज कुमार के तीन बच्चे हैं। यह दुखद घटना बच्चों के सामने एक त्रासदी के रूप में सामने आई है। परिवार अब बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित है। परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं और चाहते हैं कि दोषी को सख्त सजा मिले। मृतका के पति धनराज कुमार ने अपनी सफाई में कहा है कि वह घटना के समय पास के मंदिर में था और तीन दिनों से पत्नी से बातचीत नहीं कर रहा था। उसने यह भी कहा कि रूपा ने खाना भी नहीं खाया था। वहीं पुलिस ने शुरूआती जांच में बताया कि पड़ोसियों ने पति-पत्नी के बीच पिछले तीन दिनों से विवाद की जानकारी दी है।घटना की जानकारी मिलते ही सब इंस्पेक्टर रविरंजन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घर की तलाशी ली। पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है ताकि घटनास्थल की वैज्ञानिक जांच हो सके। शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारण का पता चल पाएगा। यह घटना समाज के उस कड़वे सच को उजागर करती है, जहां घरेलू हिंसा अब भी महिलाओं की जिंदगी को प्रभावित कर रही है। यदि परिजनों के आरोप सही साबित होते हैं, तो यह एक सोची-समझी हत्या का मामला बन सकता है। अब पूरा मामला पुलिस जांच पर निर्भर है, जो आगे की कार्रवाई की दिशा तय करेगा।

पटना में बीपीएससी शिक्षक अभ्यर्थियो पर पुलिस ने किया लाठी चार्ज

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ राजधानी पटना में मंगलवार को बीपीएससी टीआरई-3 के अभ्यर्थियों का विरोध प्रदर्शन उस वक्त हिंसक हो गया जब पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज कर दिया। ये अभ्यर्थी सीएम हाउस के पास सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर जुटे थे। प्रदर्शनकारियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया, जिसमें कई उम्मीदवार घायल हो गए। घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बीपीएससी टीआरई-3 के तहत शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। कई अभ्यर्थियों का आरोप है कि उनके रिजल्ट जारी नहीं किए गए हैं, जबकि उन्होंने परीक्षा में शामिल होकर आवश्यक योग्यता पूरी की है। उम्मीदवारों का कहना है कि आयोग को सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करना चाहिए ताकि वे भी शिक्षक नियुक्ति की दौड़ में शामिल हो सकें। प्रदर्शन में शामिल दीपा सिंह, जो सीवान से आई थीं, ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नीतीश सरकार में छात्रों को केवल लाठी मिल रही है। उनका कहना था की हमलोग 4 महीने से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार न सुन रही है, न हमारी मांगों पर कोई निर्णय ले रही है। अब तो या तो रिजल्ट दे दीजिए या हमें फांसी दे दीजिए। यह पहली बार नहीं है जब अभ्यर्थियों ने इस मुद्दे पर विरोध जताया हो। 24 मार्च को भी शिक्षक अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री सुनील कुमार के आवास के बाहर प्रदर्शन किया था। उस दौरान जब मंत्री मौके पर पहुंचे, तो उम्मीदवारों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया था और सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने की मांग पर अड़े रहे। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पुलिस को मंत्री को सुरक्षित बाहर निकालना पड़ा। पुलिस की ओर से किए गए लाठीचार्ज पर सवाल उठाए जा रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं के साथ ऐसी बर्बरता नहीं होनी चाहिए थी। वहीं प्रशासन का कहना है कि प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की और चेतावनी के बाद भी नहीं माने, जिसके बाद पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी।प्रदर्शनकारियों की मांगें अभी भी बनी हुई हैं। वे चाहते हैं कि बीपीएससी आयोग सप्लीमेंट्री रिजल्ट जल्द से जल्द जारी करे ताकि उनकी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो सके। वहीं सरकार और आयोग की ओर से अब तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इससे अभ्यर्थियों में गुस्सा और निराशा दोनों गहराता जा रहा है। पटना में हुए इस लाठीचार्ज ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि युवाओं की मांगों को सुलझाने के बजाय उन पर बल प्रयोग क्यों किया जा रहा है। जहां एक ओर अभ्यर्थी अपनी नौकरी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं सरकार की चुप्पी उन्हें और ज्यादा हताश कर रही है। अब देखना होगा कि आने वाले दिनों में प्रशासन इस मुद्दे पर क्या रुख अपनाता है। विरोध प्रदर्शन के बाद, शिक्षा मंत्री सुनील सिंह ने घोषणा की थी कि वे बीपीएससी को 25 मार्च की शाम 5 बजे से पहले पत्र लिखकर मामले की समीक्षा का अनुरोध करेंगे। उन्होंने कहा था कि सरकार को रिजल्ट जारी करने पर कोई आपत्ति नहीं है और अंतिम निर्णय बीपीएससी ही लेगा। हालांकि, 10 दिन बीत जाने के बाद भी कोई नोटिस जारी नहीं हुआ, जिससे नाराज अभ्यर्थियों ने फिर से सीएम हाउस पर प्रदर्शन किया। बीपीएससी ने 20 मार्च को साल 2025 की सभी भर्तियों का परीक्षा कैलेंडर जारी किया था, लेकिन इसमें टीआरई-4 परीक्षा का जिक्र नहीं है। हालांकि, दो दिन पहले बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील सिंह ने विधानसभा में कहा कि टीआरई-4 एग्जाम मई 2025 में आयोजित होगी। इसमें जो वैकेंसी बची है, वह चौथे चरण में ही जोड़ा जाएगा। इसके बावजूद कैलेंडर में शिक्षक भर्ती परीक्षा का कोई जिक्र नहीं है। इससे शिक्षक अभ्यर्थियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इससे पहले टीआरई-3 की प्रक्रिया भी काफी विलंब से पूरी हुई थी, जिससे अभ्यर्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था।

बिहटा नगर पंचायत में लोगो ने लगाया सफाई में लापरवाही का आरोप

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ नगर परिषद बिहटा में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि स्थानीय लोगों में नाराजगी चरम पर पहुंच गई है। लोगों ने सफाई सुनिश्चित करने की मांग उठाई है. आरोप है कि सफाईकर्मियों की छुट्टी के कारण हर रविवार बाजार, प्रमुख सड़कें और भीड़भाड़ वाले इलाके कचरे से पट जाते हैं, जिससे संक्रमण और दुर्गंध की समस्या बढ़ जाती है। अमहारा वार्ड के पार्षद सन्नी कुमार सहित कई जनप्रतिनिधियों ने नगर परिषद को पत्र सौंपकर सफाईकर्मियों की संख्या बढ़ाने और रविवार को भी नियमित सफाई करवाने की मांग की है। पार्षदों का कहना है कि त्योहारों और सप्ताहांत पर आमतौर पर लोगों की आवाजाही अधिक होती है, ऐसे में सफाई और जरूरी हो जाती है, लेकिन नगर परिषद इस पर गंभीर नहीं दिख रही।इसे लेकर नगर विकास विभाग द्वारा आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में भी लोगों ने जमकर नाराजगी जताई।वार्ड 19 के पार्षद सन्नी कुमार ने आरोप लगाया कि नगर परिषद ने इस वर्ष सफाई कार्य के लिए 20 लाख रुपये के बजट वाले टेंडर को 60 लाख में पारित किया, फिर भी सफाई व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच की मांग करते हुए जिलाधिकारी और नगर विकास मंत्री को आवेदन भी सौंपा। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने यह भी शिकायत की कि जन समस्याओं को सुनने के लिए कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं था।केवल खानापूरी के लिए कार्यपालक पदाधिकारी की ओर से एक प्रतिनिधि भेजा गया। इस अवसर पर नाली निर्माण सहित कई विकास योजनाओं के प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए गए। स्थानीय नागरिकों की साफ मांग है कि नगर परिषद स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे और सभी वार्डों में नियमित सफाई सुनिश्चित करे, ताकि गंदगी और बीमारियों से लोगों को राहत मिल सके। जन संवाद के मौके पर अविनाश कुमार, शैलेश कुमार, मुकुल कुमार, अनिल सिंह, श्यामल कुमार सहित कई महिला -पुरुष नगरवासी उपस्थित रहे।

बिहार में आतंकवादी हमले को लेकर अलर्ट करते हुए सतर्कता बरतने का निर्देश

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच बिहार पुलिस ने पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। राज्य के सभी जिलों में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। विशेषकर नेपाल सीमा से लगे क्षेत्रों पर अतिरिक्त निगरानी रखने को कहा गया है, क्योंकि इन इलाकों से आतंकवादियों के प्रवेश की आशंका जताई जा रही है।पुलिस को इनपुट मिले हैं कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई भारत में अशांति फैलाने की कोशिश कर रही है। इसके मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और चेकिंग को और सघन किया गया है। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि आतंकी संगठन बिहार में किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। सभी जिलों को भेजे गए निदेर्शों में कहा गया है कि मॉल, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, होटल, रेस्टोरेंट, स्कूल, अस्पताल, धार्मिक स्थल जैसे स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। पुलिस को गश्त बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कहा गया है। साथ ही सभी प्रमुख स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। खुफिया एजेंसियों के अनुसार आतंकी संगठन देश की आंतरिक सुरक्षा को कमजोर करने के लिए राजनीतिक और धार्मिक नेताओं को निशाना बना सकते हैं। इसलिए पटना सहित सभी जिलों में वीआईपी और वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान विशेष सुरक्षा प्रबंध किए जा रहे हैं। राज्य सरकार ने विधानसभा, विधान परिषद, सचिवालय, हाई कोर्ट और अन्य प्रमुख सरकारी भवनों की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही रेलवे और सड़क पुलों, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और अन्य महत्वपूर्ण ढांचागत संस्थानों की निगरानी के लिए विशेष टीमों को तैनात किया गया है। पुलिस मुख्यालय ने सोशल मीडिया पर चल रही गतिविधियों पर भी विशेष नजर रखने के निर्देश दिए हैं। वीडियो और फोटो जो भय फैलाते हैं या किसी प्रकार की अफवाह को जन्म दे सकते हैं, उन पर तत्काल कार्रवाई करने की बात कही गई है। यदि आवश्यकता पड़ी तो संबंधित जिलों में इंटरनेट सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर सोशल मीडिया पर रोक लगाई जा सकती है। केंद्र सरकार ने 7 मई को देश के कई राज्यों में मॉक ड्रिल आयोजित करने का निर्देश दिया है, ताकि आम नागरिकों को आतंकी हमले या युद्ध जैसे हालात में सुरक्षित रहने की ट्रेनिंग दी जा सके। हालांकि, बिहार में इस तरह की कोई मॉक ड्रिल होगी या नहीं, इस पर अभी तक स्पष्ट निर्णय नहीं लिया गया है। इस पूरे घटनाक्रम से साफ है कि राज्य सरकार और सुरक्षा एजेंसियां किसी भी संभावित खतरे को लेकर सतर्क हैं और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठा रही हैं।

पटना में करेंट लगने से महिला की मौत

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पतब/ राजधानी पटना के बिहटा अनुमंडल अंतर्गत आईआईटी थाना क्षेत्र के दलेलगंज गांव में मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे में एक बुजुर्ग महिला समेत दो भैंसों की मौत हो गई। घटना करंट लगने से हुई, जिससे गांव में मातम का माहौल है। मृतका की पहचान 63 वर्षीय देवंती देवी के रूप में हुई है, जो रोज की तरह सुबह अपनी दो भैंसों को चराने के लिए खेत में गई थीं। स्थानीय लोगों के अनुसार, बीती रात तेज आंधी और बारिश के कारण गांव के खेत में लगे एक ट्रांसफॉर्मर में तकनीकी खराबी के कारण करंट दौड़ने लगा था।

मंगलवार सुबह देवंती देवी जब अपनी भैंसों को लेकर खेत पहुंचीं, तो दोनों भैंसें ट्रांसफॉर्मर के पास गईं और करंट की चपेट में आ गईं। अपनी भैंसों को बचाने के प्रयास में देवंती देवी भी करंट की चपेट में आ गईं। हादसे में महिला और दोनों पशुओं की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आईआईटी थाना प्रभारी शिवशंकर कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। मृतका देवंती देवी दलेलगंज गांव के निवासी किताब साव की पत्नी थीं। ग्रामीणों के अनुसार, उनका परिवार अत्यंत गरीब है और पशुपालन ही उनकी आजीविका का मुख्य साधन था। भैंसों की मौत के साथ-साथ देवंती देवी के निधन से परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि विवेक कुमार भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने स्थानीय प्रशासन को पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रांसफॉर्मर में करंट दौड़ने की वजह से यह हादसा हुआ है, जिसके लिए बिजली विभाग की लापरवाही जिम्मेदार है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मृतका के परिजनों को उचित मुआवजा और सहायता दी जाए ताकि वे इस संकट की घड़ी में कुछ राहत पा सकें। पुलिस का कहना है कि परिजनों की ओर से थाने में लिखित शिकायत दी गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। हादसे को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है और वे बिजली विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।फिलहाल पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पूरे मामले की जांच में जुटे हैं। हादसे ने एक बार फिर से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति तंत्र की लचर स्थिति और उसके जानलेवा परिणामों को उजागर कर दिया है।

पटना में एसटीएफ की टीम ने चार कुख्यात अपराधियो को दबोचा

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ राजधानी पटना में अपराध की एक बड़ी साजिश को समय रहते विफल कर दिया गया। एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की सतर्कता से सोमवार की रात पटना सिटी के अगमकुआं थाना क्षेत्र में चार कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। बताया जा रहा है कि ये अपराधी किसी बड़ी आपराधिक वारदात की योजना बना रहे थे। इनके पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए अपराधियों की पहचान छोटू उर्फ आशिक उर्फ छोटे सरकार (23), सोहित कुमार (19), राजू कुमार (22) और रवि रंजन उर्फ गोलू (25) के रूप में हुई है। इनमें से राजू कुमार नालंदा का रहने वाला है, जबकि बाकी आरोपी पटना के विभिन्न इलाकों से ताल्लुक रखते हैं। पुलिस के अनुसार, सभी आरोपियों के खिलाफ पटना और उसके आसपास के थानों में कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं और ये लंबे समय से पुलिस की नजर में थे। पुलिस को यह सफलता गुप्त सूचना के आधार पर मिली। एसटीएफ को मिली खुफिया जानकारी के बाद अगमकुआं, मेहंदीगंज थाना और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के महेशपुर अखाड़ा इलाके में छापेमारी कर चारों अपराधियों को धर-दबोचा। यह कार्रवाई सोमवार देर रात को की गई। मौके से एक देशी पिस्तौल, एक देसी कट्टा, चार जिंदा कारतूस और चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पटना सिटी के एसडीपीओ अतुलेश झा ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि ये अपराधी किसी वारदात की साजिश रचने के लिए एकत्रित हुए थे। इनसे जब्त मोबाइल फोन की जांच की जा रही है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि ये किन-किन लोगों के संपर्क में थे और इनके अगले कदम क्या हो सकते थे। एसडीपीओ ने यह भी बताया कि गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। इनके खिलाफ हत्या, लूट, रंगदारी और अवैध हथियार रखने जैसे कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इनके संपर्क किसी गिरोह या बड़े आपराधिक नेटवर्क से तो नहीं हैं। इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों में राहत की भावना देखी जा रही है। महेशपुर अखाड़ा और आसपास के क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिल रही थी, जिससे इलाके में भय का माहौल बना हुआ था। अब अपराधियों की गिरफ्तारी से लोग राहत की सांस ले रहे हैं।पुलिस इनसे गहन पूछताछ कर रही है और जल्द ही इनके अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किए जाने की संभावना है। पटना पुलिस की यह कार्रवाई राजधानी में कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर रात्रि में हुई चोरी,जांच में जुटी पुलिस

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर औरंगाबाद

नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के टंडवा रामनगर मुख्य पथ स्थित श्री हनुमान मन्दिर के निकट अंशु इंटरप्राइजेज दुकान व धर्मेन्द्र सिंह के घर के पास खड़ी ट्रैक्टर रात्रि में चोरी हो गई। ट्रैक्टर मालिक टंडवा थाना क्षेत्र के सिमरी बैचैन गांव निवासी धर्मेन्द्र सिंह ने थाना में अज्ञात के विरुद्ध आवेदन दिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने घटना स्थल का जायजा लिया। लोगो से पूछताछ की गई। ट्रैक्टर मालिक ने बताया कि ट्रैक्टर बी आर 26 जी सी 0975 घर के बाहर खड़ी की गई थी। सुबह ट्रैक्टर गायब था। आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज से पता चल रहा है कि रात करीब 1 बजे अज्ञात लोग आए व ट्रैक्टर की चोरी कर भाग निकले। मामले में टंडवा थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि थाना कांड संख्या 58/25 दर्ज कर घटना को लेकर जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। शीघ्र ही चोरों का पता लगा लिया जाएगा।

कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों के बीच वितरित किया गया प्रमाण पत्र

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के टंडवा पंचायत के शेखपुरा गांव स्थित राईट चॉइस कंप्यूटर अकैडमी एवं प्रशिक्षण केंद्र में छह माह और एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 15 छात्र-छात्राओं को अकैडमी के डायरेक्टर मो. फखरुद्दीन द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हर क्षेत्र के अलावे हर घर के लिए



कंप्यूटर शिक्षा जरूरी है। कंप्यूटर आपको तेजी से काम करने में मदद करता हैं। जैसे-जैसे कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर में सुधार होता है, वैसे-वैसे उनकी क्षमता भी बढ़ती जाती है। ग्रामीण क्षेत्रो में भी अब कंप्यूटर की मांग धीरे-धीरे बढ़ना शुरू हो गया है।निदेशक ने कहा कि यहां से मिलने वाले सर्टिफिकेट सरकारी या गैर सरकारी सभी क्षेत्रों में आपको काम आएगा।कंप्यूटर सिखकर आप घर बैठे ऑनलाइन के माध्यम से पैसा कमा सकते हैं। ऑनलाइन एजुकेशन, बड़े से बड़े कंपटीशन की तैयारी बहुत ही आसानी से और कम फी में कर सकते हैं। प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले छात्रों में गुलनाज प्रवीण, रिया कुमारी, पिंकी कुमारी, निक्की कुमारी, अजीत कुमार मेहता, पवन तिवारी समेत कई अन्य शामिल हैं।

रजनीश कुमार बने भाजपा के नए पटना जिलाध्यक्ष

भाजपा कार्यकर्ताओ ने दिया बधाई

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता वेद प्रकाश

पटना / भाजपा के नए पटना ग्रामीण जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा कार्यकताओं ने रजनीश कुमार को बधाई दिया है। जानकारी के अनुसार नवनिर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्ष ने बाबा बटेश्वर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद दुल्हिन बाजार पहुंचे। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत कुमार के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता ने माला पहनकर वह बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि पार्टी ने मुझे जिस भरोसे व विश्वास के साथ इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है उसे मैं बखूबी निभाऊंगा। संगठन का विस्तार करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी इसके अलावा भाजपा से जुड़े पुराने अभिभावकों का मार्गदर्शन लेकर निरंतर पार्टी व जनता की सेवा करता रहूंगा। वही भाजपा के पालीगंज विधानसभा संयोजक बिनोद शर्मा ने बताया की भाजपा के पटना ग्रामीण के नये जिला अध्यक्ष रजनिश कुमार को बनाया गया। जिसकी घोषणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जयसवाल के द्वारा किया गया। रजनीश कुमार ने बुथ अध्यक्ष से मंडल अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष तक का सफर तय किया है।

बधाई देनेवालों में पूर्व सांसद रामकृपाल यादव, भाजपा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष धमेन्द्र कुमार, विधान सभा संयोजक बिनोद शर्मा, मंडल अध्यक्ष इन्द्रजीत कुमार, अभिमन्यु कुशवाहा, कुन्दन कुमार, संजय शर्मा, संदीप गुप्ता ,राघवेंद्र शाही ,लवकुश कुमार, सुनील कुमार ,रवि कुमार सहित अनेको भाजपा कार्यकर्ता शामिल है।

पाकिस्तान से तनाव को लेकर होगा मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट, बजेगा युद्ध का सायरन

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

पाकिस्तान से तनाव को लेकर आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों की परख के लिए बुधवार को शहर में मॉक ड्रिल(पूर्वाभ्यास) है। जिसमें लोगों से सहयोग की अपील है।इस बात की जानकारी जिला विशाल राज एवं पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता में मंगलवार को दी। जिलाधिकारी ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें जागरूक एवं भविष्य में उत्पन्न किसी भी आपात स्थिति में स्वयं को तैयार रखने के उद्देश्य से बुधवार 07 मई, 2025 को शाम 07:00 बजे एक सायरन बजेगी। 10 मिनट बिजली आपूर्ति बंद किया जायेगा और घबराना नहीं है। पुरे शहरवासियों से अपील है कि 10 मिनट के लिए अपने घरों लाइट पूरी तरह बंद रखेंगे। जिसमें आप सबों से सहयोग की अपील की जा रही है। संध्या 07 बजे दो मिनट तक बजेगा सायरन। साथ ही बत्ती बुझ जाएगी । दस मिनट तक घरों में बिल्कुल भी बत्ती न जलाएं । विशेष परिस्थिति में ही बत्ती का उपयोग करें ब्लैक आउट में अपनी सहभागिता दे,इमर्जेंसी में ही अन्य माध्यम से बिजली का उपयोग करे।इस परिस्थिति में किसी को घबराना नहीं है।

विश्व मूक बधिर क्रिकेट लीग मे भारत को तीसरा स्थान,झारखंड के खिलाड़ियों को मंत्री ने किया सम्मानित।

पंकज कुमार पाठक,संवाददाता पदमा, दैनिक समाज जागरण

पदमा: विश्व मूक बधिर क्रिकेट में झारखण्ड का नाम रौशन करने वाले पदमा के खिलाड़ी दीपक यादव को झारखण्ड सरकार के मंत्रियों ने सोमवार को सम्मानित किया। सम्मानित वाले वालो में शिल्पी नेहा तिर्की , केशव

महातो कमलेश , बंधु तिर्की सहित कई मंत्री शामिल हैं। इन्होने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम मे झारखण्ड के तीन खिलाड़ियों को सम्मानित किया।जिसमे हजारीबाग (पदमा) के दीपक कुमार यादव , रामगढ़ के रंजीत कुमार एवं गिरिडीह के शोयेब अख्तर को पुष्प गुच्छ एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। बताते चले की इस उत्कृष्ट उपलब्धि को हासिल करने वाले दीपक यादव पदमा प्रखंड के अडार गांव निवासी विधायक प्रतिनिधि नारायण यादव के पुत्र हैं ।इस उपलब्धि पर इन्हें क्षेत्र से बधाई देने वालो का ताँता लगा है ।

बिशॉप विद्यालय रांची में एक दिवसीय दशम सत्यानंद ओपन (राष्ट्रीय स्तरीय)योग चैंपियनशिप का आयोजन ।

मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।

बिशॉप विद्यालय रांची में एक दिवसीय दशम सत्यानंद ओपन (राष्ट्रीय स्तरीय)योग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में माउंट

लिट्रा जी स्कूल हजारीबाग के छात्र एवं छात्राएं भी खेल शिक्षक सागर कुमार के निर्देशन में भाग लेकर अपने उत्कृष्ट कला कौशल का प्रदर्शन कर अनेक पुरस्कार जीतकर अपने विद्यालय का नाम रौशन किए। इस योग प्रतियोगिता में विजय प्रतिभागियों का नाम इस प्रकार है जीरो आयु वर्ग में प्रिया गुप्ता,हितेन,ऋषि सिंह,प्रांजल प्रखर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं ए वर्ग आयु में अंशु कुमारी द्वितीय स्थान प्राप्त की है बी वर्ग आयु में प्रियांशु राज,वैष्णवी बाला द्वितीय स्थान प्राप्त की है, डी वर्ग आयु में सक्षम सिंह , यशराज तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं एवं श्रद्धा दीप बी वर्ग आयु में अच्छे फ्लैक्सिबिलिटी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है योग प्रतियोगिता में विजय प्रतिभागियों को सहायक शिक्षिका नीतिका गुप्ता एवं खेल शिक्षक सागर कुमार हमारे विद्यालय निर्देशक महोदय शशि शंकर प्रसाद ,प्राचार्य महोदय आर.के. सिंह आर.एम.महोदया श्रीमती प्रार्थना मिश्रा एवं विद्यालय के सभी शिक्षक वृंद ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा प्रखंड के सरकारी स्कूलों में बैग एवं कीट का वितरण।

राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।

विष्णुगढ़: प्रखंड के अंतर्गत सरकारी स्कूलों में सत्र 2025- 26 के लिए कक्षा एक से आठ तक अध्यातरण सभी छात्र-छात्राओं को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के द्वारा स्कूल बैग एवं कीट का वितरण किया जा रहा है।राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को प्रत्येक वर्ष पोशाक और स्कूल बैग समेत अन्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रखंड में सभी सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को स्कूल बैग वितरण किया जा रहा है। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले अधिकांश बच्चे जो स्कूल बैग खरीदने में सक्षम नहीं होते हैं

जिसे देखते हुए शिक्षा परियोजना बच्चों को अपने स्तर से बैग, किताबें, कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, कटर, पोशाक, स्वेटर, जूता,उपलब्ध करा रही है। जिस कारण बच्चों एवं अभिभावकों को अपने बच्चों की पढ़ाई पूरी कराने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

उप प्रमुख की स्कॉर्पियो और टेंपो में टक्कर कई लोग घायल दोनों पक्षों से थाने में दी गई आवेदन

समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव

बड़कागांव 14 माईल के पास सोमवार की रात 10:30 बजे बड़कागांव के उप प्रमुख वचन देव कुमार एवं हजारीबाग से भगवान बागी जा रहा बाराती वाहन टेंपो के बीच टक्कर हो गई। जिसमें टेंपो सवार बरातियों को गंभीर चोटे आई हैं ।जिसमें एक व्यक्ति रामस्वरूप पंडित का पैर टूट गया , संदीप कुमार महतो, गणेश प्रजापति, कुंदन कुमार एवं कई लोगों को माथे में हाथ में कमर में चोट आई है ।वहीं स्कॉर्पियो ड्राइविंग कर रहा वाहन मालिक वचन देव कुमार को हाथ टूट जाने की बात कही है। घायलों को बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया गया तत्पश्चात बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वहीं घटना को लेकर बड़कागांव पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर कार्रवाई के लिए बड़कागांव थाना ले लाई है। दोनों पक्षों के द्वारा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। प्रथम पक्ष से राजू प्रजापति ने थाने में आवेदन दिया है। लोगों का कहना है कि उप प्रमुख बचन देव कुमार हाई

स्पीड से बालू कारोबार को लेकर हाई स्पीड से स्कॉर्पियो से पेट्रोलिंग कर रहा था । जिसके कारण दुर्घटना हुई है । दुर्घटना में कई लोग घायल हुए हैं। वहीं उप प्रमुख वचन देव कुमार ने बताया कि मैं अपना घर हजारीबाग जा रहा था मेरे स्कॉर्पियो को बुरी तरह से तोड़फोड़ किया गया है स्कॉर्पियो में रखा 125000 नगद सोने का चैन लोग लूट लिए। बालू को लेकर स्कॉर्पियो से पेट्रोलिंग करने की बात बिल्कुल गलत है बे बुनियाद है मेरा हाईवा 1 तारीख को ही सीज हो गया है ।मरमती के लिए गेराज में है। मामले को लेकर थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि दोनों पक्ष से आवेदन दिया गया है ,पुलिस जांच कर रही है निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त के निदेशानुसार जनता दरबार का किया गया आयोजन।

मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।

उपायुक्त नैन्सी सहाय के निदेशानुसार , सामाजिक सुरक्षा निदेशक निवेदिता रॉय ने मंगलवार को समाहरणालय सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुना तथा इसके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से बच्चों के फीस वसूलने को लेकर आवेदन दिया दिया गया। धनवार कोरियाडीह के रहने वाली सीमा देवी ने मंईयां सम्मान योजना पुनः चालु करने के सम्बंध में आवेदन दी। मुस्सफिल निवासी मो. कुदुस अंसारी ने अपने जमीन पर जबरन कब्जा कर पक्का घेराबंदी करने के संबंध में आवेदन दिया। निर्मल रजक, विष्णुगढ़ बनासो ने अपने पड़ोसियों द्वारा जमीन हड़पने व बाउंड्री तोड़कर रास्ता बनाने के संबंध में संबंधित अधिकारी को आवेदन दिया। संजू कुमारी तेली टोला हुरहुरू ने आंगनबाड़ी सेविका के रूप में चयन करने संबंध में आवेदन दी। झरपो निवासी प्रभु र-विदास बैटरी साइकिल दिलाने के संबंध में उपायुक्त से निवेदन किया। केरेडारी निवासी धनेश्वर प्रजापति ने रोजगार से जोड़ने का गुहार लगाया। सामाजिक सुरक्षा निदेशक ने जनता दरबार में आए सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जांचोपरांत त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया।

सीमांकन करने आए वन विभाग और बीजीआर कंपनी के कर्मियों को ग्रामीणों ने कार्य को रोका

समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव

गोंदल पूरा वन क्षेत्र रूद्दी में वन विभाग बड़कागांव और एनटीपीसी के एमडीओ बीजीआर कंपनी के कर्मियों द्वारा गुपचुप तरीके से एनटीपीसी बादम कोल ब्लॉक का सीमांकन कार्य किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण सीमांकन कार्य स्थल पर पहुंचकर सीमांकन कार्य को बंद कराते हुए वन विभाग और बीजीआर कंपनी के लोगों को पकड़ कर धरना स्थल ले गए। यहां पहुंचते ही गोंदल पूरा और इर्द-गिर्द गांव के काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए ग्रामीणों ने वन विभाग के पदाधिकारीयों से सीमांकन कार्य हेतु अपने वरीय पदाधिकारी का आदेश पत्र मांगा पर वन विभाग के द्वारा कोई आदेश पत्र नहीं दिखाया गया ।उसके बाद ग्रामीणों ने लगभग सभी पदाधिकारी को लगभग 5 घंटे तक धरना स्थल पर बैठाए रखा इसकी सूचना मिलते ही बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने अपने एस आई रामनिवास सिंह को भेजा और उसके हस्तक्षेप के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग के पदाधिकारी से लिखित में लिया कि आज के बाद से इस वन क्षेत्र में वन विभाग का कोई भी कार्य होगा पहले गोंदल पूरा वन समिति को सूचित करने के बाद ही होगा। वन विभाग नें भरोसा दिलाया कि आज के बाद से हम लोग जो भी काम करेंगे पहले वन ग्राम समिति और ग्रामीणों को सूचित करके ही काम करेंगे। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि एनटीपीसी के एमडीओ बीजीआर कंपनी द्वारा सीमांकन का कार्य पहले कंपनी के दलालों को दिया गया था। जिसको हम लोग रुकवा दिए फिर कंपनी ने सीमांकन का कार्य वन विभाग को सौंप दिया जो सरासर गलत है और हम ग्रामीण इसको कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। वन विभाग अपने वन क्षेत्र में अपने विभाग का कार्य करने के लिए स्वतंत्र है ।लेकिन वन विभाग अगर कंपनी का कार्य करेगा तो आगे भी हम लोग रोकने का कार्य करेंगे।

बादम में आयोजित श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का नगर भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न

समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव

बड़कागांवः प्रखंड के बादम पंचायत अंतर्गत माँ पंचवाहिनी मंदिर प्रांगण बादम में आयोजित श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का आज नगर भ्रमण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।यह कार्यक्रम मे माँ दुर्गा की सर्वण मूर्ति एंव तस्वीर के साथ पूरे बादम गाँव मे भ्रमण किया गया साथ ही हर मोहल्ले टोले से श्रद्धालुगण ने अन्न, वस्त्र, द्रव्य इत्यादि वस्तुओ का दान किया ।भ्रमण के दौरान महिलाए एंव पुरुषो की संख्या काफी थी। मौजूद श्रद्धालुओं ने जयघोष और नृत्य करते हुए यज्ञ स्थल से लेकर पुरे नगर भ्रमण तक काफी उत्साहित दिखे । मौके पर निंमल ठाकुर, विवेक रावत, रवि कुमार दाँगी, संतोष मेहता, भगीरथ ठाकुर, विक्रम गुप्ता, संजय मेहता, सुंदर महतो,शुभनाथ महतो, तुलसी महतो, लोकनाथ प्रजापति, मुरलीधर साव, नरेश ठाकुर, अभय कुमार, गीता देवी, पुनम कुमारी, जग्गी कुमार, रेखा कुमारी, संगीता देवी, समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे, तथा महायज्ञ समिति समस्त बादम ग्रामवासी एवं दांगी ड्रामेटिक क्लब बादम अध्यक्ष अभय कुमार, सचिव संतोष कुमार कुशवाहा, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष रवि कुमार दांगी, संतोष मेहता ,उपसचिव जयप्रकाश राम, जुगेश्वर महतो , उपकोषाध्यक्ष कैलाश कुमार ,कालीचरण कुमार, ग्राम अध्यक्ष भुदेव महतो, कोषाध्यक्ष बैजनाथ महतो ,युवा अध्यक्ष भावेश कुमार, संरक्षण सहेश्वर महतो ,संजय कुमार ,राजेन्द्र महतो ,महेन्द्र पाण्डेय शत्रुघ्न महतो विनोद प्रजापति प्रदीप साव सीताराम साव, विरेन्द्र साव, उमाशंकर साव के अलावा अन्य सैकड़ो लोग शामिल थे।

ओम आरोहणम संस्था की संस्थापिका शेफाली गुप्ता के द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या बेहद ही दुखद है, मोदी सरकार पर पूर्ण भरोसा है कि यथाशीघ्र न्याय कार्यवाई अवश्य करेगी - शेफाली गुप्ता

मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या पर मंगलवार को झील परिसर के समीप स्थित कैफेटेरिया में ओम आरोहणम् संस्था की संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता द्वारा हृदयविदारक घटना में मासूम पर्यटकों को श्रद्धा-सुमन अर्पित करने हेतु श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में कैंडल जलाकर एवं बैंड द्वारा प्रस्तुत आत्मीय संगीत द्वारा सामूहिक संवेदना के माध्यम से दिवंगत आत्माओं को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। देशभक्ति संगीत की प्रस्तुति वातावरण को भावभीनी कर दिया। ओम आरोहणम् संस्था की संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने श्रद्धांजलि अर्पित कर निर्दोष पर्यटकों की हत्या पर नमन किया। मुख्य रूप से सदर विधायक प्रदीप प्रसाद एवं भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम में काफी संख्या में उपस्थित लोगों ने निर्दोष पर्यटकों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। सामुहिक श्रद्धांजलि अर्पित कर मानवता के पक्ष में एक सशक्त संदेश भी दिया। मौके पर ओम आरोहणम् संस्था के संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने संवेदना व्यक्त कर कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या बेहद ही दुखद है। आतंकियों की कायरतापूर्ण एवं अमानवीय घटना निंदनीय है। मोदी सरकार पर पूर्ण भरोसा है कि यथाशीघ्र न्याय कार्यवाई अवश्य करेगी। देश की जनता मोदी सरकार के साथ है। मौके पर आरएसएस के डॉ टी के शुक्ला, गंगाधर दुबे, आरबी सिंह, श्रद्धानंद सिंह, भाजपा नेता सुदेश चंद्रवंशी, नगर अध्यक्ष विवेक बरियार, विशाल वाल्मीकि, सदर मंडल अध्यक्ष रंधीर पाण्डे, भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष रेणुका साहू, मनीष कुमार, डिफेंस एकाडमी, एनसीसी कैडेट, गुरूकुल, आर्ष कन्या एवं गीता स्कूल के बच्चे सहित हर समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पुराना विधानसभा मैदान में संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ रैली में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ हुए शामिल

कांग्रेस पार्टी अपने मूल सिद्धांतों पर अडिग है और संविधान को कमजोर नहीं होने देगी- मुन्ना सिंह

मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में रांची के पुराना विधानसभा मैदान में आयोजित संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ रैली में कांग्रेस पार्टी की ओर से बड़ी भागीदारी देखने को मिली। पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने सैकड़ों समर्थकों के साथ इस जनसभा में भाग लिया और संविधान व लोकतंत्र की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। इस दौरान मुन्ना सिंह ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम सब एकजुट होकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करें। देश की संवैधानिक संस्थाएं दबाव में हैं और जनतांत्रिक परंपराओं को चुनौती दी जा रही है। कांग्रेस पार्टी अपने मूल सिद्धांतों पर अडिग है और संविधान को कमजोर नहीं होने देगी। उन्होंने आगे कहा कि यह रैली केवल विरोध का माध्यम नहीं, बल्कि देशवासियों को जागरूक करने का प्रयास है कि लोकतंत्र की बुनियाद में नागरिक अधिकारों और स्वतंत्रता की गहरी भूमिका है। मुन्ना सिंह की अगुवाई में रैली में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं, किसान और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, शाशी सिंह, विरेंद्र सिंह, सदर प्रखंड अध्यक्ष अजित सिंह, कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष गोवर्धन गंझु, कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति , सत्यनारायण जी, सरजू यादव, सुनील ओझा, संजय सिंह, साजिद अली, बाबर अंसारी, निशार खान, रविन्द्र कुशवाहा, गौतम कुमार, दिनेश यादव, विक्की कुमार धान, विरेन्द्र सिंह,मो वारिस , पप्पू यादव, राजू राम गणेश मेहता, मुखिया कुमारी बाखला, शहापुर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि, बबाबर अंसारी, संतोष सिंह, आदित्य सिंह, आर्यन सिंह इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

फागु बेसरा को केंद्रीय महासचिव ,संजीव बेदिया और कमलनयन सिंह को केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर कार्यकताओं ने दी बधाई

समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव

झारखंड राज्य में मंत्री का दर्जा प्राप्त फागु बेसरा को झामुमो में केंद्रीय महासचिव एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा हजारीबाग के जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया एवं कमलनयन सिंह को केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव हजारीबाग संजय सिंह सहित कार्यकताओं ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दिया है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी , गौरव पटेल, सुनील वर्मा,प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह , प्रखंड सचिव सरोज कुमार मेहता, प्रखंड कोषाध्यक्ष इंद्रदेव राम, कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र बांडों सूरज बेसरा ,प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईंया,संजय करमाली ,मीडिया प्रभारी सह सोशल मीडिया प्रभारी हजारीबाग संजय भुईंया,नंदकिशोर भुईया,सफीउल्लाह अंसारी ,सूरज वर्मा, शंकर साव , विनोद यादव , मोती भुईयां,गिरजा भुईयां ,रामवृक्ष भुईयां,गुलाब राम,फालेंद्र गंझु ,राज कुमार ,गणेश राम ,सुनील राम,राम सागर महतो अरविंद महतो, मुंद्रिका सिंह,सुरेश यादव चुरामन गंझू राजेश हसदा सहित तमाम कार्यकर्तागण ने बधाई दिया है।

बादम महायज्ञ मे अंकित कुमार यज्ञ मंडप का निर्बाध 51 घंटे का किया परिक्रमा

समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव

बड़कागांवः बादम गांव में माँ पंचवाहिनी मंदिर परिसर मे हो रहे श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ मे 18 वर्षीय नव युवक अंकित कुमार पिता राजेंद्र महतो (राजू) ने यज्ञ मंडप का 51 घंटा तक निर्बाध रुप से परिक्रमा पूर्ण किया तथा यज्ञ समित की ओर से यज्ञ आचार्य के द्वारा फूल माला एंव अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया ।वहीं यज्ञ को लेकर मंगलवार को आठवें दिन भगवान माता दुर्गा की तस्वीर के साथ श्रद्धालुओं ने नगर भ्रमण किया । आज बुधवार को पूणार्हुति होगी एवं ब्राह्मण भोजन के साथ रात में जीवंत झांकी के साथ भक्ति जागरण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ में महायज्ञ समिति समस्त बादम ग्रामवासी एवं दांगी ड्रामेटिक क्लब बादम अध्यक्ष अभय कुमार, सचिव संतोष कुमार कुशवाहा, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष रवि कुमार दांगी, संतोष मेहता ,उपसचिव जयप्रकाश राम, नरेश साहू ,विष्णु गुप्ता, दिनेश रजक जुगेश्वर महतो , विक्रम गुप्ता, कैलाश कुमार ,कालीचरण कुमार, ग्राम अध्यक्ष भुदेव महतो, कोषाध्यक्ष बैजनाथ महतो ,युवा अध्यक्ष भावेश कुमार, संरक्षण सहेश्वर महतो ,संजय कुमार ,राजेन्द्र महतो ,महेन्द्र पाण्डेय शत्रुघ्न महतो विनोद प्रजापति ,प्रदीप साव, सीताराम साव, विरेन्द्र साव, उमाशंकर साव के अलावा अन्य दर्जनों लोग सहयोग कर रहे हैं।

सांसद मनीष जायसवाल ने कराटे चैंपियनशिप दो दिवसीय प्रशिक्षण में बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया

मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।

सब-जूनियर, कैडेट और जुनियर रामगढ़ जिला कराटे चैंपियनशिप 3 और 4 मई 2025 को राधा गोविंद यूनिवर्सिटी रामगढ़ में सफलता पूर्वक आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में 7 साल से लेकर 17 साल तक के 300 कराटे खिलाडियों का काता और कुमिते का आयोजन हुआ। जिसमें खिलाडियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आगामी 9,10 और 11 मई 2025 को होने वाले झारखंड राज्यस्तरीय चैंपियनशिप के लिए चुने गए। समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि सांसद लोकसभा हजारीबाग मनीष जायसवाल, विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, समाजसेवी सुशांत पांडेय और शरीरिक शिक्षक राधा गोविंद विश्वविध्यालय के प्रदीप कुमार रजक ने सभी चयनित खिलाडियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर संसद मनीष जायसवाल ने कहा कि जिले में ऐसी प्रतिभाएं विकसित हो रहे हैं, इन्हे यदि सही मार्गदर्शन और संसाधन मिले तो ये अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदकों के दावेदर बन सकते हैं। कराटे आज सिर्फ खेल नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन चुका है। मैं उन सभी खिलाडियों को बधाई देता हूँ जो राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। बड़कागांव और जरजरा से कराटे प्रतिभागियों में गोल्ड मेडल हासिल करने वालों में सुरभि कुमारी, रिया कुमारी "ए", सिल्वर मेडल में अश्विका वेदा, कृतिका पटेल, राधिका पटेल और ब्राउन्ज मेडल में दिव्यान्शी दिति, रिया कुमारी "बी", पूर्णिमा कुमारी ये चयनित खिलाड़ी आगामी आने वाले झारखंड राज्यस्तरीय प्रतियोगिता रांची में भाग लेंगे। मौके पर रामगढ़ डिस्ट्रिक्ट कराटे-डू एसोशिएशन के अध्यक्ष क्योशी नरेन्द्र सिन्हा, महासचिव शिहान शशि पांडेय, अध्यक्ष रेफरी कमीशन सेंसई संजय सोनकर, कोषाध्यक्ष सेंसई विनय रंजन, शिहान प्रदीप हँसदा, सेंसई जोगेंद्र गन्झू, सेंसई मार्सेल टुडू, सेम्पाई राशि सिन्हा, सेम्पाई कुलेश्वर कुमार, सेम्पाई रवि सोरेन, कमल नायक, रूपेश महतो,चंदन साहनी, बबलू महतो, चंद्रप्रकाश उपाध्याय एवं अन्य लोगों ने बधाई दी।

उपायुक्त के निदेशानुसार फूड सेफ्टी ऑफिसर ने कई खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच अभियान चलाया।

मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।

उपायुक्त नैंसी सहाय एवं एसीएमओ डॉ शशि जायसवाल के निदेशानुसार खाद्य प्रतिष्ठानों में नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज मंगलवार 6 मई को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के द्वारा मेसर्स क्वालिटी रिजॉर्ट, न्यू एरिया, मेसर्स गैकर्स फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, कल्लू चौक, मेसर्स राजू ट्रेडर्स, कल्लू चौक और मेसर्स महादेव बिल्डिंग मटेरियल सेंटर (पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर प्लांट) का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी प्रतिष्ठानों में परिसर की साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने, खाद्य संचालकों का मेडिकल फिटनेस बनाए रखने, कीट नियंत्रण प्रबंधन प्रणाली को बनाए रखने के साथ-साथ परिसर में व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया गया। जांच के क्रम में पाया गया कि मेसर्स राजू ट्रेडर्स और मेसर्स महादेव बिल्डिंग मटेरियल सेंटर (पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर प्लांट) का लाइसेंस प्रदर्शित नहीं किया गया है,जिसे एक सप्ताह के अंदर लाइसेंस अद्यतन कर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मुख्यमंत्री दाल वितरण योजना का भी निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा लगातार अभियान चला कर किसी भी प्रकार के मिलावट या खाद्य सुरक्षा से संबंधित अपराध को रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

अनुदान नहीं, वेतन और पेंशन चाहिए: बिहार के डिग्री कॉलेजों में शिक्षाकर्मियों का फिर आंदोलन

220 महाविद्यालयों के 25 हजार शिक्षक व कर्मचारी मई से करेंगे चरणबद्ध आंदोलन, राज्य सरकार से न्यायालय के आदेश के आलोक में शीघ्र कार्रवाई की मांग

समाज जागरण पटना

बिहार के 220 अनुदानित संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में कार्यरत लगभग 25 हजार शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी एक बार फिर अपनी वेतन और पेंशन बहाली की मांग को लेकर आंदोलन की राह पर हैं। फैक्टनेब - बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ ने मई से चरणबद्ध तरीके से राज्यव्यापी जनजागरण और विरोध अभियान चलाने की घोषणा की है। यह निर्णय मंगलवार को पटना के बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन, कदमकुआं में हुई फैक्टनेब की राज्य समिति की बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता डॉ. शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा ने की।

मांग: अनुदान नहीं, नियमित वेतन और पेंशन

फैक्टनेब के महासचिव प्रो. राजीव रंजन ने बताया कि राज्य के शिक्षकों को परीक्षा परिणाम आधारित अनुदान प्रणाली से हटाकर नियमित वेतन भुगतान और पेंशन सुविधा बहाल की मांग को लेकर शिक्षाकर्मी फिर से एकजुट हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन सिर्फ अधिकारों की लड़ाई नहीं, बल्कि उच्च शिक्षा की गरिमा बचाने का प्रयास भी है। आंदोलन की रूपरेखा तय: चार जिलों में सभा आगामी आंदोलन के तहत शिक्षाकर्मियों की जागरूकता और समर्थन जुटाने के लिए चार प्रमुख स्थानों पर आम सभाएं आयोजित होंगी: 12 मई - वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, विक्रमगंज (रोहतास) 13 मई - राजेन्द्र मंडप, गया 16 मई - बिहार विश्वविद्यालय गेस्ट हाउस, मुजफ्फरपुर 18 मई - अल शम्स मिल्लिया डिग्री कॉलेज, अररिया राजनीतिक और प्रशासनिक उदासीनता पर चिंता बैठक को संबोधित करते हुए प्रो. अरुण गौतम (मीडिया प्रभारी) ने कहा कि पिछले वर्षों से शिक्षाकर्मियों की यह मांग लंबित है, जबकि पटना उच्च न्यायालय ने इस पर स्पष्ट आदेश भी पारित किया है। फैक्टनेब पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार यदि अब भी कोई ठोस निर्णय नहीं लेती है, तो यह आंदोलन एक राज्यव्यापी शिक्षा हड़ताल में भी परिवर्तित हो सकता है। बैठक में शामिल प्रमुख पदाधिकारी बैठक में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख रूप से:डॉ. धर्मेन्द्र कुमार चौधरी झ्र बिहार विश्वविद्यालय, संयोजक व सिनेट सदस्य, डॉ. सत्येन्द्र कुमार सिंह - अध्यक्ष, मुंगेर विश्वविद्यालय इकाई, डॉ. अरविन्द कुमार यादव झ्र अध्यक्ष, बीएन मंडल विश्वविद्यालय , मधेपुरा,डॉ. रामनरेश प्रसाद - अध्यक्ष, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, डॉ. पितृ कुमार और अन्य राज्य/जिला/महाविद्यालय स्तरीय पदाधिकारी

क्या कहती है न्यायपालिका?

शिक्षाकर्मियों को भरोसा है कि पटना हाईकोर्ट के पूर्व आदेश के अनुसार, राज्य सरकार को उनकी सेवा शर्तों और पेंशन की दिशा में शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। महासंघ ने सरकार से आग्रह किया है कि टालमटोल बंद कर जल्द से जल्द वेतन और पेंशन भुगतान को लेकर ठोस आदेश जारी करे। यह संघर्ष अब केवल वेतन का नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की प्रतिष्ठा और स्थायित्व का सवाल बन गया है।

यूआर कॉलेज में 17-18 मई को आयोजित समाज विज्ञान सम्मेलन की तैयारी तेज, ऑनलाइन बैठक में हुई महत्वपूर्ण चर्चा

रजिस्ट्रेशन शुल्क में बदलाव, समितियों का गठन और कार्यों का बंटवारा तय

समाज जागरण रोसड़ा ।

यू आर कॉलेज, रोसड़ा में 17-18 मई को आयोजित होने वाले दो दिवसीय समाज विज्ञान सम्मेलन की तैयारी को लेकर मंगलवार को बिहार समाज विज्ञान अकादमी की एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रोफेसर लाल बाबू यादव ने की, जबकि इसमें सम्मेलन की विस्तृत योजना पर गहन चर्चा की गई। रजिस्ट्रेशन फीस में बढ़ोतरी और विलंब शुल्क लागू बैठक में बिहार समाज विज्ञान अकादमी के महासचिव और यू आर कॉलेज रोसड़ा के प्रधानाचार्य सह कार्यक्रम संयोजक डॉ. घनश्याम राय ने बताया कि अब तक सम्मेलन के लिए 170 रजिस्ट्रेशन प्राप्त हो चुके हैं, जबकि सारांश लगभग 100 प्रस्तुत किए जा चुके हैं। उन्होंने रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को तेज करने और सम्मेलन की सफलता के लिए सभी संबंधित पक्षों से पूरी ईमानदारी से कार्य करने का आग्रह किया। साथ ही, डॉ. राय ने 6 मई से 17 मई तक विलंब शुल्क लागू करने की घोषणा की, जो निम्नलिखित है: फैकल्टी सदस्य के लिए 1700 रूपए (1500 + 200 रूपए विलंब शुल्क) रिसर्च स्कॉलर के लिए 700 रूपए (600 + 100 रूपए विलंब शुल्क) स्नातकोत्तर एवं डिग्री छात्रों के लिए 200 रूपए



(कोई विलंब शुल्क नहीं) समितियों का गठन और कार्यों का बंटवारा बैठक में प्रोफेसर डीएम दिवाकर ने तत्काल विभिन्न समितियों के गठन की आवश्यकता जताई और कहा कि सभी कार्यों का सही तरीके से बंटवारा किया जाए। उन्होंने कहा कि सम्मेलन की सफलता के लिए प्रत्येक कार्य को समय पर पूरा करना जरूरी है। सारांश की शुद्धता और तकनीकी सत्र की जिम्मेदारी एकेडमिक काउंसिल के संयोजक डॉ. अनिल कुमार राय ने सारांश की शुद्धता की जिम्मेदारी एकेडमिक कमेटी को सौंपने का सुझाव दिया, ताकि कोई गलती न हो। वहीं, पटना विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. मनोज प्रभाकर ने बताया कि 17-18 मई को आयोजित होने वाले तकनीकी सत्र की जिम्मेदारी उनकी टीम द्वारा निभाई जाएगी। सम्मेलन को लेकर उत्साह और भागीदारी बैठक में उपस्थित प्रमुख व्यक्तियों में डॉ. अरुण कुमार, प्रोफेसर डीएम दिवाकर, डॉ. शशि शेखर द्विवेदी, आयोजन सचिव डॉ. रंजन कुमार, उप सचिव डॉ. विनय कुमार, डॉ. प्रवीण कुमार प्रभंजन, डॉ. अनुराग कुमार, रवि प्रकाश सूरज, डॉ. श्याम सुंदर शर्मा, डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. सौरव कुमार झा, खुशबू प्रभाकर, डॉ. उमाशंकर साह, और शोधकर्ता आस्था कुमारी शामिल थे। यह सम्मेलन समाज विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा करने और इस क्षेत्र के शिक्षाविदों, शोधकताओं और छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच तैयार करने का अवसर प्रदान करेगा।

7 मई को अररिया में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल: ब्लैक आउट की तैयारी

जिलाधिकारी ने दी जानकारी, यह केवल एक रिहर्सल है, नागरिकों से सहयोग की अपील

समाज जागरण

अररिया: गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर, 7 मई 2025 को अररिया में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इस मॉक ड्रिल के तहत शाम 7:00 बजे से 7:10 बजे तक शहर में ब्लैक आउट किया जाएगा। मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की प्रशासनिक और नागरिक तैयारियों को परखना है। आज समाहरणालय स्थित परमान सभागार

में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला पदाधिकारी अनिल कुमार और पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने इस मॉक ड्रिल के उद्देश्य और कार्यविधि के बारे में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बताया कि यह मॉक ड्रिल आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है, और यह केवल एक रिहर्सल है, इसलिए नागरिकों को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। मॉक ड्रिल का शेड्यूल और दिशा-निर्देश 07:00 बजे: एक सायरन बजेगा, जो मॉक ड्रिल की शुरूआत को सूचित करेगा। 07:00 से 07:10 बजे तक: पूरे अररिया शहर में ब्लैक आउट किया जाएगा और बिजली आपूर्ति बंद रखी जाएगी।

सभी नागरिकों से अपील

वे शाम 7:00 बजे से 7:10 बजे तक अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों की सभी बत्तियाँ बंद रखें। रौशनी के लिए बैटरी, इन्वर्टर, मोबाइल टॉर्च या सोलर लाइट्स का भी उपयोग न करें। सड़क पर चल रहे वाहन रुक जाएं और उनके हेडलाइट्स बंद रहें। जिलाधिकारी अनिल कुमार ने यह भी स्पष्ट किया कि इस अभ्यास का उद्देश्य नागरिकों को आपात स्थिति के लिए तैयार करना है, और इस दौरान किसी भी प्रकार की घबराहट या अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह मॉक ड्रिल आपातकालीन प्रबंधन, सिविल डिफेंस की तत्परता और नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि भविष्य में यदि कभी ऐसी कोई आपात स्थिति उत्पन्न हो, तो नागरिक और प्रशासन दोनों ही पूरी तरह से तैयार हों। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिविल डिफेंस अधिकारी और प्रेस प्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।

हालामाला पंचायत में गरीबों के सिर पर नसीब नहीं हुई पीएम आवास की पक्की छत

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

06 मई । प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रत्येक गरीब परिवार को पक्का मकान उपलब्ध करायी जा रही है। लेकिन बिहार के किशनगंज जिला अंतर्गत सदर प्रखंड के हालामाला पंचायत में सैकड़ों दलित , महादलित एवं आदिवासी गरीब परिवार आज भी आवास योजना से बंचित हैं। वहीं हालामाला पंचायत के अंधवाकोल वार्ड नंबर 07 में दर्जनों दलित परिवार में रूपा देवी ,फकीरा पासवान,लाडली कुमारी, पप्पू पासवान, रामप्रसाद पासवान, बाबूल पासवान, राधा देवी, बच्चन पासवान,पारो देवी,भुलिया देवी,राधा देवी,पूजा देवी सहित अन्य लोगों ने मंगलवार को आवास योजना में अनियमितता का आरोप लगाया है। इन लोगों ने बताया कि आवास योजना में सर्वेक्षण के लिए आज तक उनके घरों पर कोई नहीं आया है, जिनको भी आवास योजना में लाभ मिला है वह बिचौलियों के माध्यम से ही संभव हुआ है। हम लोग मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करते हैं और इसलिए प्रखंड का चक्कर नहीं लगा सकते हैं।जिससे उन्हें योजना से वंचित कर दिया गया। यहां बड़ी संख्या में दलित परिवार रहते हैं। इस वार्ड नंबर- 07 के लोगों ने बताया कि हमलोग झुग्गी झोपड़ी बनाकर रहते हैं, बरसात के दिनों में बहुत परेशानी होती है मजदूरी से पेट पाल तो लेते हैं मगर पक्का घर नहीं बना सकते हैं। जबकि यहां के जन-प्रतिनिधियों में पंचायत के मुखिया और वार्ड सदस्य को बार-बार कहा गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वही अंधवाकोल स्थित दर्जनों आदिवासी परिवार को भी आवास योजना के सर्वेक्षण से वंचित होने की शिकायत मिली है। मामले में प्रभारी प्रशिक्षु प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क करने का प्रयास विफल रहा है। आवास सहायक ने बताया कि सभी वंचित गरीब परिवारों का शिविर लगाकर सर्वेक्षण कर सूचि बनाया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा।

रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा टेउसा पंचायत में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

विश्व रेडक्रॉस दिवस पर मंगलवार को किशनगंज प्रखंड अंतर्गत टेउसा पंचायत के पंचायत भवन में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में माता गुजरी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर ने अपनी सेवाएं दिया । शिविर का उद्घाटन रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ.इच्छित भारत,वॉइस चेयरमैन शंकरलाल महेश्वरी,सचिव मिक्की साहा, मुखिया साजेदा खातून ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया । इस अवसर पर माता गुजरी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार सह चेयरमैन रेडक्रॉस सोसाइटी - डॉ. इच्छित भारत ने कहा कि रेडक्रॉस मानव सेवा के लिए समर्पित रहती है । उन्होनें कहा कि समाज के हर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए रेडक्रोस प्रतिबद्ध है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं की कमी है, इस प्रकार के शिविर लगने से यह पहल एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकती है । उन्होंने कहा कि लोगों को नियमित रूप से अपनी स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए और स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए। शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है।

स्वस्थ जीवनशैली में संतुलित भोजन नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद शामिल है। रेडक्रॉस के जागरूकता अभियान व स्वास्थ्य सेवा में सराहनीय कार्य एवं सहयोग के लिये सभी डॉक्टर नर्स समाज सेवी एवं रेड क्रॉस के सदस्यों को धन्यवाद दिया । कहा कि जन जन की भागीदारी स्वास्थ्य सेवा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सचिव मिक्की साहा ने कहा स्वास्थ्य शिविर में पांच सौ से अधिक लोगों की जांच की गई और उन्हें मुफ्त दवाइयाँ दिया गया । चिकित्सा शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष व बच्चों ने चिकित्सा शिविर में जांच कराकर दवा ली। शिविर में वाइरल फीवर दन्त रोग नाक कान गलारोग फिजिशियन हृदय रोग पेट दर्द ब्लड शुगर और बीपी की भी जांच की गई । शिविर का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं ओर उनके घर के पास उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है । उन्होंने कहा कि सुदूर क्षेत्र व गावँ में आकर सेवा करना और स्वास्थ्य के प्रति लोगो को जागरुक करना बहुत लाभदायक है । उन्होंने कहा कि वर्ल्ड रेडक्रॉस पर कई जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । जिसमें बच्चों में चित्रकला प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस अवसर टेउसा पंचायत के सरपंच मौसिर आलम,वार्ड सदस्य, सेविका, मुखिया प्रतिनिधि टेउसा मो. मैउद्दीन उर्फ कालू ,रेडक्रॉस के सदस्य सुरोजित दास, सुमित साहा,सौरभ कुमार,अजय सिंह, डॉ.सरबजीत,डॉ. मनिंदर पाल गील,डॉ. मोहित,डॉ. अर्का, डॉ. वेंकट, नर्स पल्लवी पायल, दीपालिता ,नेहा,रंजू एवं टेउसा पंचायत स्थानीय लोग मौजूद थे ।

छतरपुर के कचनपुर के एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत,शादी 21 मई को तय था

समाज जागरण दीपक सरकार

पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत विजय तारा पेट्रोलपम्प ठल 139 में देर रात्रि सोमवार सड़क दुर्घटना में छतरपुर के कचनपुर गांव निवासी

अविनाश कुमार उम्र 24वर्ष पिता बसंत राम की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसके साथ बाइक पर पीछे बैठे ममेरे भाई चंदन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया है। वहीं मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे मृतक अविनाश का शव गांव पहुंचने पर शोक की लहर फैल गई। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि अविनाश कुमार का 21 मई को शादी रेहला मे तय हो चुका था। और सोमवार देर शाम वह अपने ममेरे भाई के साथ शादी कार्ड बाटने अपने घर से निकला ही था की इसी दौरान विजय तारा पेट्रोलपम्प के समीप अज्ञात वाहन उन्हें जोरदार टक्कर मारते भाग निकला, जिससे अविनाश की घटाना स्थल पर निधन हो गया।

इस बार लालू, नीतीश के चेहरे पर नहीं, बल्कि अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए वोट देना है- प्रशांत किशोर

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर जन सुराज उद्घोष यात्रा के तहत मंगलवार को एक दिवसीय दौर पर किशनगंज पहुंचे। प्रशांत किशोर का कोचाधामन, बहादुरगंज, पौआखली आदि स्थानों पर बड़ी संख्या में लोगों ने स्वागत किया। इसके साथ ही उन्होंने ठाकुरगंज प्रखंड के पौआखली नगर पंचायत में हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों की जनसभा को संबोधित किया। प्रशांत किशोर ने राजद पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि राजद मुसलमानों का रहनुमा होने का दावा करती है लेकिन 30 सालों में मुस्लिम समाज के विकास के लिए कुछ नहीं किया। बिहार में मुस्लिम समुदाय के लोग अपना हक मांगने

के लिए वोट नहीं देते, बिहार में मुसलमान भाजपा के डर से लालटेन को वोट देते हैं। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय लालटेन में किरासीन की तरह जल रहा है और रोशनी कहीं और हो रही है। मुस्लिम समुदाय 30 वर्षों से लालटेन को वोट देता आ रहा है, लेकिन न तो उनका विकास हुआ, न ही उन्हें राजनीतिक भागीदारी मिली और न ही वे अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी भाजपा को हरा पाए। अब समय आ गया है कि मुसलमानों को भाजपा से डरना छोड़ देना चाहिए और अपने और अपने बच्चों के अधिकारों के लिए वोट देना चाहिए।उन्होंने कहा कि अगली बार वोट लालू, नीतीश के चेहरे पर नहीं अपने बच्चों के चेहरे को देखकर दीजिएगा। उन्होंने ठाकुरगंज की जनता से अपील की कि उन्हें और उनके बच्चों को लूटने वाले नेताओं को वोट न दें। अगली बार अपने बच्चों के लिए वोट दें और बिहार में जनता का राज स्थापित करें।

मकान में घुसकर चोरी करने वाले चोरों को लोगों ने दबोचा पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण
मुस्कान खान जनपद बिजनौर

हीमपुर दीपा। थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र में दो युवकों द्वारा एक मकान में घुसकर की जा रही चोरी की कोशिश नाकाम हो गई। मकान मालिक द्वारा शोर मचाने पर दोनों आरोपी भागने लगे, लेकिन सतर्क ग्रामीणों ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी गए कीमती आभूषण बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम स्याऊ, थाना चाँदपुर निवासी निक्की पुत्र महेन्द्र सिंह और सुमित पुत्र देवेन्द्र सिंह, एक व्यक्ति के घर में घुसकर अलमारी में रखे आभूषण चुरा रहे थे। तभी घर के मालिक की नजर उन पर पड़ गई। उसने शोर मचाकर उन्हें पकड़ने की कोशिश की, तो दोनों ने धक्का देकर जान से मारने की

धमकी देते हुए मौके से भागने की कोशिश की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और दोनों को कुछ ही दूरी पर पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया और तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी किए गए आभूषण बरामद कर लिए।

कोतवाली देहात में मिट्टी खनन माफियाओं के हौसले बुलंद परमिशन की आड़ में जगह-जगह कर रहे हैं मिट्टी भराव

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर

कोतवाली प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद बिजनौर के कोतवाली देहात मे परमिशन की आड़ में जगह-जगह मिट्टी का भराव किया जा रहा है भले ही डीएम जसजीत कौर पूरे ईमानदारी और लगन मेहनत के साथ में कार्य कर रही है परंतु ऐसा लगता है की जिलाधिकारी के आदेश भी भूमाफियाओं के लिए कोई मायने नहीं रखते आज भी कोतवाली देहात क्षेत्र में मिट्टी खनन खुले आम चल रहा है कोतवाली देहात नजीबाबाद रोड पर कॉलोनी बनाई जा रही है जिसमें मिट्टी का खनन खुले आम खनन चल रहा है जहां पर पूरे जनपद में जिलाधिकारी जसजीत कोर तथा पुलिस अधीक्षक अभीषेक झा पूरी ईमानदारी के साथ में कार्य कर रहे हैं और किसी भी अवैध तरह के कार्य को नहीं चलने दे रहे हैं माहौल बना हुआ है और खनन माफियाओं पर शिकंजा कस रहे हैं लेकिन कोतवाली देहात में ऐसा लग रहा है परमिशन के नाम पर चार गुना मिट्टी उठाकर कॉलोनीयो में जगह-जगह मिट्टी का भराव कर रहे हैं कोतवाली देहात में दिन के उजाले में परमिशन की आड़ में मिट्टी के खनन को अंजाम दिया जा रहा है मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली सड़क पर तेजी से दौड़ती है तो उसमें से उड़ने वाली धूल मिट्टी से वहां से गुजरने वाले वाहन चालक की आंखों में आ जाने का भय बना रहता है जिससे कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है अगर आला अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष और पूर्ण ईमानदारी के साथ में जांच की जाए तो मिट्टी ठेकेदार पर बड़ी कार्यवाही होते हुए परमिशन भी निरस्त हो सकती है

असम सरकार द्वारा PFC केंद्रों को बंद करने के निर्णय पर राज्यभर में विरोध।

मीडिया के माध्यम से सरकार से अपील की है कि इस निर्णय पर तत्काल पुनर्विचार करने की मांग की।

असम श्रीभूमि संवाददाता दैनिक समाज जागरण:

वर्तमान सरकार लोगों की हित के लिए कई योजना सहित बेरोजगार को नौकरी के माध्यम से रोजगार दिया जा रहा है और विकास के माध्यम से हर क्षेत्र में कार्य हो रही है भारत के कई क्षेत्र में लेकिन असम सरकार ने ढत्र्छ केंद्रों को बंद करने का निर्णय लिया है, जिसके कारण कई बेरोजगारों के सिर पर हाथ है। इस मामले में असम स-रकार इतना बड़ा कदम क्यों उठा रही है, यह सवाल उठता है। क्योंकि इस सरकार के तहत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार विभिन्न स्थानों पर बेरोजगारी दूर करने के प्रयास कर रहे हैं

विधायक सबिता महतो को झामुमो का केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर ईचागढ़ कार्यकताओं ने दी बधाई

दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश

ईचागढ़: ईचागढ़ के विधायक सबिता महतो को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। इसी क्रम में कपाली क्षेत्र के झामुमो नेता मोहम्मद अरशद, राजू मांझी, मोहम्मद नौशाद,मधु महतो और मोहम्मद फिरोज व चांडिल, ईचागढ़, कुकडू व नीमडीह प्रखंड कमेंटी ने विधायक आवास पहुंचकर उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया और शुभकामनाएं दीं। नेताओं ने इस उपलब्धि को ईचागढ़ क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताया और उम्मीद जताई कि सबिता महतो के नेतृत्व में

पुरे ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास और तेजी से होगा। इस अवसर पर विधायक ने सभी कार्यकताओं का आभार जताया और संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य सुधीर किस्कु, काबलु महतो ईचागढ़ प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, कुकडू प्रखंड अध्यक्ष कित्तीवास महतो, नीमडीह प्रखंड अध्यक्ष सचीन गोप, विश्वनाथ गोप, टिंकू महतो,सोरोज कुम्हार, अभय यादव, जगदीश सिंह सरदार, नव किशोर हांसदा, धीरज महतो, सपन आदित्यदेव, पशुपति महतो आदि झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

झिमड़ी घटना को लेकर अनुमंडल कार्यालय में शांति समिति की

निर्दोष व्यक्तियों को डरने की आवश्यकता नहीं - एसडीओ

दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश

ईचागढ़ : ईचागढ़ विधानसभा के चाण्डिल अनुमंडल कार्यालय में मंगलवार को झिमड़ी घटना को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता चाण्डिल अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार राय ने किया। बैठक में शांति समिति के सदस्य एवं कई स्थानीय जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए। झिमड़ी गांव में घटित घटना के बाद दोनों पीड़ित परिवारों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत राहत दी गई है। उक्त बाते अनुमंडल पदाधिकारी ने आयोजित प्रेस वार्ता मे बताई. अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया पीड़िता कि मां उषा महतो को एक गाय, एक बछड़ा, पाँच बकरी, श्रम कार्ड, बीमा योजना का लाभ और उनके पुत्र को वात्सल्य योजना अंतर्गत अगले तीन वर्षों तक प्रति माह 4000 रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। वहीं, पीड़ित युवती को उच्च शिक्षा के लिए पॉलिटेक्निक कॉलेज में भर्ती कराया जाएगा। फिलहाल उसका इलाज जमशेदपुर में चल रहा है। दूसरी ओर आरोपी मो. तस्लीम अंसारी के मकान और दुकान को जला दिया गया था। प्रशासन ने उसके चाचा को राहत के रूप में 1.20 लाख रुपये की नकद राशि और एक आबूआ आवास प्रदान किया है। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि झीमड़ी गांव में फिलहाल शांति बनी हुई है और स्थिति सामान्य है।

क्या वजन घटाने के लिए आप भी करते हैं ये गलतियां? हो जाएं सावधान

अक्सर वजन घटाने के चक्कर में हम कई ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जो कभी नहीं करनी चाहिए. अगर बिना किसी एक्सपर्ट की सलाह या न्यूट्रिशनिस्ट की सलाह से हम वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं या फिर ऐसे नुस्खों का अनुसरण कर रहे हैं, जो बेहद सामान्य हैं, जिन्हें किसी के मुंह से भी सुनकर लोग फॉलो करने लगते हैं, तो सावधान होने की जरूरत है, क्योंकि ऐसी स्थिति में पछताना पड़ सकता है. अगर आपका वजन ज्यादा है और आप वेट लॉस (द्वॅ३ छ्ङ्ग२२) करने की सोच रहे हैं, तो सबसे पहले किसी अच्छे न्यूट्रिशनिस्ट से मिलें और उसके द्वारा बताई गई डाइट प्लान ही फॉलो करें. ध्यान रहे कि खुद से अपनी डाइट प्लान न बनाएं या फिर इंटरनेट पर देखकर वजन घटाने के नुस्खों या टिप्स का अनुसरण न करें. पोषक विशेषज्ञ के दिशा-निर्देश में ही बनाई गई डाइट प्लान, का अनुसरण करें और खुद डॉक्टर न बनें. अक्सर देखा गया है कि लोग वजन घटाने के लिए खुद ही डॉक्टर की भूमिका में आ जाते हैं और जिसका खामियाजा उनको बाद में भुगतना पड़ता है. न्यूट्रिशनिस्ट तान्या वालिया मालगुड़ी का कहना है कि वजन घटाने के लिए प्रतिदिन डाइट प्लान का अनुसरण करना बेहद जरूरी है. इससे आपको पता लगता है कि आप कितना अतिरिक्त खाना खाते हैं.अभी तक कितनी कैलोरी ले रहे थे और वास्तव में कितनी कैलोरी लेने की जरूरत है. उनका कहना है कि वजन कम करने के लिए कभी भी प्रोटीन लेना नहीं छोड़ना चाहिए.

एकदम से खाना भी नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से ब्लड शुगर लेवल कम हो जाता है और थकान महसूस होने लगती है. कई बार ऐसी स्थिति में तनाव भी हो सकता है. वजन घटाने के चक्कर में ज्यादा एक्सरसाइज भी न करें, एकदम से ऐसा करने से मांसपेशियों में दर्द हो सकता है. कभी भी वजन घटाने के लिए गलत फूड का कॉम्बिनेशन न लें. अपने भोजन में 50 फीसदी सब्जियां जिनमें सलाद भी शामिल हो, 25 फीसदी प्रोटीन, 25 फीसदी कार्बोहाईड्रेट लें. आप छाछ या दही के तौर पर 5 फीसदी प्रोबायोटिक जरूर लें. उचित अनुपात में उचित भोजन संयोजन करने का प्रयास करें. दरअसल, मोटापे की समस्या तेजी से युवाओं को चपेट में ले रही है. अनियमित लाइफस्टाइल की वजह से यह बीमारी कॉमन हो गई है. लेकिन अगर सही से डाइट प्लान फॉलो किया जाए तो बढ़ते वजन पर काबू पाया जा सकता है. कई बीमारियों के कारण भी वजन बढ़ने लगता है ऐसी स्थिति में डॉक्टर को जरूर दिखाएं और परामर्श लें.

अगर है हाई ब्लड शुगर? सुबह की इन 5 आदतों से ऐसे हो सकता है नियंत्रित

अगर मनुष्य अपनी जीवनशैली में सुधार कर ले तो कई बीमारियों से बच सकता है. लाइफस्टाइल की अनियमितता के कारण कई सारी बीमारियां इंसान को घेर लेती हैं, और धीरे-धीरे ये रोग घातक होते जाते हैं. अगर आप बीमारियों की सूची सर्च मारेंगे, तो कई ऐसी होंगी जिनकी मुख्य वजह डिस्टर्ब और अनबैलेंस लाइफस्टाइल होगी. हाई ब्लड शुगर भी ऐसा ही एक रोग है, जो जीवनशैली से जुड़ा हुआ है. इस बीमारी में व्यक्ति का ब्लड शुगर का स्तर जरूरत से अधिक बढ़ जाता है, जिससे दिक्कतें शुरू हो जाती हैं. इस बीमारी के आम संकेत वजन का अचानक कम होना, ज्यादा प्यास लगना, अचानक भूख बढ़ जाना, पेशाब से महक आना, धुंधला दिखाई देना और हमेशा थकान रहना है. लेकिन जीवनशैली में सुधार करके इसे कंट्रोल किया जा सकता है.

पानी

हाइड्रेशन सबसे पहली और सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है. तभी कहा भी जाता है कि हमेशा हाइड्रेड रहें. पानी रक्त शर्करा (ळँ इ'ड्ढ्ढ रॅ४१) के स्तर को कम करने और संतुलन बनाए रखने में मदद करता है. यह रक्त प्रवाह में शर्करा के स्तर को पतला करता है. पर्याप्त पानी न पीने से कई समस्याएं हो सकती हैं. इसलिए सुबह उठते ही जमकर पानी पिएं और दिनभर शरीर में पानी की मात्रा को बरकरार रखें.

प्रोटीन नाश्ता

प्रोटीन एक और पोषक तत्व है जो रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में मदद करने के लिए जाना जाता है. इसलिए अपने ब्रेकफास्ट में प्रोटीन को शामिल करें. ऐसा करने से आप पूरे दिन ऊर्जावान रहेंगे. सुबह का नाश्ता जरूर करें और उसे छोड़े ना. अक्सर हमारी आदत सुबह का नाश्ता नहीं करने की होती है.

एक्स्ट्रा कैफीन से बचें

कॉफी आपके ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा सकती है. इसलिए सीमित मात्रा में कॉफी का सेवन करें. कॉफी में कैफीन होता है और इससे ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है. सुबह उठते ही बार-बार कॉफी न पिएं.

सुबह व्यायाम जरूर करें

सुबह उठते ही व्यायाम जरूर करें और टहलें. जब हम व्यायाम करते हैं, तो हमारा रक्त शर्करा का लेवल मेन्टेंन रहता है.

तनाव को बाई-बाई कह दें

तनाव एक ऐसी चीज है जो हमें कई सारी बीमारियां दे जाती है. इसलिए बिल्कुल भी तनाव न लें. अगर आप सुबह उठते ही तनाव लेने लगते हैं तो ऐसा करने से आपको कई सारी बीमारियां घेर सकती हैं और आपका ब्लड शुगर लेवल भी बढ़ जाता है. अपने दिन की शुरूआत शांति और धैर्य से करें. उठते ही घूमें, व्यायाम करें और योग करें.

डायबिटीज-आंखों के लिए बहुत लाभकारी है गाजर का जूस, बस एक महीने में पा सकते हैं ऐसे गजब के फायदे

शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की आसानी से पूर्ति के लिए फलों-सब्जियों के सेवन की आदत बनाना काफी लाभकारी माना जाता है। हर मौसम की कुछ खास सब्जियां-फल होते हैं जो शरीर को कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकते हैं। इस मौसम में गाजर बहुतायत में उपलब्ध होते हैं, इसे सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं गाजर के जूस का सेवन करना कई तरह की बीमारियों के जोखिम को कम करके आपको बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त करने में सहायक है। अध्ययनों में इसे डायबिटीज से लेकर हृदय रोग और आंखों की सेहत को ठीक रखने में भी फायदेमंद पाया गया है।

डॉक्टर्स कहते हैं, बस एक महीने नियमित रूप से गाजर के जूस का सेवन करके आप शरीर में कई प्रकार के सकारात्मक बदलाव महसूस कर सकते हैं। गाजर में फाइबर, विटामिन-ए, विटामिन सी और के, पोटैशियम जैसे अति महत्तपूर्ण पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर के अंगों को स्वस्थ रखने और गंभीर क्रोनिक बीमारियों के जोखिम से बचाने में आपकी मदद कर सकते हैं।

गाजर का रस कैरोटीनॉयड पिगमेंट ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन भी प्रदान करता है, जो शरीर में एंटीऑक्सिडेंट के रूप में कार्य करते हैं। एंटीऑक्सिडेंट्स का सेवन कई गंभीर रोगों के विकास को कम करने में सहायक है। आइए गाजर के जूस से होने वाले फायदों के बारे में जानते हैं।

आंखों के लिए फायदेमंद है गाजर का जूस

गाजर के जूस में लगभग वे सभी पोषक तत्व होते हैं जो आपकी आंखों के लिए बहुत आवश्यक माने जाते हैं। 200 ग्राम गाजर के जूस से दैनिक विटामिन-ए की

आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकता है। आंखों को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन-ए महत्वपूर्ण है। अध्ययनों में पाया गया है कि विटामिन-ए वाली चीजों का सेवन करना अंधेपन और उम्र से संबंधित नेत्र रोगों के जोखिम से सुरक्षित रखने में आपके लिए विशेष लाभकारी हो सकता है।

इम्युनिटी बूस्टर है यह जूसडायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद है गाजर

गाजर का जूस पीने से रक्त शर्करा के स्तर को भी कम करने में मदद मिल सकती है। टाइप-2 डायबिटीज वाले चूहों पर किए गए अध्ययन से पता चलता है कि गाजर का रस रक्त शर्करा को कम करने और इससे संबंधित अन्य मार्करों में भी आपके लिए मददगार है। किण्वित जूस में प्रोबायोटिक्स होते हैं, जो आंत के गुड बैक्टीरिया के लिए अच्छे माने जाते हैं। गाजर एंटी-इंफ्लामेटरी गुण के लिए भी जाना जाता है, इसके कारण भी इसे डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद पाया गया है।

गाजर का जूस आपके इम्यून सिस्टम को बूस्ट कर सकता है। इसमें पाए जाने वाले विटामिन-ए और सी, दोनों ही एंटीऑक्सिडेंट के रूप में कार्य करते हैं और प्रतिरक्षा कोशिकाओं को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। इसके अतिरिक्त, यह जूस विटामिन-बी 6 का भी समृद्ध स्रोत है। प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को बेहतर रखने के लिए विटामिन-बी 6 वाली चीजों को आहार में जरूर शामिल करें। गाजर के जूस का सेवन आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकता है।

जहरीली हवा से कैसे रहे सुरक्षित,स्वामी रामदेव से जानिए योग और आयुर्वेदिक उपचार

दिल्ली-एनसीआर में पटाखे जलाने का दिखने लगा असर। दिल्ली के कई इलाकों में 10 गुना ज्यादा प्रदूषित हुई हवा। दिल्ली और आस-पास के जिलों में अदकलेवल 300 के पार। दिल्ली-एनसीआर के आसमान में धुंध और धुएं का गुबार। बढ़ते प्रदूषण की वजह से लोगों को सांस लेने में हो रही दिक्कत। फिर वही कहानी एकबार फिर दिल्ली-ठउफ की हवा और भी ज्यादा जहरीली होने लगी है। सड़कों पर चल रही करोड़ों गाड़ियां, कंसंट्रक्शन वर्क और पराली के धुएं के बाद दिवाली के पटाखों ने रही सही कसर पूरी कर दी है। दुख तो इस बात का है कि ऐसी नौबत हर साल आती है। सर्दी गिरते ही पराली के धुएं का डर सताने लगता है फिर पटाखे जलाने को लेकर डिबेट शुरू होती है। देखते-देखते ना सिर्फ दिल्ली-ठउफ खराब हवा से पूरे उत्तर भारत का दम घुटने लगता है।

ऐसे में जरूरी है एक उस फिल्टर की जो प्रदूषित हवा के हमले को रोककर वातावरण को साफ कर दे। कुछ वैसे ही जैसे इंद्र देव के क्रोध से बचाने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठा लिया था। जिसके नीचे आकर लोगों ने अपनी जान बचाई थी। पॉल्यूशन से बचने के लिए गोवर्धन पर्वत उठाने जैसे चमत्कार की ही जरूरत है। क्योंकि एयर पॉल्यूशन बढ़ते ही सांस से जुड़ी परेशानियां बढ़ने लगती हैं। उडढऊ



ब्रोंकाइटिस, टीबी, अस्थमा जैसी बीमारिया ट्रिगर हो जाती हैं। इतना ही नहीं जो लोग हेल्दी हैं वो भी थकान,सिरदर्द,स्ट्रेस, आंख-नाक और गले में जलन की शिकायत करने लगते हैं। खराब हवा का असर न्यूरो सिस्टम और कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम पर भी दिखाई देता है। सांस लेने के लिए कुदरत हमें जो साफ हवा देती है उसे हम सब मिलकर जहरीली बनाते है और फिर खामियाजा भी भुगतते हैं अब ऐसे में किसी एक की कोशिश से उसे ठीक भी नहीं किया जा सकता। पॉल्यूशन से बचने के लिए हर किसी को अपने हिस्से की हवा साफ करनी होगी। ये सब होगा ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर। गाड़ियों का इस्तेमाल कम करके पराली और इंडस्ट्रियल पॉल्यूशन को कंट्रोल करने का सही सॉल्यूशन ढूंढकर। जिस तरह रातों-रात हवा बद से बदतर हो जा रही है। वो चुटकी बजाते ही साफ तो नहीं हो सकती। ऐसे में सांसों पर लगने वाली इमरजेंसी से बस योगिक फिल्टर ही बचा सकता है तो बेहतर है योग के चमत्कार को समझिए और अन्नकूट और गोवर्धन पूजा के इस मौके पर योग कीजिए।

गले में कुछ फंस जाए तो फौरन करें ये 4 काम

खाने के दौरान कभी-कभी खाने का गले में फंसना सामान्य बात नहीं है। खाना निगलना एक जटिल प्रक्रिया है। जब भी हम कुछ खाते हैं तो खाने को मुंह से पेट तक पहुंचने में लगभग 50 से ज्यादा मांसपेशियां और कई नर्व्स मिलकर काम करती हैं। जब आप भोजन करते हैं, तो आपके मुंह से आपके पेट तक भोजन को स्थानांतरित करने के लिए लगभग 50 जोड़ी मांसपेशियां और कई तंत्रिकाएं मिलकर काम करती हैं। इस प्रक्रिया के दौरान खाना गले में फंसना कोई असामान्य बात नहीं है।

जब आप सॉलिड फूड खाते हैं तो तीन चरणों वाली प्रक्रिया शुरू होती है। आप भोजन को चबाकर निगलने के लिए तैयार करते हैं। यह प्रक्रिया भोजन को लार के साथ मिक्स करती है जिससे फूड नम प्यूरी में बदल जाता है। जब आपकी जीभ भोजन को आपके गले के पीछे धकेलती है तो आपके निगलने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। इस दौरान आपकी श्वसन नली कसकर बंद हो जाती है और आपकी सांस रुक जाती है।

यह प्रक्रिया भोजन को गलत पाइप में जाने से रोकती है। इस प्रक्रिया के दौरान भोजन आपकी खाने की नली में प्रवेश करता है और आपके पेट में जाता है। कई बार खाते समय प्रक्रिया में कुछ गड़बड़ी हो जाती है और खाना फूड पाइप में फंस जाता है। इस दौरान आपके सांस लेने पर कोई असर नहीं पड़ता क्योंकि खाने ने आपकी सांस की पाइप को पहले ही साफ कर दिया है।

फूड पाइप में खाना फंसते ही उसके लक्षण दिखने लगते हैं। सीने में दर्द होना, लार का ज्यादा अनुभव होना, लगातार खांसी आना, चेहरे का रंग खांसते-खांसते पीला

पड़ना कुछ मामलों में बेहोशी भी हो सकती है। अगर खाना गले में फंस गया है और गंभीर लक्षण नहीं दिख रहे तो आप घर में ही गले में फंसे खाने को आसानी से निगल सकते हैं।

स्थिति कब गंभीर हो सकती है:

जब खाना फंसने की वजह से बात नहीं कर पा रहा है

सांस लेने में कठिनाई हो रही है

सांस जोर जोर से ले रहा है

सांस लेते समय कर्कश आवाज आ रही है

खांसी या कमजोर होने पर

चेहरा लाल या पीला या नीला पड़ जाने पर

बेहोश हो जाने पर स्थिति गंभीर हो सकती है।

गले में फंसा खाना निकालने के उपाय

कई शोध से पता चलता है कि कोक या अन्य काबोर्नेटेड ड्रिंक का सेवन करने से फूड पाइप में फंसे भोजन को हटाने में मदद मिल सकती है। डॉक्टर और इमर्जेंसी वर्कर अक्सर भोजन को तोड़ने के लिए इस सरल तकनीक का उपयोग करते हैं।

गैस के दर्द का इलाज करने की दवाएं फूड पाइप में फंसे भोजन को हटाने में मदद कर सकती हैं। यह दवाएं फूड पाइप में दबाव बढ़ाती है और भोजन को ढीला कर सकती है।

पानी ज्यादा पीएं। पानी के कुछ बड़े घूंट आपके फूड पाइप में फंसे भोजन को नीचे करने में मदद करते हैं। यदि आपने खाना ठीक से चबाया नहीं है तो यह बहुत अधिक सूखा हो सकता है। पानी के बार-बार घूंट से अटका हुआ भोजन गीला हो सकता है और आसानी से नीचे चला जाता है।

कभी-कभी फूड पाइप को अतिरिक्त ग्रीस की आवश्यकता होती है ऐसे में एक चम्मच मक्खन खाने से मदद मिल सकती है। एक चम्मच मक्खन फूड पाइप को नम करने में मदद करता है और अटके हुए भोजन को आपके पेट में नीचे ले जाना आसान बनाता है।

सर्दी में इन दो विटामिन की कमी आपको बना सकती है बीमार, इन फूड्स से करें कमी को पूरा

सर्दी का मौसम आ चुका है और ठंडी हवाएं कुछ ही दिनों में अपनी रफ्तार पकड़ सकती है। इस मौसम में सेहत का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इस मौसम में कुछ मौसमी बीमारियां जैसे सर्दी जुकाम, बंद नाक, छींके आना, सिरदर्द होना, शरीर में दर्द होना, खांसी जैसी परेशानियां बेहद परेशान करती हैं। इस मौसम में इम्युनिटी कमजोर हो जाती है और बॉडी के बीमार होने के आसार ज्यादा होते हैं। सर्दी में हेल्दी रहने के लिए डाइट का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

डाइट में कुछ खास विटामिन का सेवन करने से इम्युनिटी स्ट्रॉन्ग रहती है और बॉडी हेल्दी रहती है। इस मौसम में मौसमी बीमारियों से बचने के लिए कुछ विटामिन का सेवन बेहद फायदेमंद होता है। सर्दी में विटामिन उ और ऊकी कमी आपको बीमार बना सकती है। आइए जानते हैं कि कैसे ये विटामिन बॉडी को हेल्दी रखते हैं और इनकी कमी को कैसे पूरा करें।

विटामिन सी की कमी बीमार बना सकती है:

विटामिन सी की कमी आपको बीमार बना सकती है। सर्दी में सर्दी-खांसी, फ्लू, साइनस और संक्रमण का खतरा अधिक होता हैं। इस मौसम में इम्युनिटी को स्ट्रॉन्ग बनाने के लिए डाइट में विटामिन सी वाले फूड्स का सेवन करें। विटामिन सी की

कमी को पूरा करने के लिए आप संतरे, स्ट्रॉबेरी, ब्लैककरंट, लाल मिर्च, ब्रोकोली और ब्रसेल्स स्प्राउट्स का सेवन बेहद फायदेमंद होता है। नींबू और आंवला का सेवन भी विटामिन सी की कमी को पूरा करता है। इन फूड्स का सेवन करने से इम्युनिटी स्ट्रॉन्ग होती है। भोजन में एंटीआक्सीडेंट तत्व जैसे मशरूम, पालक, टमाटर, कढ़ी पत्ता का सेवन भी इस मौसम में फायदा पहुंचाता है।

विटामिन डी की कमी बीमार बना सकती है:

सर्दी में विटामिन डी का सेवन सेहत को फायदा पहुंचा सकता है। सर्दी में बॉडी को धूप कम मिलती है तो ऐसे में बॉडी में विटामिन डी की कमी होने लगती है। विटामिन डी ना सिर्फ हड्डियों को मजबूत करता है बल्कि बॉडी को हेल्दी भी रखता है। विटामिन डी का सेवन हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है और दिल के रोगों से बचाव करता है।

विटामिन डी बॉडी को तब मिलता है जब स्किन पर सूरज की किरणें पड़ती हैं। ये शरीर को कैल्शियम और फॉस्फेट पचाने में मदद करता है जो हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। बॉडी में विटामिन डी की कमी को पूरा करने के लिए डाइट में दूध, दही, मशरूम,बादाम, ब्रोकली, अंडा, दूध, पनीर, सोया उत्पाद, मछली, मक्खन, दलिया और संतरे के जूस का सेवन करें।

काली मिर्च खाने से सेहत को मिलते हैं ये 6 फायदे, जानें नुकसान भी

अधिकतर भारतीय घरों में काली मिर्च का उपयोग मसाले के तौर पर किया जाता है। वहीं कुछ लोग काली मिर्च का काढ़ा बनाकर भी पीते हैं। काली मिर्च औषधीय गुणों से भरपूर होती है। इसमें एंटीबैक्टीरियल, एंटीमाइक्रोबियल, एंटीओबेसिटी और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। ये सभी गुण कई स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने में मददगार हो सकते हैं।

1. पाचन बेहतर बनाए

काली मिर्च पाचन संबंधी समस्याओं को ठीक करने में मदद कर सकता है। काली मिर्च में पाइपरिन होता है, जो पाचन क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकता है। साथ ही पाचन प्रक्रिया को भी बेहतर बनाता है। इससे पाचन से जुड़ी समस्याएं जैसे गैस, कब्ज और अपच से छुटकारा मिल सकता है।

2. सर्दी-जुकाम से राहत दिलाए

काली मिर्च में मौजूद पाइपरिन सर्दी, जुकाम और खांसी की समस्या से भी छुटकारा दिला सकता है। काली मिर्च शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है। जब इम्यूनिटी तेज होती है, तो शरीर को बैक्टीरियल और वायरस से लड़ने में मदद मिलती है। अगर आपको खांसी या जुकाम है, तो काली मिर्च का सेवन जरूर करें।

3. ओरल हेल्थ के लिए लाभकारी

काली मिर्च में एंटीमाइक्रोबियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। ये सभी मुंह में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया को मारते हैं। साथ ही सूजन आदि से भी राहत मिल सकती है। काली मिर्च खाने से दांत भी सुरक्षित रहते हैं। काली मिर्च ओरल हाइजीन को मेंटेन रखने में मदद कर सकता है।

4. वेट लॉस में सहायक

अगर आप वजन घटाना चाहते हैं, तो काली मिर्च का सेवन करना शुरू कर सकते हैं। काली मिर्च में पाइपरिन और एंटीओबेसिटी प्रभाव होते हैं, जो वेट लॉस करने में मदद कर सकते हैं। आप काली मिर्च को खाने में शामिल कर सकते हैं या फिर इसका काढ़ा बनाकर भी पी सकते हैं।

5. जोड़ों के दर्द से राहत दिलाए

काली मिर्च जोड़ों के दर्द को कम करने में भी सहायक हो सकता है। काली मिर्च में एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटीआर्थराइटिस प्रभाव पाया जाता है। ये गुण गठिया की वजह से होने वाले दर्द और सूजन को कम करने में असरदार साबित हो सकते हैं।

6. इंफेक्शन से बचाव

इंफेक्शन से बचने के लिए भी आप काली मिर्च का सेवन कर सकते हैं। काली मिर्च बैक्टीरिया से लड़ने में मदद कर सकता है। काली मिर्च में एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। ये गुण लोगों को बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करते हैं।

काली मिर्च के नुकसान

एक तरफ जहां काली मिर्च सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है, वहीं इसके कुछ नुकसान भी देखने को मिल सकते हैं। काली मिर्च की तासीर बेहद गर्म होती है। इसलिए पित्त प्रकृति के लोगों को काली मिर्च का सेवन करने से बचना चाहिए। छोटे बच्चों को अधिक मात्रा में काली मिर्च खिलाने से बचना चाहिए। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को काली मिर्च का सेवन डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए। काली मिर्च औषधीय गुणों से भरपूर होता है। आप भी काली मिर्च का सेवन कर सकते हैं। लेकिन काली मिर्च की तासीर गर्म होती है, इसलिए इनका सेवन कम मात्रा में ही करना चाहिए। बहुत अधिक मात्रा में काली मिर्च का सेवन करने से बचना चाहिए।

डिसकलेमर:

इस जानकारी की सटीकता, समयबद्धता और वास्तविकता सुनिश्चित करने का हर सम्भव प्रयास किया गया है हालांकि इसकी नैतिक जिम्मेदारी ओन्लीमायहेल्थ डॉट कॉम की नहीं है। हमारा आपसे विनम्र निवेदन है कि किसी भी उपाय को आजमाने से पहले अपने चिकित्सक से अवश्य संपर्क करें। हमारा उद्देश्य आपको जानकारी मुहैया कराना मात्र है।

लिवर के लिए वरदान है बथुआ, डायट में शामिल किया तो मिलेंगे बेहिसाब फायदे

सर्दियों के मौसम में हरी सब्जियों की भरमार रहती है. इम्यूनिटी और सेहत के लिहाज से ये मौसम काफी अच्छा होता है. सर्दियां आते ही आपको कई तरह की हरी पत्तेदार सब्जियां खाने का मौका मिलता है और ये तो हम सभी जानते हैं कि हरी सब्जियां हमारी सेहत के लिए कितनी फायदेमंद हैं.

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर आप कैलोरी कॉन्शियस हैं, तब भी आप बथुआ का सेवन बेहद आसानी से कर सकते हैं. दरअसल, अन्य सभी हरी सब्जियों की तरह, बथुआ में भी कैलोरी काफी कम पाई जाती है. 100 ग्राम बथुआ से आपको लगभग 43 कैलोरी की मिलती है. यानि फिटनेस के लिहाज से हिट है बथुआ.

बथुआ के पत्तों में अमीनो एसिड की उच्च मात्रा पाई जाती है. अमीनो एसिड्स शरीर के लिए बेहद जरूरी माने जाते हैं, क्योंकि यह कोशिका निर्माण और कोशिका की मरम्मत के लिए आवश्यक हैं. ऐसे में बथुआ के पत्ते खाने से आपकी इम्यूनिटी के साथ-साथ सेल्स रिपेयरिंग की क्षमता भी बढ़ती है.

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर आप बथुआ को अपनी डायट का हिस्सा बनाते हैं तो इससे आपके लिवर को भी काफी फायदा मिलता है. इसका अंदाजा आप

इसी बात से लगा सकते हैं कि इसे ब्लड प्यूरिफायर के रूप में जाना जाता है. इसमें मौजूद कंपोनेंट आपके लिवर को टॉक्सिन्स से बचाने में मदद करता है और आपका लिवर रहता है हैप्पी.

हाई फाइबर डायट का सबसे बड़ा काम ये है कि ये आपको ओवर ईटिंग से बचाती है, और वजन को नियंत्रित रखने में मदद देती है. बथुआ में उच्च मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो आपको लंबे समय तक फुल रखता है. इससे ओवर ईटिंग से बच जाते हैं. फाइबर पाचन तंत्र के लिए भी बेहद लाभदायक माना जाता है.

बथुआ में कैल्शियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम और विटामिन ए, सी और बी 6 से भरपूर होता है. ये सभी सूक्ष्म पोषक तत्व आपके शरीर की कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से कार्य करने में मदद करते हैं. हरी पत्तेदार सब्जियां आयरन का भी अच्छा सोर्स होती हैं.